दैनिक ट्रिब्यून

आपकी आवाज

वर्ष/VOL : 42 अंक : 66 ◆ चंडीगढ़/ गुरुग्राम/ बठिंडा ◆ कार्तिक 4 प्रविष्टे, विक्रमी संवत् 2076 ◆ पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 5.00 ◆ Regd. No. CHD/0005/2018-2020

ई-मेल : dt@tribuneindia.com | रविवार, 20 अक्तूबर, 2019 | www.dainiktribuneonline.com



संकल्प पत्र

संकल्प हमारा, खुशहाल हरियाणा

कांग्रेस के संकल्प हैं कि

1 महिलाओं के उत्थान के लिए

- हरियाणा सरकार की सभी नौकरियों में महिलाओं को 33% आरक्षण दिया जाएगा
- पंचायती राज संस्थाओं, नगर पालिका, नगर निगम और नगर परिषदों में महिलाओं को 50% आरक्षण दिया जाएगा
- विधवा महिलाओं, विकलांग, तलाकशुदा, अविवाहित महिलाओं व किन्नर समाज को 5100 रूपये प्रतिमाह पेंशन देंगे
- **BPL महिलाओं को हर महीने 2000 रूपये "चूल्हा खर्च" के तौर पर दिए जाएंगे**
- हरियाणा रोडवेज़ में महिलाओं को मुफ्त यात्रा

2 अनुसूचित जाति व पिछड़े वर्गों के अधिकार के लिए

- पहली से दसवीं तक के छात्रों को 12,000 रुपये और 11वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों को 15,000 रुपये सालाना छात्रवृत्ति
- पिछड़ी जातियों की क्रीमी लेयर को 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रुपये सालाना किया जाएगा
- डॉ.बी.आर. अम्बेडकर आवास योजना के तहत BPL परिवारों को घर निर्माण के लिए सरकार द्वारा 1.5 लाख रूपये व मरम्मत के लिए 50,000 रूपये का आर्थिक सहयोग दिया जाएगा
- सभी सरकारी, अर्द्ध-सरकारी,बोर्ड निगमों में रिक्त पदों के SC/ BC के बैकलॉग को भरा जाएगा
- **महात्मा गांधी बस्ती योजना के तहत अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के लोगों को घर बनाने के लिए 100-100 वर्ग गज के प्लाट फ्री देंगे**

3 युवाओं को रोजगार के लिए

- हर परिवार में योग्यता के अनुसार एक नौकरी का वादा पक्का
- रोजगार मिलने तक ग्रेजुएट को 7,000 और पोस्ट ग्रेजुएट को 10,000 रुपये मासिक भत्ता
- हरियाणा के युवकों/युवतियों को नौकरी में 75% आरक्षण, निजी क्षेत्र के उद्योगों व प्रतिष्ठानों में दिया जाएगा

4 किसानों के कल्याण के लिए

- **किसान/भूमिहीन किसान का कर्ज पहली कलम से 24 घंटे के अंदर माफ़ किया जाएगा**
- प्राकृतिक आपदा से फसल खराब होने पर 12,000 रुपये प्रति एकड़ मुआवजा
- किसान की फसल के एक-एक दाने का एम.एस.पी. दिया जाएगा
- दो एकड़ तक जमीन वाले किसानों को बिजली मुफ्त मिलेगी
- फसल बीमा की किश्त सरकार देगी
- सूखा, प्राकृतिक आपदा इत्यादि से किसान की फसल खराब होने पर मुआवजा 12,000 रूपये प्रति एकड़ सरकार सुनिश्चित करेगी
- किसानों व मजदूर सहकारी समितियों से गांव के किसान, पिछड़ा, अनुसूचित जाति व अन्य समाज के वर्गों द्वारा एक लाख तक के मूलधन की राशि कर्ज पूरी तरह से माफ किया जाएगा
- खेत में काम करते समय किसान की मृत्यु होने पर पांच लाख रूपये व खेती मजदूर की मृत्यु पर तीन लाख रूपये की एकमुश्त आर्थिक सहायता आश्रित पत्नी व बच्चों को दी जाएगी

5 शिक्षा के बढ़ावे के लिए

- हर जिले में एक यूनिवर्सिटी और एक मेडिकल कॉलेज बनेगा
- 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को 12,000 रुपये और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को 15,000 रुपये सालाना वजीफा दिया जाएगा
- हर सरकारी संस्था में मुफ्त वाई-फाई जोन बनाएंगे
- अध्यापक भर्ती के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा

6 सेहतमंद हरियाणा के निर्माण के लिए

- हर प्रदेशवासी को स्वास्थ्य कार्ड दिया जाएगा, गरीबों का मुफ्त इलाज किया जाएगा
- हरियाणा के सभी गांव और ढाणी तक एक ऐम्बुलेंस की सुविधा दी जाएगी
- कांग्रेस की सरकार बनते ही हर ब्लॉक स्तर पर नशा छुड़ाओ केंद्र खोले जाएंगे जहां मरीजों को मुफ्त इलाज, दवाएं और विशेषज्ञ डाक्टरों की सलाह दी जाएगी
- नशे में लिप्त अपराधियों को पकड़ने के लिए STF (Special Task Force) का गठन किया जाएगा

7 कर्मचारियों की भलाई के लिए

- हरियाणा राज्य के सभी कर्मचारियों को पंजाब राज्य के बराबर वेतन और भत्ते दिए जाएंगे
- कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि पुरानी पेंशन योजना की सर्वोत्तम विशेषताओं को नई पेंशन योजना के अंदर समाहित करके शीघ्रातिशीघ्र लागू किया जाएगा
- हमारी सरकार 7वें वेतन आयोग को 1 जनवरी 2016 से पूरी तरह लागू करेगी

8 मजदूर विकास के लिए

- हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर न्यूनतम वेतन दर में इस प्रकार से वृद्धि की जाएगी
  - कुशल कारीगर 14,000 रूपये प्रतिमाह
  - अर्द्ध कुशल कारीगर 13,000 रूपये प्रतिमाह
  - अकुशल कारीगर 12,000 रूपये प्रतिमाह
  - सभी मजदूरों को ESI कार्ड देंगे

9 बिजली दरों में कटौती के लिए

- हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर घरेलू बिजली दर इस प्रकार होंगी-
  - **300 यूनिट प्रतिमाह तक फ्री**
  - **300 से अधिक यूनिट प्रतिमाह पर रेट आधा होगा**

अन्य

- **वृद्धावस्था पेंशन 5100 रुपये प्रतिमाह दी जाएगी और पेंशन की उम्र पुरुषों के लिए 58 और महिलाओं के लिए 55 साल होगी**
- नए मोटरवाहन कानून के तहत मनमाने तरीके से हो रही भारी भरकम जुर्माना वसूली को कानून में संशोधन करके खत्म किया जाएगा
- शहर की मौजूदा (2019) सभी अवैध कॉलोनियों को वैध करके मूलभूत सुविधा देंगे

21 अक्तूबर
को हाथ के निशान वाला बटन दबाएं,
इब्बकै कांग्रेस को जिताएं

इब्बकै कांग्रेस

epaper.dainiktribuneonline.com

प्रचार के आखिरी दिन अपने हलके करनाल में आए मुख्यमंत्री खट्टर, बोले

जनसहयोग से हमने 5 वर्षों में लड़ी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई

करनाल/सोनीपत, 19 अक्तूबर (हप्र)

मुख्यमंत्री एवं करनाल हलके से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल खट्टर ने शनिवार को प्रचार के आखिरी दिन शहर में रोड शो निकाला। उन्होंने कहा, जब मैंने नामांकन भरा था तो करनाल की जनता ने उन्हें आश्वासन दिया था कि आप हरियाणा में चुनाव प्रचार करिये, करनाल की जनता खुद आपके लिए वोट मांगेगी, जिसके चलते वे समूचे प्रदेश में भाजपा उम्मीदवारों का प्रचार कर पाए।

खट्टर ने कहा कि पिछले 5 सालों में हमने जनसहयोग से साफ व स्वच्छ राजनीति की है, हमने कोई भेदभाव नहीं किया और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी। अब जनता के सहयोग से फिर ईमानदारी से सरकार चलाएंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जनता के हित के लिए भाजपा कार्य कर रही है। पिछले चुनाव में करनाल की जनता ने उन्हें विधायक बनाया था जिस कारण ही वे मुख्यमंत्री बन पाए। बीते पांच सालों में भाजपा सरकार ने किसानों, दुकानदारों, उद्योगपतियों, महिलाओं, युवाओं और हर वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए कार्य किए।

वहीं सोनीपत में मुख्यमंत्री खट्टर ने भाजपा उम्मीदवार कविता जैन के समर्थन में रोड शो किया। उन्होंने कहाकि विधायक चुनना सोनीपत की जनता की जिम्मेदारी और कविता जैन को ताकत देना उनका काम है। उन्होंने कहा कि शहर में जो विकास भाजपा सरकार के समय में हुआ है, उतना पूर्व में कभी नहीं हुआ। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी कविता जैन ने कहा कि इलाके की सेवा के लिए उन्होंने जो मेहनत की है, उसका प्रतिफल है कि आज मुख्यमंत्री मनोहर लाल लोगों से सीधा संवाद करने पहुंचे हैं। सीएम के पूर्व मीडिया एडवाइजर राजीव जैन ने रोड शो के दौरान मंच संभाला। इस मौके पर पूर्व विधायक अनिल ठक्कर ने माहौल को सारे नेता थल्ले-थल्ले, साडा मनोहर बल्ले-बल्ले कहकर खुशनुमा बना दिया।

करनाल में शनिवार को प्रचार के आखिरी दिन मुख्यमंत्री एवं हलके से भाजपा उम्मीदवार मनोहर लाल खट्टर रोड शो निकालते हुए। -सईद अहमद

कुछ लोग सोनीपत को मानने लगे थे अपनी जायदाद

मुख्यमंत्री खट्टर ने सोनीपत में रोड शो के दौरान कहा कि कुछ लोगों ने सोनीपत की राजनीति को अपनी जायदाद मान लिया था। लेकिन वर्ष 2009 में कविता जैन ने सोनीपत में कमल खिलाया और लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने यहां कमल खिलाकर इस रियासत को खत्म कर दिया। हरियाणा की जनता के प्रेम, उत्साह की बदौलत यह रिकार्ड कायम हुआ है। उन्होंने दावा किया कि सोनीपत की सीट हम बड़े अंतर से जीत रहे हैं, लेकिन हमें 6/6 का परिणाम चाहिए। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कविता जैन के साथ रोहतकी का संबंध जोड़ते हुए कहा कि बीते पांच साल में इलाके में बेहतर काम हुए हैं। इस गति को तेज करने तथा बचे हुए कामों को पूरा करना हमारी प्राथमिकता है।

नारनौंद (निस): जजपा नेता दुष्यंत चौटाला के पास तो ताले की नकली चाबी है। जबकि असली खजाने के मालिक कैप्टन अभिमन्यु हैं और आगे भी रहेंगे। यह बात अनाजमंडी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कही। उन्होंने कहा कि जजपा के लोग गपोड़ी हैं और हर अच्छी बात का भी बुरा प्रचार करते हैं। हालांकि उन्हें बाद में कई बार माफी भी मांगनी पड़ी है।

प्रचार के आखिरी दिन पूर्व सीएम हुड्डा ने कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में लगाया जोर, बोले

वोट उसे दें, जिसने काम करके दिखाया हो, वोट काटुओं और जुमले वालों से बचें

रोहतक, समालखा/सोनीपत, 19 अक्तूबर (निस/हप्र)

पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस विधायक दल के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शनिवार को प्रचार के आखिरी दिन कहा कि प्रदेश में चुनावी हवा बदल चुकी है। जनता फिर से प्रदेश की बागडोर कांग्रेस को सौंपने का मन बना चुकी है। प्रदेश के बदलते राजनीतिक हालात इशारा कर रहे हैं कि निश्चित रूप से पूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। हुड्डा यहां पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की विदाई में अब समय कम ही बचा है, इसलिए जागू (सचेत) रहो और लागू रहो (कार्यशील) और वोटकाटुओं और जुमले वालों से बचकर रहो। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने 2004 के घोषणा पत्र में जो वादे किए, उन्हें पूरा किया। 2009 के घोषणा पत्र में जो वादे किए, उनको पूरा किया लेकिन भाजपा ने 2014 में 154 वादे किए मगर एक वादा भी पूरा नहीं किया।

- दावा-पूर्ण बहुमत से बन रही कांग्रेस सरकार
- आरोप-भाजपा ने 2014 में किया एक भी वादा नहीं किया पूरा

वहीं पानीपत के समालखा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि किसी तरह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, प्रदेश में बहुमत के साथ कांग्रेस की वापसी हो रही है। उनके साथ राजस्थान के डिप्टी सीएम एवं युवा नेता सचिन पायलट भी मौजूद रहे। इस दौरान हुड्डा ने कहा कि उन्होंने प्रचार की शुरुआत कलायत और मुलाना से की तथा अंतिम कार्यक्रम इसराना में किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का सीधा मुकाबला सिर्फ भाजपा से है। हुड्डा ने कहा कि हमें पता है कि वादे कैसे पूरे किए जाते हैं। इसलिए सोच-समझ कर और जांच-परख कर वादे करते हैं। भाजपा वालों की तरह हम झूठ नहीं बोलते। जिन वादों को पूरा किया जा सकता है, वही वादे किए गये हैं। वहीं राजस्थान के डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की तरक्की और खुशहाली की सोच रखने वाली पार्टी है।

गन्नौर (निस): पूर्व सीएम हुड्डा ने आहुलाना गांव में कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप शर्मा के समर्थन में प्रचार करते हुए कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार ने हरियाणा में पिछले 5 सालों में कोई नयी सौगात तो दी नहीं, बल्कि कांग्रेस सरकार के समय जो हजारों करोड़ रुपये की लागत वाले प्रोजेक्ट मंजूर कराये थे, उनको भी हरियाणा से बाहर ले गए। अगर हरियाणा में बेरोजगारी के हालात इतने भयावह हैं कि मारुति फैक्टरी को भी अपना उत्पादन बीच में ही बंद करना पड़ा।

बाढड़ा में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा जनसभा को संबोधित करते हुए। -निस

'प्रदेश में घूम कै देख लिया, राज थारा ए बन रहया सै'

झज्जर (हप्र): पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने यहां लोगों से कहा कि उन्होंने पूरे हरियाणा में घूम कै देख लिया राज थारा ए बन रहया सै। हुड्डा शनिवार को बेरी हलके के सबसे बड़े गांव छारा में सभा को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. रघुबीर सिंह कादयान के समर्थन में प्रचार किया।

'सत्ता में आते ही किसानों का कर्ज माफ, सम्मान भत्ता देंगे'

बाढड़ा (निस): पूर्व सीएम हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने जैसे पिछली बार सत्ता में आते ही बिजली बिल माफ किए थे, उसी तर्ज पर इस बार सत्ता में आते ही किसानों का सारा कर्ज माफ करेंगे, वहीं बुजुर्गों को सम्मान भत्ते के 51 सौ रुपये देंगे। वे कस्बे के ढिगावामंडी रोड पर कांग्रेस प्रत्याशी रणबीर सिंह महेंद्रा के समर्थन में रैली को संबोधित कर रहे थे।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने साधा भाजपा पर निशाना, बोले

मोदी विदेश में देश की बात करते हैं पर हरियाणा में आकर यहां की नहीं करते

■ कहा-भावनात्मक रूप से लोगों को किया जा रहा गुमराह

ट्रिब्यून न्यूज सर्विस
चंडीगढ़, 19 अक्तूबर

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को यहां कहा कि मोदी-शाह की जोड़ी जिस ढंग से एक साजिश के तहत देश की राजनीति को भावनात्मक रूप देकर लोगों को गुमराह कर रही है, वह देश में लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के लिए खतरे की घंटी है। गहलोत विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन चंडीगढ़ में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

गहलोत ने कहा, कांग्रेस की 70 साल की उपलब्धियों का परिणाम ही है कि आज देश हर खतरे का डट कर सामना करने के योग्य है। मोदी जी इन उपलब्धियों को चाहे जितना भी नकारें, सारी दुनिया इनसे भली-भांति परिचित है। उन्होंने कहा कि पीएम देश की बातें विदेश में जाकर करते हैं। चाहे चीन हो या अमेरिका, लेकिन हरियाणा विधानसभा के चुनाव में उन्होंने हरियाणा की कोई बात नहीं की।

गहलोत ने कहा कि मोदी जी ने इस बात की चर्चा भी नहीं की कि खट्टर सरकार की अयोग्यता के कारण पिछले पांच वर्षों में राज्य में कितने उद्योग बंद हुए हैं, कितनी बेरोजगारी बढ़ी है। किसानों को कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और महिलाएं एवं आम जनता किस भय के वातावरण में जी रहे हैं। हरियाणा की बेरोजगारी को दूर कैसे किया जाएगा, इसका विजन न तो केंद्रीय नेताओं ने जनता के सामने रखा और न ही भाजपा की राज्य सरकार इसका जवाब दे पाई।

चंडीगढ़ में शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व अन्य नेता।

प्रदेश में आकर विश्व की बात कर रहे भाजपाई

गहलोत ने कहा कि भाजपा के बड़े-बड़े नेता आ रहे हैं और यहां आकर पूरे विश्व की बात करके हरियाणा के वोटर को मूर्ख बनाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा दिग्गजों को नसीहत देते हुए गहलोत ने कहा, अगर राज्य सरकार ने पांच वर्षों में अच्छे कार्य किये होते तो प्रदेश की उपलब्धियों पर वोट मांगे जाते। भाजपा के साथ लोगों को बताने के लिए कुछ नहीं है। इसीलिए लोकसभा चुनाव की तर्ज पर विस में भी राष्ट्रीय मुद्दों को भुनाने की कोशिश हुई।

नारनौल (हप्र): राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नारनौल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राव नरेंद्र सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। गहलोत ने कहा की हरियाणा कांग्रेस ने आज तक जो भी वादे किए उनको हमेशा पूरा किया है।

कांग्रेस का तीखा वार

खट्टर सरकार ने तोड़े घोटालों के सभी रिकार्ड

चंडीगढ़ (ट्रिन्यू): हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन कांग्रेस ने सत्तारूढ़ भाजपा पर बड़े हमले किये। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि राज्य की खट्टर सरकार ने घोटालों के सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं। भ्रष्टाचार में डुबी भाजपा सरकार ने न केवल प्रदेश को कर्जदार बनाया बल्कि कई विभागों में सैकड़ों हजार करोड़ रुपये के घोटाले भी अंजाम दिये। शनिवार को चंडीगढ़ स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में खेड़ा ने कहा कि भाजपा की जमीन पूरी तरह से खिसक चुकी है और प्रदेश की जनता सबक सिखाने का फैसला कर चुकी है। उन्होंने कहा कि रोडवेज विभाग में प्राइवेट कंपनियों की बसों को किमी स्कीम के तहत हायर करने की योजना में सैकड़ों करोड़ रुपये का घोटाला किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली निगमों के मीटर खरीद में और ओवरलोडिंग के नाम पर सैकड़ों करोड़ के घोटाले हुए हैं। एचसीएस अधिकारी लाखों की नकदी के साथ पकड़े गये। माइनिंग में हजारों करोड़ के घोटाले भाजपा नेताओं ने किये हैं।

पैरा-मिलिट्री फोर्स की 130 कंपनियां, 75 हजार से ज्यादा जवान संभालेंगे मोर्चा

■ चुनाव प्रचार थमा, आज घर-घर जाकर मांगेंगे वोट, सोमवार को होगा मतदान

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

हरियाणा में विधानसभा चुनाव का शोर थम गया है। शनिवार को शाम छह बजे तक अधिकांश राजनीतिक दलों ने रैलियों, रोड-शो के जरिये अपना शक्ति प्रदर्शन किया। रविवार को प्रत्याशी घर-घर जाकर प्रचार करेंगे, वह भी बिना किसी लाउडस्पीकर और भीड़ के। प्रदेश में विधानसभा की 90 सीटों के लिए सोमवार को मतदान होगा।

राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। सुरक्षा की नजर से केंद्रीय गृह मंत्रालय से हरियाणा को पैरा-मिलिट्री फोर्स की 130 कंपनियां मिली हैं। वहीं हरियाणा पुलिस व होमगार्ड के जवान सुरक्षा में तैनात रहेंगे। संवेदनशील और अति-संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात रहेगी। डीजीपी मनोज कुमार यादव ने कहा कि मतदान के लिए 75 हजार से अधिक सुरक्षा कर्मी ड्यूटी संभालेंगे।

- संवेदनशील, अतिसंवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त बल होंगे तैनात
- पुलिस का दावा, प्रदेश में अभी कोई अप्रिय घटना नहीं

उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों द्वारा अंतरराज्यीय सीमाओं को सील करने के लिए अपने एरिया में अधिकतम पुलिसबल की तैनाती की जाएगी। पुलिस जवानों के अलावा सभी रेंज एडीजीपी/आईजी, पुलिस आयुक्त और जिला एसपी को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने एरिया में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोई कसर न छोड़ें। सभी राजनीतिक दलों द्वारा किए जा रहे चुनावी प्रचार के बावजूद, प्रदेश में हिंसा या कानून व्यवस्था से संबंधित कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है और स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। असामाजिक तत्वों को डीजीपी ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार से चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने के प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विर्क ने कहा कि मतदान के दिन अवैध गतिविधियों पर पूर्ण रूप से शिकंजा कसने के लिए होटल, सराय या ऐसे अन्य स्थान जिनका उपयोग बाहरी लोगों के ठहरने के लिए किया जा सकता है पर चैकिंग बढ़ा दी गई है।

ऐसी होगी प्रदेश में सुरक्षा-व्यवस्था

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) नवदीप सिंह विर्क ने कहा कि चुनाव के दौरान विशेष सुरक्षा व्यवस्था के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 130 कंपनियों को तैनात किया गया है। कड़ी चौकसी और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य पुलिस के 26,896 जवान, 22,806 होमगार्ड, 7,936 विशेष पुलिस अधिकारी और 6,001 पुलिस ट्रेनीज को चुनाव ड्यूटी में लगाया है।

21 सीनियर अधिकारी होंगे फील्ड में

विर्क ने कहा कि कानून-व्यवस्था से संबंधित किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए 21 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भी विभिन्न जिलों में तैनात किया गया है। पुलिस बलों द्वारा फ्लैग मार्च भी किया जा रहा है ताकि वे मतदान के दिन भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। विर्क ने कहा कि मतदान के दिन डीजीपी स्वयं सुबह 6 बजे से पुलिस मुख्यालय से पूरी सुरक्षा व्यवस्था का समन्वय और निगरानी करेंगे।

भाजपा के महारथी जुटे रहे, कांग्रेस से आए सिर्फ राहुल

हरीश लखेड़ा/ट्रिन्यू/ नयी दिल्ली: हरियाणा में प्रचार का शोर थमने के बाद अब निगाहें सोमवार को होने वाले मतदान पर टिक गई हैं। इस बार चुनाव प्रचार में भाजपा के लगभग सभी राष्ट्रीय नेता मैदान में थे, जबकि कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी ने दो-दो दिन ही प्रचार किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हरियाणा में चुनाव प्रचार करते नहीं दिखे। भाजपा और कांग्रेस के लिए इन दोनों राज्यों के चुनाव अहम हैं। भाजपा के लिए इसलिए महत्वपूर्ण हैं कि नरेंद्र मोदी के दोबारा प्रधानमंत्री बनने के बाद दोनों राज्यों की विधानसभाओं के ये पहले चुनाव हैं। इन दोनों राज्यों में भाजपा के लिए सत्ता में लौटने की चुनौती है। इसलिए मोदी और भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत प्रमुख मंत्रियों व पार्टी के लगभग सभी बड़े नेताओं ने चुनाव प्रचार के लिए हरियाणा और महाराष्ट्र का कोना-कोना छान मारा। शनिवार को भी मोदी हरियाणा में थे, जबकि शाह महाराष्ट्र में प्रचार में जुटे थे। चुनाव प्रचार में मुख्यमंत्री मनोहरलाल की मदद के लिए इनके अलावा रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई नेता भी जुटे रहे। वहीं कांग्रेस के तीनों बड़े नेताओं पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका वाड्रा में से महज राहुल गांधी ही चुनाव प्रचार करते रहे। वैसे राहुल महाराष्ट्र में और हरियाणा में प्रचार के लिए मात्र दो-दो दिन ही गए। हरियाणा के लिए राहुल का एक ही दिन का कार्यक्रम था। सोनिया का शुक्रवार को हरियाणा के महेंद्रगढ़ में चुनाव प्रचार का कार्यक्रम अंतिम समय में टलने से राहुल को वहां जाना पड़ा। जबकि प्रियंका नेताओं के आग्रह के बावजूद प्रचार के लिए नहीं गई। हरियाणा में पूरा दारोमदार प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कंधों पर रहा।

करनाल में त्रिलोचन सिंह ने निकाला रोड शो

करनाल, 19 अक्तूबर (हप्र)

कांग्रेस प्रत्याशी त्रिलोचन सिंह ने आज पैदल मार्च निकालते हुए कहा कि वे करनाल के बाशिंदों को उनका हक दिलवाने के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं। उनकी प्राथमिकता करनाल का चहुंमुखी विकास है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल से उनकी कोई निजी लड़ाई नहीं है। उनकी लड़ाई तो करनाल के हक को लेकर है। जोकि जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि करनाल के लोगों को रोजगार नहीं मिला है।

चालती चाक्की — सत्यवीर नाहड़िया

माया न्यारी बोट की, कहते सभी सुजान।
बोट-बोट हो कीमती, रखणा इतना ध्यान।
रखणा इतना ध्यान, मान सै दिखे बढ़ाणा।
अपणे मन की बात, बोट तै खूब बताणा।
बोट्टर हो भगवान, बोल यो पूरा पाया।
न्यारी इसकी आन, बोट की न्यारी माया।।

राजनीतिक बैठकों तथा जनसभाओं पर रहेगी पाबंदी

शाम 6 बजे तक लाइन में लगे सभी मतदाता कर सकेंगे वोट

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल का कहना है कि प्रदेश में अब चुनाव प्रचार पूरी तरह से थम गया है। अब मतदान होने तक कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार किसी भी प्रकार की राजनीतिक बैठक या जनसभा नहीं कर सकेगा। चुनाव आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि अब निर्वाचन क्षेत्रों में केवल चुनाव एजेंट ही ठहर सकेंगे। उन्होंने जिला अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि सभी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं, नेताओं व प्रचारकों के अलावा बाहरी लोगों को संबंधित हलकों से बाहर किया जाए। अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों के लिए 21 अक्तूबर को सुबह 7 बजे से शाम को 6 बजे तक वोटिंग होगी। अग्रवाल ने कहा कि वोटिंग के लिए शाम को 6 बजे तक लाइन में लगने वाले सभी मतदाताओं को मताधिकार का इस्तेमाल करने का मौका दिया जाएगा।

अग्रवाल ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-126 के तहत मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की समयावधि के दौरान किसी भी तरह का प्रचार-प्रसार बंद हो जाता है। इस समयावधि में कोई भी उम्मीदवार न तो किसी तरह की जनसभा आयोजित कर सकता है और न ही उसमें शामिल हो सकता है। इस दौरान किसी भी तरह की चुनावी सामग्री को सिनेमा, टेलीविजन या अन्य उपकरणों के माध्यम से प्रदर्शित नहीं किया जा सकता है। मतदान क्षेत्र में चुनाव से पहले प्रतिबंध यानी मतदान होने से पहले 48 घंटे की अवधि के दौरान आमजन को लुभाने की दृष्टि से म्यूजिक कॉन्सर्ट या थियेटर प्रोग्राम या अन्य मनोरंजक कार्यक्रम के माध्यम से प्रचार नहीं किया जा सकता। इस दौरान लाउडस्पीकर के प्रयोग पर प्रतिबंध रहेगा, पोलिंग बूथ के 100 मीटर की परीधि में कोई भी उम्मीदवार या राजनीतिक पार्टी अपना प्रचार नहीं कर सकती है।

प्रत्याशी कर सकेंगे सिर्फ एक गाड़ी इस्तेमाल

हरियाणा के संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. इंद्रजीत ने कहा कि आयोग की हिदायतों के अनुसार विधानसभा आम चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार को मतदान के दिन केवल एक ही गाड़ी के प्रयोग की अनुमति है। गाड़ी में ड्राइवर सहित 5 लोगों से ज्यादा के बैठने की अनुमति नहीं होगी। उम्मीदवार या उसके चुनावी एजेंट के उपयोग के लिए आवंटित वाहन किसी अन्य व्यक्ति द्वारा प्रयोग नहीं किया जाएगा। इसी तरह से उम्मीदवार के चुनावी एजेंट या कार्यकर्ताओं को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक गाड़ी को प्रयोग करने की अनुमति होगी।

लहरें में आज पढ़े
सर्दी में गुनगुनी घुमक्कड़ी

दैनिक ट्रिब्यून

आपकी आवाज

वर्ष/VOL : 42 अंक : 66 ◆ चंडीगढ़/ गुरुग्राम/ बठिंडा ◆ कार्तिक 4 प्रविष्टे, विक्रमी संवत् 2076 ◆ पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 5.00 ◆ Regd. No. CHD/0005/2018-2020

ई-मेल : dt@tribuneindia.com

रविवार, 20 अक्तूबर, 2019

www.dainiktribuneonline.com

रोहित का शतक, भारत के 224 रन
पेज 9

ब्रिटिश सांसदों ने ब्रेग्जिट टालने के पक्ष में किया मतदान

लंदन (एजेंसी) : ब्रिटेन की संसद में 37 साल में पहली बार एक ऐतिहासिक सप्ताहांत संसदीय सत्र में सांसदों ने प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के ब्रेक्जिट समझौते में देर कराने वाले एक प्रस्ताव का समर्थन करने के लिये मतदान किया। जॉनसन को झटका देते हुए 306 के मुकाबले 322 सांसदों ने ब्रेक्जिट में देर कराने वाले महत्वपूर्ण संशोधन पर वोट दिया। उधर, जॉनसन ने शनिवार को मतदान के तुरंत बाद संसद में घोषणा की कि वह ब्रेक्जिट की समयसीमा बढ़ाने की मांग अक्तूबर के अंत तक नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि वह 31 अक्तूबर तक ब्रिटेन को यूरोपीय संघ से निकालने के लिये सब कुछ करेंगे।

आज के अंक के साथ 4 पेज का साप्ताहिक 'लहरें' भी शामिल है।

ताऊ बोल्या संदीप जोशी

हवा बनाने के लिए पूरी ताकत झोंकी उम्मीदवारों ने

दिल्ली, पंजाब की हवा में प्रदूषण घणा सै, तौं तो बस अपणी ए हवा तै काम चला।

फूलों भरी हो या कंटीली डगर ...नजर कल पर

शनिवार को हरियाणा में चुनावी शोर थम गया है। दिनभर तमाम नेताओं ने प्रचार में पूरी ताकत झोंकी। यह तस्वीर करनाल की है। नेताओं के रोड शो के बाद राह पर बिखरीं गुलाब की पंखुड़ियां। इन राहों से नेता तो निकल गये। अब सबकी नजर सोमवार पर है जब जनता अपना फैसला देगी। फोटो : सईद अहमद

प्रचार थमा, कल मतदाताओं की बारी

ट्रिब्यून न्यूज सर्विस
चंडीगढ़, 19 अक्तूबर

हरियाणा विधानसभा के 21 अक्तूबर को होने वाले चुनाव के लिए प्रचार शनिवार शाम थम गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश के करीब 1.83 करोड़ मतदाताओं के लिए 19578 मतदान केंद्र बनाए गये हैं। इनमें से 13837 ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किए गये हैं। कुल 29400 बैलेट यूनिट, 24899 कंट्रोल यूनिट और 27611 वीवीपैट मशीनों का उपयोग किया जाएगा। विधानसभा की 90 सीटों के लिए 105 महिलाओं सहित 1169 प्रत्याशी मैदान में हैं। पुलिस महानिदेशक मनोज यादव ने बताया कि व्यापक व्यवस्था की गई है, करीब 75 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी।

महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिए भी सोमवार को मतदान होना है। इसके अलावा हिमाचल की 2, पंजाब की 4 और यूपी की 11 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए भी शनिवार शाम प्रचार खत्म हो गया। हिमाचल के धर्मशाला, पच्छाद और पंजाब के मुकेरियां, जलालाबाद, दाखा तथा फगवाड़ा में भी सोमवार को वोटिंग होगी।

बच्चन बोले-दुआओं के लिए धन्यवाद, अफवाहें न फैलायें

मुंबई, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

महानायक अमिताभ बच्चन ने शनिवार देर रात ब्लॉग लिखकर अपने प्रशंसकों को बताया कि वह पूरी तरह स्वस्थ हैं और उन्होंने अपनी सेहत को लेकर फैलाई जा रही अफवाहों की आलोचना की। बच्चन को नियमित जांच के बाद शुक्रवार को नानावती अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। बच्चन ने लिखा, 'पेशेवर दस्तावेजीकरण की संहिता को न तोड़िए। बीमारियां और चिकित्सकीय दशाएं गोपनीय व्यक्तिगत अधिकार हैं। इसका दोहन और वाणिज्यिक इस्तेमाल की कोशिश सामाजिक न्याय के विरुद्ध है... इसका सम्मान कीजिए और इसे समझिए। दुनिया में हर चीज बेचने के लिए नहीं है।' 11 अक्तूबर को 77 साल के हुए इस वरिष्ठ अभिनेता के बारे में इस सप्ताह के शुरू से ही यह खबर आ रही थी कि वे लीवर की समस्या से जूझ रहे हैं। हालांकि, अस्पताल सूत्रों ने बताया, 'वे नियमित जांच के लिए अस्पताल आए थे। वे स्वस्थ हैं।'

370 के खिलाफ खड़ी कांग्रेस को जनता सजा देगी : मोदी

रेवाड़ी/सिरसा, 19 अक्तूबर (निस)

विधानसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अनुच्छेद 370 के खिलाफ खड़ी कांग्रेस को हरियाणा की जनता जरूर सजा देगी। रेवाड़ी में रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस को कश्मीर की माताओं से ज्यादा कुर्सी की चिंता है। इन वीर माताओं का अपमान करने वाली कांग्रेस का यहां की जनता ने लोकसभा चुनावों में सफाया किया था, अब प्रदेश में भी उसकी ऐतिहासिक पराजय तय है। प्रधानमंत्री ने कहा, इस चुनाव में यह मुद्दा नहीं है कि कौन विधायक बने, बल्कि मकसद है कि प्रदेश के लिए स्वच्छ, सक्षम सरकार बने। कांग्रेस की सरकार में दल व दिल तोड़े जाते थे, हमारे लिए दल से बड़ा देश है। पानी की कमी पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्षा का पानी हो या पाकिस्तान की तरफ बहने वाला, एक-एक बूंद हरियाणा को सींचने के लिए दिया जाएगा।

ऐलनाबाद के मल्लेकां में प्रधानमंत्री ने कहा कि कश्मीर में कांग्रेस ने 2-3 परिवारों को लूटने की खुली छूट दे रखी थी। वहां का कैलेंडर अलगाववादी और आतंकवादी तय करते थे, लेकिन मैंने आपसे मिली ताकत से 370 को खत्म कर दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जिसे भीमराव अम्बेडकर ने एक अस्थायी प्रावधान कहा था, वह 70 साल तक बना रहा, लेकिन कांग्रेस ने उस बारे में कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस की गलत नीतियों और रणनीति ने देश को बर्बाद कर दिया।'

यह भी बतायें कांग्रेस सरकार में हुए पाक के टुकड़े : सिब्बल

नयी दिल्ली, 19 अक्तूबर (ट्रिब्यून)

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह चुनावी लाभ के लिए अनुच्छेद 370 के मुद्दे का इस्तेमाल कर रहे हैं। हरियाणा और महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने कहा, 'चुनाव आते ही मोदी और शाह असली मुद्दों को भूल जाते हैं। वे कभी एनआरसी और कभी अनुच्छेद 370 की बात करते हैं। उन्हें जनता को यह भी बताना चाहिए कि कांग्रेस की सरकार में पाकिस्तान के दो टुकड़े हुए।'

सिब्बल ने आंकड़े जारी कर दावा किया कि इसी अनुच्छेद के कारण जम्मू-कश्मीर कई मामलों में हरियाणा, महाराष्ट्र से आगे रहा। सिब्बल ने कहा, 'हर चीज सावरकर की आंखों से देखी जा रही है। कांग्रेस उन सबका सम्मान करती है, जिन्होंने इस देश की सुरक्षा की, चाहे वो सावरकर हो, चाहे कोई और हो। मोदी को बताना चाहिए कि वे गांधी जी के भक्त हैं या सावरकर के या दोनों के।'

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने नोबेल के लिए चयनित अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी के संदर्भ में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की टिप्पणी को लेकर तंज कसा। उन्होंने कहा, मंत्रियों का काम कॉमेडी सर्कस चलाना नहीं, अर्थव्यवस्था को सुधारना है।

कमलेश तिवारी हत्याकांड

मिठाई के डिब्बे से गुजरात में 3 संदिग्धों तक पहुंची पुलिस

लखनऊ, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

हिन्दू समाज पार्टी के नेता कमलेश तिवारी की हत्या के मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस मिठाई के एक डिब्बे से मिले सुराग के आधार पर सूरत में 3 संदिग्धों तक पहुंच गयी है। मोहसिन शेख, फैजान और राशिद अहमद नाम के इन संदिग्धों को गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने गिरफ्तार कर लिया है। यूपी के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने शनिवार सुबह संवाददाता सम्मेलन में बताया कि तिवारी के परिजनों की तरफ से दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बिजनौर निवासी अनवारूल हक और नईम काजमी के नाम हैं, उन्हें भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सिंह ने बताया कि सूचनाएं और सुराग मिलने के बाद मामले के तार गुजरात से जुड़े होने के संकेत मिले।

शेष पेज 10 पर

प्रधानमंत्री ने रेवाड़ी और सिरसा में पार्टी प्रत्याशियों के लिए की रैली

ईमानदारी से सेवा करो तो मिलता है काम का दोबारा मौका : मोदी

तरुण जैन/नरेश जैन
रेवाड़ी/सिरसा, 19 अक्तूबर (निस)

रेवाड़ी में शनिवार को रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते पार्टी प्रत्याशी, साथ हैं राव इंद्रजीत सिंह। -निस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वे कुर्सी के लिए नहीं, देश के सवा सौ करोड़ लोगों के लिए जीते हैं। वे शनिवार को रेवाड़ी में आयोजित में बोल रहे थे। इस दौरान मंच पर दो केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व नरेंद्र तोमर भी उपस्थित थे। रैली अहीरवाल के 14 पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में रखी गई थी। मोदी ने कहा कि उन्हें हरियाणा के कई शहरों में जाने व लोगों से बातचीत करने का मौका मिला। यहां भाजपा की लहर साफ दिखाई दे रही है। यह सबूत है कि जब ईमानदारी से जनता की सेवा की जाए तो वह सम्मान देती है और दोबारा काम करने का मौका भी देती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 'तेजस' को डिब्बे में बंद करने की तैयारी कर ली थी। अब वह सेना का हिस्सा बन चुका है।

मोदी ने कहा कि पांच साल पहले हरियाणा में केवल घोटालों की चर्चा होती थी। अब घोटालों की चर्चा नहीं होती, क्योंकि पांच साल में प्रदेश की तस्वीर बदल गई है। उन्होंने दोनों हाथ उठवाकर भाजपा प्रत्याशियों के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि वे वोट नहीं अशीर्वाद लेने आए हैं। मोदी रैली में लगभग दो घंटे देरी से पहुंचे। मंच पर रेवाड़ी के प्रत्याशी सुनील यादव, कोसली के लक्ष्मण सिंह यादव, बावल के डा. बनवारी लाल सहित सभी प्रत्याशी मौजूद थे। केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने मोदी का स्वागत करते हुए उन्हें पगड़ी पहनाई। भिवानी महेंद्रगढ़ के सांसद चौ. धर्मबीर ने पुष्प और पूर्व सैनिक मेजर डा. टीसी राव ने उन्हें सेना की कैप भेंट की। इस मौके पर विधायक उमेश अग्रवाल, संतोष यादव, विक्रम यादव, ओमप्रकाश, अभय सिंह, पूर्व मंत्री जगदीश यादव, वीर कुमार यादव, गोपीचंद गहलोत, गोविंद भारद्वाज, सतीश खोला, योगेंद्र पालीवाल उपस्थित थे।

सिरसा में पीएम मोदी ने कहा कि हमारे धार्मिक स्थल करतारपूर साहिब के बीच जो दूरी थी, वह अब खत्म होने वाली है। 70 साल बाद अब इस गुरुघर को बिना दूरबीन देखा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि करतारपूर कॉरिडोर लगभग पूरा बन चुका है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को जाने वाले पानी को रोका जाएगा और हमारे किसानों के खेतों तक पहुंचाया जाएगा। पीएम ने इनेलो पर तंज कसते हुए कहा कि एक कुनबा आपस में मलाई बांटने के लिए लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में किसानों को खेतों में, माताओं-बहनों को घर में पानी मिले, इसके लिए साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि मनोहर सरकार ने हरियाणा में खर्ची और पर्ची पर ताला लगा दिया है।

याद आयी बाजरे की रोटी और छाछ

रेवाड़ी (निस) : पीएम मोदी ने कहा कि रेवाड़ी से उनका विशेष लगाव रहा है। उन्होंने कहा कि 15 सितंबर 2013 का दिन वे कभी नहीं भूल सकते। 13 सितंबर को पार्टी ने उन्हें पीएम पद का उम्मीदवार घोषित किया था तो दो दिन बाद ही 15 सितंबर को उनका पहला सार्वजनिक कार्यक्रम इसी वीरों की भूमि रेवाड़ी में हुआ था। उन्होंने कहा कि यहीं से उनके जीवन की नयी यात्रा शुरू हुई थी। इसके लिए उन्हें रेवाड़ी से ही ऊर्जा मिली थी। उन्होंने कहा कि यहां खाई हुई बाजरे की रोटी और छाछ अभी भी उन्हें याद है। ये उसी की ताकत है कि उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

नैना चौटाला और सतपाल सांगवान के लिए पूर्व सांसद ने की संयुक्त रैली, बोले...

हमारी सरकार बनी तो चौपाल पर बैठकर लेंगे फैसले : दुष्यंत

चरखी दादरी/टोहाना, 19 अक्तूबर (निस)

चरखी दादरी के गांव घसोला में शनिवार को जजपा प्रत्याशी सतपाल सांगवान व नैना चैटाला के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित करते दुष्यंत चैटाला। -निस

पूर्व सांसद व जजपा नेता दुष्यंत चौटाला ने शनिवार को दादरी व बाढड़ा हलके की संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दादरी में उमड़ी भीड़ ने साफ कर दिया कि इस चुनाव में जनता घमंडी भाजपा और भ्रष्टाचारी कांग्रेस का सफाया कर जजपा की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। पूर्व सांसद ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता अगले 36 घंटों में अपने-अपने बूथ पर डटे रहें, सत्ता तुम्हारी होगी।

दुष्यंत ने कहा कि प्रदेश में भाजपा का ग्राफ गिरा है और प्रदेश में जजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने पर हम जननायक स्व. देवीलाल की नीतियों पर चलकर 36 बिरादरी का सर्वांगीण विकास करेंगे।

उन्होंने कहा कि जिस तरह समाज के सभी वर्गों ने जजपा को आशीर्वाद दिया है हम उन्हें विश्वास दिलाते हैं कि चौधरी देवीलाल की तर्ज पर जजपा सरकार बनने पर चौपाल में बैठकर फैसले लिए जाएंगे।

बाढड़ा से जजपा प्रत्याशी नैना सिंह चैटाला व दादरी से प्रत्याशी सतपाल सांगवान के पक्ष में दादरी के गांव घसोला में हुई रैली को अशोक तंवर ने भी संबोधित किया। तंवर ने कहा कि प्रदेश से राजनीतिक गंदगी और भ्रष्ट लोगों को बाहर करने का समय है। उन्होंने कहा कि इस काम को दुष्यंत चैटाला ही अंजाम दे सकती है। उन्होंने कहा कि वे युवा, महिलाओं, किसानों, कमेरे समेत सभी वर्गों की लड़ाई लड़ सकते हैं। नैना ने कहा कि वे सभी वर्गों की उम्मीद पर खरा उतरेंगी। सतपाल सांगवान ने कहा कि भाजपा ने बेशक दादरी को जिला बना दिया, लेकिन हकीकत यह है कि सरकार ने कोई नयी ईंट तक यहां नहीं लगाई। जजपा सरकार बनने पर अधूरे कामों को पूरा किया जाएगा। इस अवसर पूर्व सीपीएस रण सिंह मान, भादरा राजस्थान से विधायक बलवान पूनिया, पूर्व विधायक राजदीप फौगाट, रघुबीर छिल्लर, तेलूराम जोगी और नरेश द्वारका ने भी अपने विचार रखे। दुष्यंत ने टोहाना में पार्टी प्रत्याशी देवेन्द्र बबली के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 75 पार का सपना देखने वाली भाजपा को अबकी बार हम घग्घर पार करवा देंगे।

भाजपाई बौखलाए

जींद (हप्र) : दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जजपा को मिल रहे समर्थन से भाजपाई बौखलाए हुए हैं। जनता इस बार उचाना हलके में बदलाव चाहती है और जजपा की नीतियों से प्रभावित है। दुष्यंत बृहस्पतिवार रात अलेवा बेल्ट में जल-पान कार्यक्रमों में बोल रहे थे। शुक्रवार सुबह भी वे लोगों से मिलने के बाद दूसरे क्षेत्रों में प्रचार के लिए निकले। जजपा प्रवक्ता के अनुसार, अलेवा ब्लॉक के गांवों के कई परिवारों ने भाजपा छोड़कर जजपा में शामिल होने की घोषणा की। अलेवा,शाहपुर,नगूरां,बुल्लाखेड़ीव ढुड़ाना गांव में अमर सिंह चेयरमैन सहित सैंकड़ों लोगों ने भाजपा छोड़कर जजपा ज्वाइन की।

भाजपा प्रत्याशी दीपक मंगला के रोड-शो में पहुंचे यूपी के मंत्री

वोट की चोट से करें कांग्रेस पर सर्जिकल स्ट्राइक : श्रीकांत शर्मा

पलवल, 19 अक्तूबर (हप्र)

पलवल में शनिवार को रोड शो करते भाजपा प्रत्याशी दीपक मंगला, साथ हैं यूपी के मंत्री श्रीकांत शर्मा, पूर्व विधायक सुभाष चौधरी तथा अन्य। -हप्र

उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्रीकांत शर्मा ने भाजपा को राष्ट्रभक्त पार्टी बताते हुए शनिवार को कहा कि देश-प्रदेश विकास के मामले में रिकार्ड बना रहा है, वहीं विदेशों में भी भारत की धूम मची है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जैसा व्यक्तित्व प्रधानमंत्री के रूप में नसीब से मिलता है, इसका ही परिणाम है कि आज वह राष्ट्रहित में इतने बड़े कार्य कर पाए हैं। उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि जिस प्रकार भाजपा की केंद्र सरकार ने पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक करके आतंकी कैंपों को तबाह किया, ठीक उसी प्रकार पलवल की जनता भी भाजपा प्रत्याशी दीपक मंगला को भारी मतों से विजयी बनाकर विपक्ष पर वोट की चोट से सर्जिकल स्ट्राइक करे।

श्रीकांत शर्मा पलवल से भाजपा प्रत्याशी दीपक मंगला के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। वे यहां चुनाव प्रचार के आखिरी दिन दीपक मंगला के पक्ष में निकाले गए रोड शो में मुख्यातिथि थे। हूडा चौक से शुरू हुआ यह रोड शो पुराने जीटी-रोड से होता हुआ पलवल के अनेकों हिस्सों से गुजरा, जहां जगह-जगह विभिन्न समुदायों व सामाजिक संस्थाओं ने उनका स्वागत किया।

इस मौके पर दीपक मंगला ने कहा कि पलवल की जनता भ्रष्टाचार व डर के साये की बजाय भाजपा के सुशासन पर अपनी मुहर लगाएगी, क्योंकि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के 5 वर्ष के कार्यकाल में लोगों ने अमन और सुकून का माहौल देखा है। विकास से जनता खुश है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस बार उन्हें विधानसभा भेज दें, पलवल के विकास की जिम्मेदारी उनकी होगी। उन्होंने कहा कि वे इस क्षेत्र में रुके सभी काम कराएंगे। उन्होंने कहा कि सीएम ने इस मौके पर पूर्व विधायक सुभाष चौधरी, पूर्व मंत्री सुभाष कत्याल, भाजयुमो के राष्ट्रीय सदस्य गौरव गौतम, हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. हरेंद्रपाल राणा, कंपर रमेश कुमार, पार्षद प्रवीण ग्रोवर, महेंद्र भड़ाना, नेत्रपाल तंवर, पवन अग्रवाल, वीरेन्द्र शर्मा, मुकेश सिंगला, महिला जिला उपाध्यक्ष रीना अग्रवाल मौजूद थे।

प्रदेश को जलवाने वाले फिर देख रहे सपना : राजकुमार सैनी

बाबैन, 19 अक्तूबर (निस)

लोसुपा सुप्रीमो एवं पूर्व सांसद राजकुमार सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पांच साल के शासनकाल में हरियाणा को तीन बार जलवाया और 100 लोगों को पुलिस की गोलियों से मरवाया। उन्होंने कहा कि इतना सब होने के बावजूद वे दोबारा सीएम बनने का सपना देख रहे हैं। उन्होने कहा कि भाजपा व कांग्रेस लूटेरों की पार्टी है। उन्होंने कहा कि जनता इस बार भाजपा व कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर देगी और लोसुपा की सरकार बनाएगी। उन्होंने सीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि सबका साथ-सबका विकास का नारा देने वाली खट्टर सरकार बताए की सरकारी नौकिरयों में दलितों व पिछड़ों को मिले आरक्षण को अब तक क्यों पूरा नहीं किया गया है। वे यहां पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रोफेसरों के पदों, केंद्रीय कैबिनेट मंत्रियों, प्रदेशों के हाईकोर्ट व सुप्रीमकोर्ट में जजों, प्रदेशों के राज्यपालों व विदेशों में भारतीय राजदूतों जैसे महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति करने में दलितों व पिछड़ा वर्ग की क्यों उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अधिकांश समय तक एक ही समाज के मुख्यमंत्री रहने के कारण प्रदेश की 50 प्रतिशत से अधिक सरकारी नौकरियों पर उन्हीं के समाज का कब्जा हो गया है, जबकि उनकी आबादी प्रदेश में मात्र 10 प्रतिशत ही है। सैनी ने कहा कि खट्टर सरकार आरक्षण के नाम पर हरियाणा को जलाने वालों की मदद कर रही है।

जगाधरी में बसपा प्रत्याशी पर केस दर्ज

जगाधरी, 19 अक्तूबर (निस)

समाचार-पत्रों में नियमों के खिलाफ पंफ्लेट डालकर प्रचार करने के मामले में जगाधरी से बसपा प्रत्याशी आदर्शपाल के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। चुनाव आयोग की तरफ से नोटिस दिए जाने के बाद विधानसभ रिटर्निंग अफसर पूजा चांवरिया की शिकायत पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। शिकायत में कहा गया है कि 18 अक्तूबर को आदर्शपाल ने चुनाव में प्रचार के लिए तय नियमों का उल्लंघन करते हुए समाचार पत्रों में पंफ्लेट डाले। इसकी जानकारी चुनाव आयोग को नहीं दी गई। इसके अलावा, इन पंफ्लेट पर प्रिंटिंग प्रेस का नाम नहीं भी प्रकाशित नहीं था।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने राज्य सरकार पर बोला हमला

जनता भाजपा को सत्ता से हटाकर मुंहतोड़ जवाब देगी : सैलजा

फरीदाबाद, 19 अक्तूबर (हप्र)

बल्लभगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी आनन्द कौशिक की ओर से आयोजित जनसभा में कुमारी सैलजा का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता। -हप्र

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने यहां मधु वाटिका मलेरना रोड पर बल्लबगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी आनन्द कौशिक के पक्ष में जनसभा की। सैलजा ने कहा कि जनता भाजपा के झूठे वादों से तंग आ चुकी है और वह इस बार उसे सत्ता से हटाकर मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही जनता की हितैषी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर महिलाओं को पूरे प्रदेश में बस यात्रा की छूट दी जाएगी, गर्भवती महिलाओं को बच्चे के जन्म तक तीन हजार रुपये प्रतिमाह पोषण के रूप में देंगे। विधवा महिलाओं, विकलांग, तलाकशुदा, अविवाहित महिलाओं को 5100 रुपये प्रतिमाह पेंशन के रूप में देंगे।

कांग्रेस प्रत्याशी आनन्द कौशिक ने कहा कि बल्लबगढ़ की जनता को पिछले पांच वर्षों से विकास के लिए तरसना पड़ रहा है। भाजपा सरकार ने झूठ के आडंबर फैलाये और क्षेत्र के विकास के लिए आये पैसों से सिर्फ अपना घर भरने का काम किया। आज इसी सरकार हिसाब करने के लिए चुनाव में जनता कांग्रेस को वोट देकर भाजपा को मुंहतोड़ जबाव देने को तैयार बैठी है। इस मौके पर अनिल तेवतिया, सुभाष चौधरी, बलजीत कौशिक, किरण गोदारा, विकेश बैनीवाल, सचिन शर्मा, होशियार लाम्बा, संदीप लांबा, कृष्ण अत्री मौजूद रहे।

अब बोले 250 झूठ

नीलोखेड़ी/उकलाना (निस/एस) : कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलेजा ने कहा कि भाजपा ने 2014 के चुनाव में घोषण-पत्र के नाम पर 150 झूठ बोलकर सत्ता हथियाई थी और अब 250 झूठ बोलकर सत्ता हथियाने की फिराक में है। उन्होंने कहा कि मतदाता अब भाजपा को अपने मंसूबों को पूरा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में लोग भाजपा को 75 पार के नारे के बदले में यमुना पार करके ही दम लेंगे। वह शनिवार को नीलोखेड़ी में आयोजित जनसभा में कांग्रेस प्रत्याशी बंता राम वाल्मीकि के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर नारायाण दास वर्मा, ललित बुटाना, अमरजीत धीमान, रामेश्वर पूजम, चरनदेव कामरा, राजपाल शर्मा, सतबीर डाबरथला, अविनाश कौर मौजूद रहे। उकलाना की पुरानी अनाज मंडी में सैलजा ने उकलाना से कांग्रेस प्रत्याशी बाला देवी के लिए वोट मांगे। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा से भाजपा सरकार की विदाई का समय आ गया है।

अभिनेत्री एवं सांसद ने भाजपा प्रत्याशियों के लिए मांगे वोट

बचन सिंह को जिता देना, फिर आऊंगी : हेमा मालिनी

सफीदों/नरवाना/पानीपत, 19 अक्तूबर (निस/अस/एस)

सफीदों के पिल्लुखेड़ा मे बचन सिंह आर्य की चुनावी सभा को संबोधित करतीं हेमा मालिनी, साथ में अन्य नेता। -निस

अभिनेत्री हेमा मालिनी ने शनिवार को सफीदों हलके के पिल्लुखेड़ा कस्बे मे भाजपा प्रत्याशी बचन सिंह आर्य के लिए वोट मांगे। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं दो-तीन बार हरियाणा में चुनाव प्रचार करने आई हूं, यह बहुत हरा-भरा है। यहां के नौजवान तो बहुत सुंदर हैं, जिनमें कई तो फिल्मों व टीवी कार्यक्रमों मे काम करते हैं। उन्होंने कहा कि जैसे मैं मथुरा में काम करती हूं वैसे ही बचन सिंह यहां खूब काम करेंगे। उन्होंने कहा कि बचन सिंह को जिता देना मैं फिर आऊंगी और आप मुझे दूध, लस्सी, जरूर पिलाइएगा। सभा बचन सिंह आर्य, सोनीपत के सांसद रमेश कौशिक, भाजपा नेता कर्मवीर सैनी, ब्रह्मानंद आश्रम के संचालक रामसरूप ब्रहमचारी, ब्राह्मण समाज के राजेंद्र शर्मा ने संबोधित किया। इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष अमरपाल राणा, सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष अजीतपाल सिंह, देवराज सिरोहीवाल उपस्थित थे।

हेमा मालिन ने नरवाना में भाजपा प्रत्याशी संतोष दनौदा के समर्थन में जनसभा की और उनके लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा कि भाजपा जनहित के कार्य कर रही है। हेमा मालिनी ने मतलौडा में भाजपा प्रत्याशी कृष्णलाल पंवार के समर्थन में रैली की। इस मौके पर कृष्णलाल पंवार, कलीराम पटवारी, रामेश्वर चौहान, महाबीर भार्गव, सुनील परढ़ाना, रणबीर देशवाल, अशोक कटारिया मौजूद रहे।

अभय चौटाला के लिए अकाली दल अध्यक्ष ने की जनसभा

सिरसा-फतेहाबाद की सभी सीटें जीतेंगे : सुखबीर

सिरसा, 19 अक्तूबर (निस)

सिरसा के ऐलनाबाद में शनिवार को जनसभा को संबोधित करते शिअद अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल। -निस

शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने शनिवार को कहा कि इनेलो-अकाली दल गठबंधन सिरसा तथा फतेहाबाद में सभी 8 सीटों पर जीत हासिल करेगा। उन्होनें कहा कि इनेलो नेता अभय चोटाला के समर्थन के बिना हरियाणा में कोई भी पार्टी अगली सरकार नहीं बना पाएगी। ऐलनाबाद हलके के नाथूसरी चोपटा में इनेलो-अकाली दल के उम्मीदवार अभय चोटाला के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अभय चौटाला ही चौधरी देवीलाल तथा ओमप्रकाश चौटाला की विरासत के असली वारिस हैं। उन्होनें कहा कि अभय किसानों, खेत मजदूरों तथा दलितों के कल्याण के लिए वचनबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि इनेलो तथा अकाली दल दोनों ही गांव की पार्टियां हैं।

उन्होंने कहा कि इनेलो तथा अकाली दल ने सत्ता में होते हुए सबसे ज्यादा काम गांवों के विकास के लिए किया है। अभय चोटाला ने कहा कि लोगों को उस पार्टी में भरोसा जताना चाहिए, जो हरियाणा तथा हरियाणा के लोगों की भलाई की बात करती है न कि उन लोगों पर विश्वास करना चाहिए, जो लोगों की वोट लेने के लिए उन्हें बेवकूफ बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

रादौर में शनिवार को लोगों से वोट की अपील करते बसपा प्रत्याशी महीपाल सिंह। -निस

कांग्रेस, भाजपा को गरीबों से कोई लेना देना नहीं : महीपाल

रादौर, 19 अक्तूबर (निस)

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बसपा प्रत्याशी महीपाल सिंह को उस समय भारी सफलता मिली जब 2 दर्जन गांवों में 200 से ज्यादा लोगों ने अन्य दलों को छोड़कर उन्हें समर्थन देने की घोषणा की। बसपा प्रत्याशी महीपाल सिंह ने अपनी जीत का दावा करते हुए कहा कि बसपा आम जनता के हितों के लिए काम करती है, जबकि कांग्रेस व भाजपा पूंजीपतियों की मदद से चुनाव लड़ते हैं और सत्ता में आने के बाद पूंजीपतियों के हितों के लिए नीतियां बनाते हैं, उन्हें गरीबों, पिछड़ों से कोई लेना-देना नहीं।

बसपा प्रत्याशी ने कहा कि आज कांग्रेस व भाजपा की नीतियां से दुखी जनता बसपा में शामिल हो रही है। कांसेपुर, भूरिया कालोनी, मायापुरी कालोनी, भगवती कालोनी, सुंदर बिहार कालोनी सहित अनेक कालोनियों व गांवों में अन्य दलों को छोड़कर 200 से ज्यादा लोगों ने महीपाल सिंह को समर्थन देने की घोषणा की।

कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव से हटे

बसपा प्रत्याशी ने दिया सुरजेवाला को समर्थन

इनेलो के पूर्व विधायक समेत 2 नेता भी आये साथ

कैथल, 19 अक्तूबर (हप्र)

कैथल से कांग्रेस प्रत्याशी रणदीप सुरजेवाला ने चंदाना गेट स्थित श्रीराम उत्सव स्थल पर चुनाव के आखिरी दिन अपनी जीत को निश्चित करार दिया। उन्होंने कहा कि ये चुनाव कैथल के विधायक का नहीं बल्कि हरियाणा की चौधर का है।

सुरजेवाला ने कहा कि कैथल इस बार 3 दिवाली मनाएगा। पहली दिवाली 24 को मतगणना के बाद उनकी 'जीत' के साथ मनेगी। 25 अक्तूबर को हरियाणा सचिवालय में और 26 को कैथल में चौधर आने की दीवाली बनेगी। सुरजेवाला ने कहा कि आज कैथल की आवाज दिल्ली में गूंज रही है। वहीं, आज बसपा प्रत्याशी मदन लाल गुर्जर ने कांग्रेस प्रत्याशी रणदीप सुरजेवाला को समर्थन देने का ऐलान किया और अपने चुनाव से हटकर सुरजेवाला के

कैथल में शनिवार को रामलीला मैदान में जनसभा को संबोधित करते कांग्रेस प्रत्याशी रणदीप सुरजेवाला। -हप्र

साथ चुनाव प्रचार करने का ऐलान भी किया। इसके साथ ही इनेलो से पूर्व विधायक जोगीराम बाल्मीकि व इनेलो जिला प्रवक्ता धर्मबीर केमिस्ट ने भी सुरजेवाला को समर्थन देने का ऐलान किया।

सुरजेवाला ने कहा कि बुजुर्गों को 5100 रुपये बुढ़ापा पेंशन दी जायेगी। इसी प्रकार उन्होंने हर वर्ग के लिए अपार घोषणाएं की। भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा सरकार की धान के मामले में करोड़ों का धान घोटाला हुआ। इनकी लूट देखिए, धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य है 1835 रु प्रति क्विंटल, किसान को मिल रहा है 1600 रु प्रति क्विंटल और फ़ार्म जे में भरा जा रहा है 1835 रु प्रति क्विंटल। जिसमें 235 रु क्विंटल जेब में भरकर खट्टर सरकार ने 5000 करोड़ रु का जनता की जेब पर डाका डालने का काम किया है।

रादौर में शनिवार को जनसभा में मौजूद भाजपा प्रत्याशी कर्णदेव कांबोज। -निस

भाजपा प्रत्याशी ने निकाली बाइक रैली

विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी : कांबोज

रादौर, 19 अक्तूबर (निस)

चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भाजपा युवा कार्यकर्ताओं ने नगर निगम के क्षेत्र फर्कपुर में बाइक रैली के माध्यम से ताकत दिखाई। बाइक रैली का नेतृत्व खुद भाजपा प्रत्याशी मंत्री कर्णदेव कांबोज कर रहे थे। बाइक रैली का समापन बिंद्रा पैलेस में हुआ जहां कांबोज ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा कि 21 अक्तूबर तक आप सभी का जोश कायम रहना चाहिए, विकास कार्यों में किसी कमीं नहीं रहने दी जाएगी। यमुनानगर के मेयर मदन चौहान और वार्ड पार्षदों ने भी भरोसा दिलाया कि निगम क्षेत्र से शत-प्रतिशत वोट भाजपा के खाते में जाएगी। वहीं शनिवार को कुरुक्षेत्र से सांसद नायब सिंह सैनी ने विभिन्न गांवों में पहुंच भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया और उन्हें ज्यादा से ज्यादा वोट देकर जिताने की अपील की।

सांसद सैनी ने दयाल माजरी धिल्लौर, हिरण छप्पर, गुंदियाना, रामनगर, सारण, दौलतपुर, बसंतपुरा, टोपरा खुर्द, रेतगढ़, दौलतपुर, हाफिजपुर, कुंजल, दुधली, दामला, खुर्दी सहित रादौर में भी वोट की अपील की। गांव बुबका में पूरे गांव ने कांबोज को समर्थन दिया।

कांग्रेस प्रत्याशी अशोक अरोड़ा ने निकाला रोड शो

कुरुक्षेत्र, 19 अक्तूबर (हप्र)

कांग्रेस प्रत्याशी अशोक अरोड़ा ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रोड शो का आयोजन किया। महाराणा प्रताप से शुरू हुए रोड शो में थानेसर हलके के हजारों लोग शामिल हुए। वहां से अशोक अरोड़ा समर्थकों के साथ पैदल चलकर नया बाजार, सीकरी चौक, कच्चा घेर, मेन बाजार, पालिका बाजार, छोटा बाजार, अंबेडकर चौंक मार्किट होते हुए सेक्टर 17 पहुंचे और लोगों से हाथ जोड़कर वोट देने की अपील की। दुकानदारों ने अरोड़ा के सम्मान में लड्डू बांटे। इस दौरान पूरा शहर कांग्रेसमय नजर आया।

रोड शो के पश्चात अरोड़ा ने आजाद नगर में पार्षद संदीप टेका, पूर्व पार्षद मन्नु जैन, इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन जलेश शर्मा व स्व. रामलाल भट्ट के पुत्र अशोक भट्ट द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित किया। विष्णु कॉलोनी में राजेश सिंगला, ज्योतिनगर में सुशील आहुजा, केयूके में मैस वर्कर यूनियन के नेता रामप्रकाश द्वारा आयोजित सभाओं को संबोधित कर कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील की।

कुरुक्षेत्र में शनिवार को रोड शो निकालते कांग्रेस उम्मीदवार अशोक अरोड़ा। -हप्र

मनिंदर राणा ने किए गांवों के दौरे

घरौंडा में शनिवार को इनेलो प्रत्याशी मनिंदर राणा को पगड़ी पहनाकर सम्मानित करते ग्रामीण। -निस

घरौंडा, 19 अक्तूबर (निस)

इनेलो प्रत्याशी मनिंदर राणा ने हलके के कई गांवों का दौरा किया। राणा ने कहा कि इनेलो पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें सभी वर्गों के हित सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने पहले कांग्रेस का और फिर भाजपा का राज भी देखा है। दोनों सरकारों के राज में गरीब, किसान, मजदूर, कर्मचारी व व्यापारियों की अनदेखी की गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा गत चुनावों में सत्ता में बड़ी-बड़ी बातें करके आई थी। भाजपा ने एक भी वादे को पूरा नहीं किया और भाजपा सरकार में बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। नौकरियों में छंटनी की जा रही है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है। भाजपा के शासन से प्रदेश की जनता दुखी है और उसे सत्ता से बाहर करने का मन बना चुकी है। प्रदेश के व्यापारियों पर इतने टैक्स लगा दिए है जिससे व्यापारियों का जीना दूभर हो गया है। आज व्यापारी अपने उद्योग पलायन करने पर मजबूर हो गया है। राणा ने कहा कि एक बार मुझे जनता आशीर्वाद व समर्थन देकर विधायक बनाए तो मैं सभी समस्याओं का हल करवाऊंगा। मनिंदर राणा की पत्नी ज्योति राणा, बहन मीनाक्षी राणा, नेहा राणा ने शहर व गांव-गांव में जाकर वोट मांगे। साथ में महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष राधा राणा व अन्य महिलाएं भी साथ थीं।

लोसुपा आई तो बेरोजगारी करेंगे खत्म : गुलशन सैनी

नारायणगढ़ के गांव लखनौरा में शनिवार को लोसुपा प्रत्याशी गुलशन सैनी का स्वागत करते ग्रामीण। -निस

नारायणगढ़, 19 अक्तूबर (निस)

लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी प्रत्याशी गुलशन सैनी ने हलका नारायणगढ़ के गांव बधौली, लखनौरा, शहजादपुर तथा नारायणगढ़ शहर में जनसभाओं को सम्बोधित किया। जनसभाओं में गुलशन सैनी ने कहा कि पिछली सरकारों में जनता के अधिकार सुरक्षित नहीं थे व प्रदेश में हर तरफ भय व भ्रष्टाचार का माहौल बना रहा। क्षेत्र में राजनीतिक लोगों के संरक्षण में अवैध खनन व नशे का करोबार फल-फूल रहा है तथा खनन क्षेत्र से आने वाले वाहनों की ओवरलोडिंग के कारण दर्जनों लोगों की सडक़ दुर्घटनाओं में मौत हो चुकी है। भाजपा के शासनकाल में क्षेत्र के युवाओं को रोजगार दिलाने की बजाय नशे की तरफ धकेला गया। गुलशन सैनी ने कहा कि प्रदेश में लोसुपा की सरकार बनते ही युवाओं को रोजगार के साथ जोड़ा जायेगा ताकि बेरोजगारी की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि एक घर में एक रोजगार जरूर दिया जायेगा व नौकरियों की 80 प्रतिशत हिस्सेदारी दी जायेगी।

भाजपा प्रत्याशी के पास विकास के नाम पर बताने को कुछ नहीं : दिलबाग

यमुनानगर में शनिवार को पैदल मार्च निकालते इनेलो कार्यकर्ता। -हप्र

यमुनानगर, 19 अक्तूबर(हप्र)

इनेलो प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक दिलबाग सिंह ने आज दर्जनों जनसभाओं को संबोधित कर अपने पक्ष के मतदान करने की अपील की। पूर्व विधायक के साथ नगर निगम के पार्षद विनोद मरवाह, पूर्व डिप्टी मेयर रामपाल, पूर्व पार्षद अजय बिल्लू, पूर्व पार्षद जसबीर बिट्टू एवं नवनीत शर्मा भी मौजूद रहे। दिलबाग सिंह ने कहा कि पिछले 5 वर्षों से लगातार यमुनानगर को नजरअंदाज किया गया। भाजपा प्रत्याशी के पास विकास के नाम पर बताने को कुछ नहीं है। आज कांग्रेस के पूर्व पार्षद ओम प्रकाश, रमेश शर्मा, पार्षद उम्मीदवार यशपाल राठौर, मास्टर शाम जयपाल, डॉक्टर सतपाल व सतीश ग्रोवर, पूर्व युवा कांग्रेस प्रधान जरनैल सिंह जोली आदि ने समर्थकों के साथ दिलबाग सिंह का दामन थामा। इसके अलावा भाजपा को अलविदा कहते हुए धीरज गुरदयाल सिंह चन्नी के साथ भाजपा नेता मुकेश देशवाल ने पूर्व विधायक को समर्थन दिया।

बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा सेवाएं प्रदान करेंगे : जसबीर तंवर

कैथल के गांव क्योड़क में शनिवार को जनसभा को संबोधित करते सर्वहित पार्टी के उम्मीदवार जसबीर तंवर। -हप्र

कैथल, 19 अक्तूबर (हप्र)

सर्वहित पार्टी के कैथल विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार जसबीर तंवर ने कहा कि वे आम आदमी की समस्याओं को लेकर जनता के बीच में जा रहे हैं। कैथल क्षेत्र विकास की दौड़ में लगातार पिछड़ता जा रहा है। जसबीर तंवर गांव क्योड़क में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

जसबीर ने कहा कि इस क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा सेवाओं के अभाव कारण छात्रों को बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्स सेवाएं नहीं मिल रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में कैथल ही नहीं बल्कि पूरा हरियाणा पिछड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें अवसर मिला तो वे अपने क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य व शिक्षा सेवाएं प्रदान करेंगे।

उन्होंने कहा कि आज का युवा नशे की गर्त में धंसता जा रहा है। सरकार की गलत नीतियों के कारण युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में जकड़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि वे युवा वर्ग को नशे की प्रवृत्ति से दूर करेंगे। उन्होंने दावा किया कि पूरे हलके से उन्हें भारी जन समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अपने नाम के अनुसार सर्व हित पार्टी सभी को साथ लेकर चल रही है।

कलायत, बात्ता में की नुक्कड़ सभाएं

अनुराग ठाकुर ने कमलेश ढांडा के लिए मांगे वोट

कलायत, 19 अक्तूबर (निस)

चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भाजपा प्रत्याशी कमलेश ढांडा ने कार्यकर्ताओं के साथ हलके के विभिन्न गांवों का दौरा कर 21 अक्तूबर को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

शनिवार को भी केंद्रीय राज्य वित्त मंत्री अनुराग ठाकुर ने कलायत व गांव बात्ता में नुक्कड़ सभाएं कर भाजपा प्रत्याशी कमलेश ढांडा के पक्ष में मतदान की अपील की। कमलेश ढांडा ने कलायत, बात्ता, तितरम, दुमाड़ा, कोटरा, राजौंद, कसान, किठाना और दूसरे गांवों का दौरा कर जनसभाओं में कहा कि भाजपा के कार्यकाल में ही प्रदेश में सबसे ज्यादा विकास के कार्य हुए हैं। भाजपा के कार्यकाल में प्रदेश ने विकास की नई बुलंदियों को छुआ है। उन्होंने कहा कि वह जनता की सेवा और विकास में जी जान लगा देंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पिछले पांच सालों में पूरे कलायत हलके में रिकार्ड विकास कार्य करवाए हैं।

कलायत के गांव तितरम में शनिवार को लोगों से रूबरू होतीं भाजपा प्रत्याशी कमलेश ढांडा। -निस

कमलेश ढांडा ने कहा कि कांग्रेस व इनेलो की सरकार में आए दिन घोटाले उजागर होते रहे। नौकरियां नेताओं के घरों में बिकती थी। लेकिन जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है, तब से बिना पर्ची व बिना खर्ची के युवाओं को नौकरी दी गई। प्रदेश में पिछली सरकारों के फैलाए भ्रष्टाचार को खत्म करने का काम भाजपा सरकार ने किया है।

सुभाष सुधा ने रोड शो से दिखाई ताकत

कुरुक्षेत्र, 19 अक्तूबर (हप्र)

थानेसर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा ने भी शनिवार को अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए रोड़ शो निकाला। सुभाष सुधा ने रोड शो के दौरान एक खुली जीप में सवार होकर लोगों को हाथ जोड़कर वोट मांगे।

सुभाष सुधा ने दावा किया कि जिस प्रकार उनके रोड शो में थानेसर हलका की तमाम व्यापारिक, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के शामिल होने के साथ-साथ भाजपा नेता, कार्यकर्ता और आमजन नजर आए उससे 21 अक्तूबर की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। इस हलके की जनता एक बार फिर 21 अक्तूबर को कमल के फूल को चुनने जा रही है। सैनी समाज धर्मशाला से शुरू हुआ रोड शो का काफिला महाराणा प्रताप चौक बिरला मंदिर, मेन बाजार, शास्त्री मार्किट, झांसा रोड, पुराना बस स्टैंड होते हुए भाजपा चुनाव कार्यालय तक पहुंचा।

थानेसर में शनिवार को रोड शो निकालते भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा। -हप्र

कांग्रेस प्रत्याशी ने किया वादा

बसों में महिलाओं के लिए होगा मुफ्त सफर : शैली चौधरी

नारायणगढ़ के गांव कुराली में कांग्रेस प्रत्याशी शैली चौधरी का स्वागत करती महिलाएं। -निस

नारायणगढ़, 19 अक्तूबर (निस)

कांग्रेस प्रत्याशी शैली चौधरी ने शनिवार को नारायणगढ़ विधानसभा के गांव लौटों, बड़ी रसौर, मानकपुर, भाल माजरा, गदौली, कुराली, आबु पुर तथा नारायणगढ़ की चानना कालौनी, सरगौधा कालौनी, हुसैनी रोड़ व डीएवी स्कूल के सामने स्थित कालौनी में आयोजित जनसभाओं में लोगों को सम्बोधित किया। सभी कार्यक्रमों में शैली चौधरी व उनके पति पूर्व विधायक चौधरी राम किशन गुज्जर का लोगों द्वारा स्वागत किया गया।

वहीं कांग्रेस नेता बिरेन्द्र सिंह गुज्जर, देशबंधु जिंदल, नरेन्द्र देव शर्मा, श्रवण कुमार, अमित वालिया आदि ने नारायणगढ़ व शहजादपुर के बाजार का दौरा कर दुकानदारों से कांग्रेस प्रत्याशी शैली चौधरी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

शैली चौधरी ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही बुढापा व विकलांग पेंशन 5100 रुपये कर दी जायेगी जो पुरुषों को 58 वर्ष पूरे होने पर तथा महिलाओं को 55 वर्ष पूरे होने पर मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा व हरियाणा रोडवेज की बसों में महिलाओं का किराया नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को नगरपालिका, जिला परिषद व पंचायत समिति के चुनावों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा।

उन्होंने कहा कि किसानों की शुगर मिल से गन्ने की पेमेंट को लेकर आ रही समस्या को हल करने के लिए नारायणगढ़ में सहकारी शुगर मिल खोली जायेगी।

उन्होंने कहा कि सामान्य अस्पताल का कायाकल्प कर चिकित्सकों के पदों को भरा जायेगा। उन्होंने कहा कि राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में बीएड, जेबीटी व एम.एससी की कक्षाएं शुरू करवाई जायेंगी। इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

ऑटो रिक्शा, रेहड़ी वालों का 50 हजार तक का कर्ज होगा माफ : नायब पटाकमाजरा

बाबैन, 19 अक्तूबर (निस)

हलका लाडवा से लोसुपा के उम्मीदवार नायब सिहं सैनी पटाकमाजरा ने कहा है कि प्रदेश में लोसुपा की सरकार आने पर ऑटो रिक्शा व रेहड़ी वालों का पचास हजार तक का कर्ज पहली कलम से माफ कर दिया जाएगा। हलका लाडवा से लोसुपा उम्मीदवार नायब सिंह सैनी पटाकमाजरा बाबैन में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा है कि हलका लाडवा की जनता ने उन्हें अपना भरपूर सहयोग व समर्थन देकर सेवा करने का मौका दिया तो वे हलके की जनता पर आंच नहीं आने देगे। जनता चुनाव में झूठे, लालची एवं स्वार्थी उम्मीदवारों को बाहर का रास्ता दिखाकर उन्हें विधायक बनाए। पटाकमाजरा ने कहा है मेरा असली मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार से है, भाजपा उम्मीदवार को जमानत बचाने तक के भी लाले पड़े हुए हैं।

बाबैन में शनिवार को समर्थकों के साथ प्रचार करते हलका लाडवा से लोसुपा उम्मीदवार नायब सिंह सैनी पटाकमाजरा। -निस

कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश ने निकाला रोड शो

अबकी बार सत्ता से बाहर होगी भाजपा : जयप्रकाश

कलायत, 19 अक्तूबर (निस)

कलायत विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश ने शनिवार को रोड शो कर अपनी सियासी ताकत दिखाई। रोड शो कलायत के गांव कुराड़ से शुरू किया तथा कलायत, चौशाला, किठाना, कसान, तारागढ़, राजौंद, रेहड़ा, सेरधा, सौंगल, तितरम, बात्ता आदि करीब दो दर्जन गांव से होते हुए वापस खरक पांडवा गांव में समाप्त किया।

जयप्रकाश ने कुराड़ गांव में रोड शो शुरू होने से पहले सभी कार्यकर्ताओं को आपसी भाईचारा कायम करते हुए संयम के साथ रोड शो निकालने की अपील की।

कलायत में शनिवार को रोड शो करते कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश। -निस

जयप्रकाश ने कहा कि रोड शो में उमड़े जनसैलाब से भाजपा व दूसरी पार्टियों का जोश ठंडा पड़ चुका है।

भाजपा के कार्यकाल में जनविरोधी नीतियों से किसान, कर्मचारी, व्यापारी व मजदूर हर वर्ग दुखी रहा। भाजपा ने नारा तो 75 पार सीट का दिया लेकिन भाजपा पूरे प्रदेश में मुकाबले से बाहर हो गई है तथा कांग्रेस की सरकार बनना तय है। जयप्रकाश ने कहा कि जजपा शुरु से ही मुकाबले में नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस का सिपाही हूं तथा पहले भी आजाद विधायक रहते हुए कलायत क्षेत्र में चहुंमुखी विकास कार्य करवाए गए हैं।

मलौर का दावा-मुस्लिम समाज किसान खुलकर आए समर्थन में

अम्बाला शहर, 19 अक्तूबर (हप्र)

अम्बाला में शनिवार को जनसंपर्क करते कांग्रेस प्रत्याशी जसबीर मलौर। -हप्र

कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक जसबीर मलौर ने कहा है कि कांग्रेस की स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। इस कारण भाजपा और अन्य विरोधी प्रत्याशियों के चेहरों पर चिंता की लकीरें साफ नजर आने लगी और उनके समर्थक परेशान हैं।

उन्होंने बताया कि आज किसान, मुसलिम समाज, पंजाबी समाज, रेहड़ी फड़ी वालों समेत सैकड़ों लोग खुल कर कांग्रेस के समर्थन में उतर आए। सिटी विधानसभा क्षेत्र से मलौर को मुसलिम समाज के बड़े नेता सैयद अहमद खान ने समर्थन देकर जीत का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि पूरा मुसलिम समाज कांग्रेस को ही वोट देगा। पंजाबी समाज ने भी कांग्रेस की नीतियों पर अपना भरोसा जताया और समर्थन दिया। पंजाबी समाज के कद्दावर नेता राजेश मेहता ने कहा कि हमें कांग्रेस की नीतियों पर पूरा भरोसा है। कांग्रेस आम आदमी के हितों के लिए काम करने वाली पार्टी हैं। अनाज मंडी में जनसंपर्क के दौरान किसानों ने भी उन्हें समर्थन का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद सबसे पहले 24 घंटे में किसानों के कर्ज को माफ कर दिया जाएगा।

अनिल विज बोले

5 साल में जो विकास हुआ, उसे आगे भी जारी रखेंगे

अंबाला छावनी में शनिवार को प्रचार के अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशी अनिल विज का स्वागत करते हलके के लोग। -प्रदीप मैनी

अंबाला, 19 अक्तूबर (निस)

विधानसभा चुनाव के लिये प्रचार के आखिरी दिन शनिवार को भाजपा प्रत्याशी अनिल विज और आजाद उम्मीदवार चित्रा सरवारा ने शक्ति प्रदर्शन किया।

गलियों में रोड शो से पहले अंबाला छावनी के खुखरैन भवन में भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हुये। बाजारों में अनिल विज ने पैदल घर-घर जाकर संपर्क किया। लोगों को मिलते हुये अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में पांच साल में जो विकास हुआ उसे आगे भी चालू रखना है। विज को शहर की गलियों में देखकर आम आदमी में खासा उत्साह था।

शहर अनाज मंडी में किया जनसंपर्क

निर्मल सिंह को मिला आढ़ती एसोसिएशन का साथ

अंबाला शहर, 19 अक्तूबर (हप्र)

अंबाला छावनी में शनिवार को आजाद उम्मीदवार चित्रा सरवारा और सिटी से आजाद उम्मीदवार निर्मल सिंह समर्थकों के साथ रैली के दौरान। -मैनी

कांग्रेस के बागी और पूर्व कैबिनेट मंत्री अंबाला शहर से आजाद चुनाव लड़ रहे निर्मल सिंह को आज जिला आढ़ती एसोसिएशन का समर्थन मिला। जिला आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, चेयरमैन तेज प्रकाश सिंह के साथ आज निर्मल सिंह में अंबाला शहर अनाज मंडी में दुकान-दुकान जाकर आढ़तियों से संपर्क करके समर्थन मांगा।

इस दौरान उन्होंने आढ़तियों की समस्याओं के बारे भी जानकारी हासिल की और आश्वासन दिया कि वे उनकी समस्याओं को दूर करवाएंगे। इससे पूर्व निर्मल सिंह ने विकास का ढोल पीटने वाले शहर के विधायक असीम गोयल पर सीधा प्रहार किया। उन्होंने कटाक्षपूर्ण शब्दों में कहा कि छाती पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का बैज लगाने वाले विधायक बताएं कि पिछले 5 साल में बेटियों के नाम पर चौक बनवाने के अलावा उन्होंने कितनी बेटियों को पढ़ाया और कितनी बेटियों को बचाया। उन्होंने कहा कि शहर के घर-घर में बच्चा भी जानता है कि विकास के नाम पर लोगों को ठगा गया है। उन्होंने कहा कि छदम विकास पर इतराने वाले विधायक असीम गोयल को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि यहां के लोग उन्हें टाइल किंग की उपाधि से नवाज चुके हैं।

क्लासीफाइड

विवाह संबंधी

वर चाहिए

खत्री/अरोड़ा

सुन्दर मंगलीक, अक्तू. 86/5'-3'', बीकाम (आन.), सीएफए बीएड विख्यात स्कूल जोधपुर (राज.) में पढ़ा रही, 08 लाख वार्षिक लड़की हेतु योग्य वर चाहिए। माता (पंजाबी) अरोड़ा, पिता Badgujar (एससी) सुस्थापित, सभी जनरल जातियों को प्राथमिकता। मोबाइल : 63769-36251. (CL19101995)

खत्री

खत्री 33/5'-3'', अत्यंत गोरी, सुन्दर, यूके से मास्टर इन डिजाइन, लड़की हेतु प्रोफेशनल योग्यताप्राप्त, उच्च पदस्थ वर की तलाश है। पिता प्रोफेशनल। बीएचपी ई-मेल करें : svkv1955@gmail.com (CL19098463)

पंजाबी खत्री बी.टैक. + एमबीए (आईआईएम) जन. 91/5'-4'', कार्यरत एमएनसी 25 लाख वार्षिक लड़की हेतु योग्य वर चाहिए। पिता क्लास-I अधिकारी, स्थापित दिल्ली एनसीआर। संपर्क करें : 99713-81695, 92057-60208 avinash23.krs@gmail.com (CL19101613)

सैनी

सैनी, सुंदर मंगलीक, 1993/5'-2'', बीटैक (सीएसई), लड़की हेतु सुयोग्य रिश्ता चाहिए। गोत्र Dhamrait, Chepru, 94178-72677, 96463-13220. (CL19101800)

राजपूत

हिमाचली राजपूत एमएससी, 1991/ 5'-3'', पंजाब सरकार कर्मचारी, लड़की। 62394-90537. (CL19099006)

जट

जट लड़की, 27/5'-3'', एम. टैक., GATE NET पीएचडी सीएसआईआर चंडीगढ़। संपर्क करें : 9467996078. (CL19099789)

डाक्टर/इंजीनियर

हिन्दू खत्री, 5'-3''/जनवरी 1988 जन्म, सुंदर पुत्री, एमडी एनेस्थीसिया विख्यात मेडिकल इंस्टिच्यूशन मुंबई से, अब गुड़गांव के विख्यात अस्पताल में सीनि. रेजिडेंट लड़की हेतु एमडी/एमएस डाक्टर वर चाहिए। 84274-00851, magoonyogesh@yahoo.com (CL19101667)

अनुसूचित जाति

1991 जन्म, 5', कानवेंट शिक्षित, सुंदर, बीटैक, सुस्थापित रविदासिया परिवार से संबंधित, नोएडा मे नौकरीशुदा, आस्ट्रेलिया पीआर हेतु आवेदन कर रही लड़की के लिए प्रोफेशनल योग्यता प्राप्त वर चाहिए। 75671-21958. (CL19101961)

हिन्दू चमार, मंगलीक लड़की, 26 मार्च 1986/5'-6'', अम्बाला कैंट, सुबह 3.20 बजे, एमए, बीएड, एलएलबी, एलएम। शीघ्र विवाह। Whatsapp : 98968-20292. (CL19101991)

फुटकर

कुंवारी, बैंक मैनेजर एसबीआई, दिसंबर '83 लड़की हेतु चंडीगढ़/पंजाब/हि.प्र. से आफिसर/मैनेजर, शुद्ध शाकाहारी, धुम्रपान/मद्यपान रहित वर की तलाश है। 8146093871. (CL19098945)

आवश्यक सूचना

दि ट्रिब्यून ट्रस्ट का इस समाचारपत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचारपत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। पाठकों से विनती है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें।

हमें अपनी पुत्री 'Chetna Hemrajani' उम्र 31 वर्ष, दिल्ली एनसीआर निवासी, कद 5'-11'', फार्मेसी, पोस्ट ग्रेजुएट, हिन्दू, सिंधी, हेतु सुशिक्षित, खानदानी, शिक्षित परिवार से वर की तलाश है। सम्पर्क करें : 9868209839 या ई-मेल : vishi006@yahoo.com (CL19098391)

तलाकशुदा

सैनी अगस्त 1988/5'-5'', B.Tech., एमएनसी गुड़गांव में नौकरीशुदा, कानूनी निःसंतान तलाकशुदा, सुंदर लड़की। जातीय बंधन नहीं। व्हाट्सएप : 9255933656, 9588192941. (CL19099448)

एनआरआई

आस्ट्रेलिया नागरिक 1983 जन्म, तलाकशुदा लड़की, निःसंतान, सुस्थापित कार्यरत हेतु रिश्ता चाहिए। परिवार को आस्ट्रेलियन पीआर या स्थायी रेजिडेंसी के प्रॉसेस में लगे तथा एनआरआई लड़के की तलाश है। वास्तविक पूछताछ पर ही विचार किया जाएगा। संपर्क करें : 0434663231, ईमेल : rupinder83kaur@yahoo.com (CL19100420)

एमबीए, सुंदर, एनआरआई ब्राह्मण, आयु 25, कद 5'-3'', लड़की हेतु वर चाहिए। संपर्क करें : 88783-21593. (CL19099474)

ब्राह्मण

मंगलीक ब्राह्मण 5'-3'', एम.ए., पोल. साइंस जन्म 09.11.1988/ प्रातः 10.55 बजे चंडीगढ़ लड़की हेतु वर चाहिए। ट्राईसिटी को प्राथमिकता। मोबाइल नं. 96465-50461 (CL19099265)

5'-6'' सुन्दर ब्राह्मण 09 मई /92, सुबह 4.03 बजे अम्बाला, एमएनसी बंगलौर में नौकरीशुदा लड़की हेतु वर चाहिए। 89010-76447. (CL19101062)

गौड़ ब्राह्मण 21.05.1995/ 5'-6'', कॉमर्स बैकग्राउंड, एमबीए, गुड़गांव में बतौर HR Executive नौकरीशुदा लड़की के लिए शिक्षित, सुस्थापित बिजनेसमैन/नौकरीशुदा वर चाहिए। शीघ्र ही उत्तम विवाह। फोन : 9996027149 rakeshshandilya2141@gmail.com (CL19101392)

रतन भारद्वाज ब्राह्मण, गोरी, पतली, 5'-3'' (03.07.1988, सुबह 00.45 बजे) चंडीगढ़, पीजीआई, चंडीगढ़ में कान्ट्रेक्ट आधार पर नौकरीशुदा लड़की हेतु सुयोग्य वर चाहिए। (ट्राईसिटी को तरजीह)। संपर्क करें : 090017-60760. (CL19101713)

सिख

लबाना सिख 85/5'-4'', गोरी, पीएचडी बायोटैक्नालोजी विदेश से, एसआरएमयू, लखनऊ में बतौर असिस्टैंट प्रोफैसर कार्यरत लड़की हेतु योग्य वर चाहिए। विदेश स्थापित/भारत में सुस्थापित को प्राथमिकता। 9415423620 (CL19099480)

रामगढ़िया/धीमान

आकर्षक गोरी रामगढ़िया 28 वर्ष/ 5'-4'', डी-फार्मेसी एवं डीएमएलटी, अस्पताल में कार्यरत, लड़की हेतु वर चाहिए। जिला होशियारपुर को वरीयता। 98887-16229 (अप. 3 -सायं 7), drshyammonika@gmail.com (CL19098803)

आयुर्वेदिक डॉक्टर (BAMS, MPH) 1988/5'-6'' लड़की के लिए शाकाहारी वर चाहिए। उच्च जातीय बंधन नहीं। फोन : 90685-35879. (CL19100969)

अग्रवाल

मंगलीक अग्रवाल, 31 जनवरी, 1987 (19.30 बजे, मालेरकोटला)/ 5', MNC नोएडा में नौकरीशुदा लड़की। फोन : 9582310458. (CL19100645)

बिज़नेस

लुधियाना में चल रहा रेस्टोरेंट बिज़नेस बिकाऊ है। रु. 35 लाख। वास्तविक खरीददार संपर्क करें : 9779966066. (CL19101489)

नर्सरी/पौधे

लाल प्याज के बीज, मिर्ची, टमाटर, गोभी, प्याज की पनीरी लेने हेतु मिलें : गांव अबूथगढ़ (ओटू-धनूर रोड), जिला सिरसा, 097295-63555, 074968-12314. (CL19099675)

प्रापर्टी बिकाऊ

मोहाली

मोहाली, 10 मरला ट्रिपल स्टोरी कोठी, सेक्टर-79, बिकाऊ है, भरपूर पार्किंग स्थल, मालिक : 96460-12407. (CL19090762)

प्लाट बिकाऊ

रिहायशी प्लाट 30 मरला, 15 (बिस्वे) जुझार नगर, सेक्टर-39, मंडी, चंडीगढ़ के साथ। संपर्क करें : 97791-83000 (CL19098492)

ज़मीन बिकाऊ

3 एकड़ कृषीय जमीन Bandemahalan नजदीक रोपड़। सम्पर्क करें : 98760-89492. (CL19099500)

फ्लैट बिकाऊ

3 बीएचके एचआईटी लोअर द्वितीय मंजिल फ्लैट, सेक्टर 38 वेस्ट, 1550 वर्ग फुट क्वर्ड एरिया, रजिस्ट्री हो चुकी, शुभ वास्तु, विस्तृत पार्किंग स्थान, सामने पार्क, नजदीक पेट्रोल पंप, कम्यूनिटी सेंटर, मिनी मार्किट, 98159-55762, सायं 6 बजे के बाद। (CL19099135)

खोया एवं पाया

जानकारी हेतु अधिसूचित किया जाता है कि हेत राम बेनीवाल पुत्र Jai Dayale के नाम पर मकान नं. 536, सेक्टर-16, पंचकूला का मूल पोजेशन सर्टिफिकेट दिनांक 09.07.1987 तथा वसीका नं. 1611 दिनांक 07.09.1989 के तहत रजिस्टर्ड उक्त प्रापर्टी की मूल कनवेंस डीड गुम हो गई है। डीडीआर नं. 018 दिनांक 17.10.2019 के तहत दर्ज। यदि किसी को मिले तो कृपया संपर्क करें : अनुभव मित्तल पुत्र अशोक मित्तल निवासी मकान नं. 536, सेक्टर-16, पंचकूला। मोबाइल : 9216100801. (CL19101374)

सार्वजनिक सूचना

मैं, संतोष कुमारी पत्नी हरमिंदर सिंह एवं पुत्री लक्ष्मण दास निवासी # 176, शिवालिक एन्क्लेव, मनीमाजरा, चंडीगढ़, ने अपना नाम बदलकर संजना सिंह रख लिया है। (CL19101622)

मैं, ललित सिंह पुत्र हिम्मत सिंह निवासी म. नं. 327, रविन्द्रा एन्क्लेव, बलटाना (जीरकपुर), तहसील डेराबस्सी, जिला एसएएस नगर, घोषित करता हूं कि मेरा पुत्र मोहित सिंह मेरे नियंत्रण से बाहर है। मैं उसे अपनी समस्त चल/अचल जायदाद से बेदखल करता हूं। मैं उसकी किसी भी कार्रवाई के लिए जिम्मेवार नहीं होऊंगा तथा उसके साथ लेन -देन करने वाला ऐसा स्वयं के जोखिम पर करेगा। (CL19101635)

मैं, जितेन्द्र पुत्र सुरेश चन्द निवासी 725/24, डीएलएफ कालोनी, रोहतक, ने अपना नाम बदलकर भविष्य में जितेन्द्र जुनेजा रख लिया है। (CL19101919)

मैं, शिवालिका पुत्री सुरेश कुमार निवासी वार्ड नंबर 6, छोटी मंडी, चीका, तहसील गुहला, जिला कैथल, हरियाणा, अपना नाम नेहा से बदलकर शिवालिका रखती हूं। नोट करें। (CL19101985)

मैं, पूनम मेहता पुत्री सुरिन्दर कुमार मेहता पत्नी संदीप कुमार शर्मा निवासी 324-डी/2, महेश नगर, अम्बाला कैंट, ने तलाक के बाद अपना नाम बदलकर कीर्ति शर्मा रख लिया है। संबंधित नोट करें। (CL19101993)

ईंट भट्ठा

जिला पंचकूला में हाई ड्राफ्ट भट्ठा खरीदने के लिए इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें। रोहित गर्ग, नोनिता ब्रिक कंपनी, मोबाइल : 92169-16116. (CL19100991)

पंचकूला में अधूरी रह गई हेमा को सुनने की हसरत

पंचकूला में शनिवार को रैली में भाजपा प्रत्याशी ज्ञान चंद गुप्ता, केंद्रीय मंत्री रतनलाल कटारिया व अन्य समर्थकों के साथ।

पंचकूला, 19 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज क्षेत्र की मतदाताओं की फिल्मी अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी को सुनने की हसरत अधूरी रही। 4 घंटे इंतजार के बाद लोग मायूस लौटे। अलबत्ता भाजपा प्रत्याशी ज्ञानचंद गुप्ता और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री रतन लाल कटारिया ने जरूर चुनावी भाषण देकर 21 अक्तूबर को कमल का बटन दबाने की अपील की।

भाजपा की ओर से चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सेक्टर 16 में अग्रवाल भवन के पीछे जनसभा का आयोजन किया गया। इसमें अभिनेत्री हेमा मालिनी को बतौर मुख्य अतिथि पहुंचना था। उन्हें सुनने के लिये लोग एक बजे से ही सभा स्थल पर पहुंचना शुरू हो गये। लेकिन पांच बजे तक वे नहीं पहुंची। इससे लोगों को निराशा हाथ लगी और हेमा को सुनने की हसरत अधूरी रह गई। हेमा मालिनी के न पहुंचने का कारण नरवाना में उनके हेलीकाप्टर में आई खराबी बताया गया। इस मौके पर प्रत्याशी ज्ञानचंद गुप्ता, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, हाल ही में भाजपा में शामिल हुए ओमप्रकाश देवी नगर आदि ने जरूर सभा को संबोधित किया।

इनेलो प्रत्याशी ने किया घोषणा पत्र जारी

पंचकूला, 19 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

इनेलो प्रत्याशी करुणदीप चौधरी ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पंचकूला विधानसभा क्षेत्र के लिये घोषणा पत्र जारी किया। अपने आवास पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि विधायक बनने पर पंचकूला में लॉ और मेडिकल कालेज की स्थापना, सरकारी स्कूलों की हालत सुधारना, छात्राओं के लिये सभी रूटों पर विशेष बसों का चलाना, शहर और कालोनियों में सीसीटीवी कैमरे लगवाना, बरवाला के गांवों में स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था कराना प्राथमिकता होगी।

स्वयंसेवकों ने मतदाताओं को किया जागरूक

पिहोवा, 19 अक्तूबर (निस)

डीएवी महाविद्यालय पिहोवा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम अधिकारियों प्रो मनोज कुमार एवं प्रो दीपिका ने कॉलेज में उपस्थित छात्र- छात्राओं को अपने मत का प्रयोग जरूर करने का आह्वान किया।

रोड शो में असीम गोयल बोले

युवाओं को रोजगार देने के लिए वचनबद्ध है भाजपा

अम्बाला शहर में शनिवार को रोड शो के दौरान भाजपा उम्मीदवार असीम गोयल ट्रैक्टर चलाते हुए। -हप्र

अंबाला शहर, 19 अक्तूबर (हप्र)

चुनाव प्रचार के आखिरी दिन शनिवार को भाजपा प्रत्याशी असीम गोयल ने रोड शो निकाला। इस दौरान जहां पंजाबी गायक युवराज हंस ने उनके लिए प्रचार किया, वहीं जिलाध्यक्ष जगमोहन लाल कुमार भी इसमें शामिल हो गये। इससे असीम गोयल के अभियान को ताकत मिली। कई स्थानों पर उन कार्यकर्ताओं ने भी भाजपा प्रत्याशी का पुष्पवर्षा करके स्वागत किया जो अभी तक निष्क्रिय बैठे थे। इससे पहले पंजाबी गायक युवराज हंस ने असीम गोयल के समर्थन में रोड शो किया। रोड शो नन्यौला से शुरू होकर गांव मटेहड़ी शेखा, बलाना, मानव चौक, अग्रसेन चौक, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ चौक, ओल्ड सिविल अस्पताल, जगाधरी गेट, नाहन हाउस, मीरी-पीरी चौक, मंजी साहिब गुरुद्वारा रोड, गीता नगरी से होकर नारायणगढ़ रोड स्थित ओरियन पैलेस में संपन्न हुआ।

अग्रवाल समाज को लेकर भाजपा गलतफहमी में : बंसल

पंचकूला में शनिवार को सेक्टर 5 में चंडीगढ़ के पूर्व सांसद पवन कुमार बंसल का स्वागत करते कांग्रेस प्रत्याशी चंद्रमोहन। -ट्रिन्यू

पंचकूला, 19 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

अग्रवाल समाज की ओर से आज सेक्टर 5 में आयोजित एक कार्यक्रम में कांग्रेसी प्रत्याशी चंद्रमोहन ने कहा कि उनके पिता ने पंचकूला को जिला बनाया और यहां के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी। पंचकूला को मिनी राजधानी के तौर पर विकसित किया गया। आज शहर की एक अलग पहचान है, लेकिन दुर्भाग्य यह कि पिछले 5 साल में भाजपा सरकार और विधायक ज्ञानचंद गुप्ता ने यहां के विकास के लिए कोई काम नहीं किया।

मोहाली पंचकूला से आगे निकल चुका है। पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री पवन बंसल ने कहा कि भाजपा की यह भूल है कि अग्रवाल समाज पूरी तरह से उनके साथ है। लोग अपनों का भला नहीं कर सकते, उनका साथ देने का क्या फायदा।

भाजपा की रैली रही फ्लॉप : योगेश्वर शर्मा

पंचकूला, 19 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार योगेश्वर शर्मा का कहना है कि पिछले करीब 20 दिनों से शहर, गांवों तथा कालोनियों में घर-घर तक पहुंचकर अपनी बात आम जन तक पहुंचाई है।

अब यह हलके की जनता को तय करना है कि उसे किसे चुनना है। उन्होंने कहा कि आप पार्टी सिर्फ घोषणाएं कर वाहवाही लूटने में विश्वास नहीं करती।

शर्मा ने कहा कि भाजपा द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान जिस तरह से सरकारी तंत्र का दुरुपयोग किया गया है, मतदाता 21 अक्तूबर को इसका जवाब देंगे। उन्हें पूरी उम्मीद है कि भाजपा के झूठ को पहचान चुकी जनता अब आप को अपनी ओर से एक अवसर देगी।

रेसलर खली ने मांगे लतिका शर्मा के लिए वोट

कालका में शनिवार को गांधी चौक में रेस्लर खली, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, भाजपा विधायक लतिका शर्मा के साथ रोड शो में। -निस

पिंजौर, 19 अक्तूबर (निस)

कालका रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, रेस्लर दिलीप सिंह राणा उर्फ खली ने भाजपा प्रत्याशी लतिका शर्मा के लिये वोट मांगे। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा 70 साल में कांग्रेस ने जो कांटे बीजे थे उसे हटाने का काम पिछले 5 साल में केंद्र सरकार ने किया है। वहीं खली ने भी लतिका शर्मा को जिताने की अपील की है।

पंचकूला, कालका में भाजपा-कांग्रेस के बीच जंग

सुरेंद्र सिंह सांगवान/ट्रिन्यू

पंचकूला, 19 अक्तूबर

पंचकूला और कालका विधानसभा सीट पर न किसी की आंधी है और न लहर। भाजपा के पक्ष में लोकसभा चुनाव जैसा माहौल भी नजर नहीं आता। वैसे तो पंचकूला में 14 और कालका में 10 प्रत्याशी मैदान में हैं लेकिन असली टक्कर भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के बीच है।

चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद जो तस्वीर उभरी है उससे लगता है कि असली मुकाबला भाजपा के ज्ञान चंद गुप्ता और कांग्रेस के चंद्रमोहन के बीच ही रहेगा। दोनों प्रत्याशियों ने विकास को प्रमुख मुद्दा बनाया है। हलके में करीब दो लाख 20 हजार मतदाता है। शहरी मतदाताओं की संख्या 80 हजार से अधिक है।

चंद्रमोहन के मैदान में आने से ज्ञानचंद गुप्ता की डगर इस बार पहले जितनी आसान नहीं है। गुप्ता 2014 के चुनाव में यहां से 44 हजार 602 मतों से विजयी हुये थे। कमोबेश ऐसी ही स्थित कालका हलके में है। कहने को तो यहां दो निर्दलियों सहित दस उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। लेकिन मुकाबला भाजपा की लतिका शर्मा और कांग्रेस के प्रदीप चौधरी में है। भाजपा की लतिका शर्मा को यकीन है कि हलके में कराये गये 800 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों, केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों के सहारे उनकी नैया निश्चित रूप से पार होगी। लेकिन कांग्रेस के प्रदीप चौधरी सरकार की नाकामियों, हलके की समस्याओं, क्षेत्र में फैले नशे के अवैध करोबार, बेरोजगारी के मुद्दे का खूब भुना रहे हैं।

पूंडरी की जनता ने बनाया कमल खिलाने का मन : वेदपाल

कैथल, 19 अक्तूबर (हप्र)

पूंडरी विधानसभा के मतदाताओं ने 25 साल की निर्दलीयों की गिरदावरी खत्म करने का पूरी तरह से मन बना लिया है। पूंडरी से भाजपा उम्मीदवार एडवोकेट वेदपाल ने यह बात कही। वेदपाल ने कहा कि पूंडरी को उपमंडल का दर्जा बहुत पहले मिल जाना चाहिए था, लेकिन यहां से आजाद विधायक चुने जाने के कारण सही से यह मांग रखी नहीं गई। वे जीतने के बाद यह मुद्दा उठाएंगे।

epaper.dainiktribuneonline.com

वेंडरों के लिए मार्केटों में मार्किंग शुरू

जगह कम होने के कारण वेंडरों में रोष, दुकानदार भी नाराज़

चंडीगढ़ में शनिवार को सेक्टर-19 मार्केट में अतिक्रमण कर सामान बेचते दुकानदार। -विक्की

ट्रिब्यून न्यूज सर्विस
चंडीगढ़ 19 अक्तूबर

हाई कोर्ट के निर्देशों पर नगर निगम ने शहर के वेंडर्स को मार्केटों में बिठाने के लिए चुनी हुई जगहों पर मार्किंग करना शुरू कर दी है। आज सेक्टर 22 में निगम की और से मार्किंग की गई। यहां शास्त्री मार्केट और सेक्टर 22 डी में स्थित बूथों के सामने मार्किंग की गई। छह फ़ीट बाई पांच फ़ीट की जगह मार्क की जा रही है।

इस मार्किंग से जहां वेंडर्स में इस बात का रोष है की ये जगह बहुत छोटी है। जिन बूथों के आगे ये मार्किंग की जा रही है, वहां के दुकानदारों में इस बात का रोष है की उनके बूथों के सामने वेंडर्स को बिठाना गलत है। उनका कहना के इससे उनके व्यापार पर बुरा असर पड़ेगा। दुकानदार या कोई भी व्यक्ति वेंडर जोन के खिलाफ नहीं है। रोष केवल वेंडर जोन की सरहदबंदी को लेकर है। व्यापारियों का कहना था की वेंडर्स को अलग से स्थान दिया जाए जो मार्केट अथवा रेजिडेंशियल एरिया से अलग हो।

कहां कितने बिठाए जाएंगे वेंडर

नगर निगम की ओर से शहर में स्ट्रीट वेंडर 46 जगहों पर बिठाए जाना निश्चित किया गया है। निगम की ओर से सेक्टर 7 में 355, सेक्टर 8 में 25, सेक्टर 9 में 70, सेक्टर 10 में 30, सेक्टर 11 में 20, सेक्टर 15 में 1800, सेक्टर 16 में 100, सेक्टर 21 में 60, सेक्टर 22 में 138, सेक्टर 23 में 215, सेक्टर 24 में 81, 25 पुनर्वास कालोनी में 275, सेक्टर 28 में 82 वेंडर बिठाए जाने हैं। सेक्टर 29 में 110, सेक्टर 30 में 60, सेक्टर 31 में 60, सेक्टर 32 में 106, सेक्टर 33 में 182, सेक्टर 35 में 62, सेक्टर 36 में 106, सेक्टर 38 में 180, सेक्टर 39 में 172, सेक्टर 40 में 52, सेक्टर 41 में 215, सेक्टर 42 में 135, सेक्टर 44 में 100, सेक्टर 45 में 410, सेक्टर 46 में 160, सेक्टर 47 में 100, सेक्टर 48 में 220, सेक्टर 49 में 210, सेक्टर 50 में 130, सेक्टर 51 में 210, सेक्टर 52 में 130, सेक्टर 53 में 1000, सेक्टर 56 में 700, धनास कालोनी में 1500, मलोया में 1161, आईटी पार्क में 562, मनीमाजरा में 150, मलोया पुनर्वास कालोनी में 60, खुड्डा लाहौरा और खुड्डा जस्सू में 90, डड्डूमाजरा कालोनी में 70, धनास पुनर्वास कालोनी में 135 और मौलीजागरां में 87 वेंडर्स को बिठाया जाना है।

स्टाल बुकिंग के पहले दिन निगम ने कमाये 8 लाख

चंडीगढ़ (ट्रिन्यू) : चंडीगढ़ नगर निगम ने आज से लोगों को दिवाली पर अस्थायी स्टाल लगाने के लिए प्रीपेड कूपन की बिक्री शुरू कर दी। आज पहले दिन कुल 182 कूपन दुकानदारों ने लिए व इससे निगम को 8 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ। यह कूपन आज से 23 अक्तूबर तक शाम 5 बजे तक नगर निगम कार्यालय और उप कार्यालय, मनीमाजरा में जारी किए जाएंगे। मनीमाजरा और मौली जागरां के लिए उप कार्यालय, मनीमाजरा में कूपन जारी किए जाएंगे। इस बार नगर निगम ने कुछ सुरक्षा उपायों के चलते वेंडरों को फोटो आईडी की सत्यापित फोटोकॉपी जैसे वोटर कार्ड या आधार कार्ड की कॉपी जमा करने के बाद ही कूपन जारी किया जाएगा

17, 22 के दुकानदारों में रोष

सेक्टर-17 और 22 के दुकानदारों का कहना है कि उनके यहां पर वेंडर्स को बैठने की मंजूरी मिल सकती है, तो यहां के स्थायी दुकानदारों को क्यों नहीं, जो निगम को प्रॉपर्टी टैक्स भी अदा करते हैं। उन्हें क्यों अपनी दुकानों के बाहर स्टाल लगाने की मंजूरी नहीं दी जा रही। व्यापार मंडल के महासचिव एवं सेक्टर-17 के व्यापारी संजीव चड्ढा का कहना है कि हर साल उन्हें स्टाल की मंजूरी मिलती है। उन्होंने बताया कि वे नगर निगम आयुक्त को जल्द ही इस मामले में मिलने जा रहे हैं। इसके बाद अपनी इस मांग को लेकर अभियान छेड़ेंगे। उधर, व्यापार मंडल के चेयरमैन चरणजीव सिंह का कहना है कि जब वेंडर्स को सेक्टर-17 और 22 में बिठाया जा रहा है तो व्यापारियों को क्यों नहीं, जिनकी यहां पर स्थायी दुकानें हैं।

जज नोटकांड होटल मालिक ने यूके जाने के लिए मांगी अनुमति

2 की हुई गवाही, दायर अर्जियों पर फैसला 2 नवंबर को

चंडीगढ़/पंचकूला, 19 अक्तूबर (नस)

13 अगस्त, 2008 को सेक्टर 11 में जज के घर पहुंचाए गए 15 लाख रुपये के मामले में शनिवार को सीबीआई की विशेष अदालत में 2 लोगों की गवाही हुई। वहीं, मामले में आरोपी रविंदर सिंह भसीन ने अदालत से उन्होंने विदेश जाने की अनुमति मांगी है। भसीन की तरफ से अदालत में अर्जी दायर कर मांग की गई कि वह 20 दिसंबर को यूके जाना चाहता है। वह यूके में जाकर काम होने के बाद 5 जनवरी 2020 को भारत लौट आएगा। उधर, जज नोटकांड की आरोपी रिटायर्ड जस्टिस निर्मल यादव द्वारा पासपोर्ट रिन्यू करवाने के लिए अर्जी पहले से अदालत में विचाराधीन है। दोनों अर्जियों पर फैसले के लिए अदालत 2 नवबर को फैसला सुनाएगी।

सीबीआई विशेष अदालत में दायर मामले के अनुसार जस्टिस निर्मल पर आरोप है कि हरियाणा के तत्कालीन अतिरिक्त महाधिवक्ता संजीव बंसल ने अपने मुंशी को 15 लाख रुपये से भरा बैग लेकर जस्टिस निर्मल यादव के घर भेजा था। जांच एजेंसी का आरोप है कि 15 लाख रुपये सोलन में लैंड डीड के लिए नहीं थे बल्कि यह बेनामी पैसा पंचकूला के सेक्टर 16 की एक प्रॉपर्टी के हक में फैसला देने के लिए भेजे थे। आरोप के मुताबिक संजीव बंसल ने अपने मुंशी को जस्टिस निर्मल यादव (अब रिटायर्ड) के घर यह राशि देने के लिए भेजा था। लेकिन मुंशी पैसों से भरे बैग को गलती से जस्टिस निर्मलजीत के घर पहुंचा आया था। इस पर जस्टिस निर्मलजीत कौर के नौकर ने यूटी पुलिस को शिकायत दी थी। सीबीआई ने इस मामले में तत्कालीन जस्टिस निर्मल यादव समेत संजीव बंसल, प्रकाश राम, दिल्ली के होटेलियर रविंद्र सिंह भसीन और व्यवसायी राजीव गुप्ता और निर्मल सिंह आरोपी पाये। मामले में संजीव बंसल की मौत हो चुकी है।

सड़क पार कर रहा बुजुर्ग ट्रक के नीचे आया

मोहाली, 19 अक्तूबर (निस)

शनिवार दोपहर सड़क क्रॉस कर रहा एक 90 वर्षीय बुजुर्ग अजमेर सिंह ट्रक के अगले टायरों के नीचे आकर गंभीर जख्मी हो गया और उसकी दोनों टांगे कुचली गईं। घायल को तुरंत जीएमसीएच-32 चंडीगढ़ ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रेफर कर दिया। अजमेर सिंह की दाईं टांग में मल्टीपल फ्रैक्चर आए हैं। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पातड़ां के अजमेर सिंह को उसका भतीजा छोड़ने के लिए आया था। उसने लांडरां टी-प्वाइंट से बस पकड़नी थी। अजमेर सिंह जब भागकर सड़क क्रॉस करने लगा तो बनूड से खरड़ की ओर जा रहे ट्रक की चपेट में आ गया। ट्रक ऊना निवासी मुश्ताक मोहम्मद चला रहा था, जिसे वहां मौजूद ट्रैफिक पुलिस ने पकड़ लिया।

टैगोर में शास्त्रीय नृत्य...

चंडीगढ़ में शनिवार को सेक्टर-18 स्थित टैगोर थिएटर में नेशनल कत्थक उत्सव में परफार्म करते कलाकार। -विक्की

अगले सप्ताह से शुरू होगा सड़कों की मरम्मत का काम

निगम ने बनाया 22 करोड़ का बजट

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

चंडीगढ़ नगर निगम के इंजीनियरिंग विभाग को प्रशासन से सड़कों की मरम्मत के लिए पिछले दिनों 15 करोड़ रुपये मिले थे। इस राशि के उपयोग के लिए निगम ने 22 करोड़ का बजट बनाया है।

निगम सूत्रों के अनुसार पिछले वित्त वर्ष में निगम ने सड़कों के जो काम कराये थे, उनके ठेकेदारों का अभी करीब 58 करोड़ रुपये का भुगतान बाकी है। इंजीनियरिंग विभाग के बीएंडआर विंग ने तत्काल री-कारपेटिंग के लिए 325 किलोमीटर सड़क को चिह्नित किया है। इनमें दक्षिण भाग में सेक्टर 40, 34, 35, 45, 38, 55, 41, 43, 38, 23, 23 की सड़कें हैं। दूसरी ओर सेक्टर 36, 46, 26, 20, 10, 9, डड्डूमाजरा, मनीमाजरा आदि शामिल हैं।

बस में बैठी महिला से की छेड़छाड़

चंडीगढ़/पंचकूला, 19 अक्तूबर (नस)

सेक्टर 43 स्थित आईएसबीटी में खड़ी एक बस में बैठी महिला से छेड़छाड़ करने के आरोप में पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान खन्ना (पंजाब) के रहने वाले नवदीप सिंह के रूप में हुई है।

अवैध हथियारों के साथ युवक गिरफ्तार

पंचकूला, 19 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। आरोपी के पास से 3 विदेशी पिस्टल , मैगजिन और 20 जिंदा कारतूस मिले हैं। पुलिस ने आरोपी को रायपुर रानी बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अभिषेक उर्फ रजत निवासी उमरपुर गांव यूपी के शामली जिले के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी एल्टो कार में बैठे हुये थे। पुलिस को देखकर एक युवक फरार हो गया। पुलिस के अनुसार दूसरे फरार आरोपी की पहचान परिक्षित राना निवासी सुल्तानपुर बरवाला के रूप में हुई है। पुलिस टीम में एसआई कश्मीरा सिंह, तरसेम कुमार, जसविंदर सिंह, रविशर और रामपाल शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेशकर 3 दिन की रिमांड पर लिया है।

कार सवार 4 लोगों से स्मैक बरामद

राजपुरा, 19 अक्तूबर (निस)

शम्भू पुलिस ने कार सवार चार लोगों से 200 ग्राम स्मैक बरामद कर अरोपियों को हिरासत में लेकर केस दर्ज कर लिया है। एएसआई गुरमीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने रमित शर्मा , अभीषेक सिंह , आदर्श निवासी होशियारपुर व रोहित कुमार मोहाली से स्मैक बरामद की।

सीमा पर अशांति होने से उथल-पुथल की स्थिति : केजे सिंह

चंडीगढ़ में शनिवार को गवर्नमेंट गर्ल्स मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक कार्यक्रम में भाग लेते लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) केजे सिंह, कश्मीर स्टडी सेंटर के राहुल जोशी और प्रिंसिपल मंजुला व अन्य।

चंडीगढ़/पंचकूला, 19 अक्तूबर (नस)

पश्चिम कमान के पूर्व जेओसी लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) केजे सिंह ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों के आसपास अशांति होने और अनैतिक गतिविधियों ने आम जनता के बीच उथुल-पुथल की स्थिति पैदा की है। इन हालात में वहां रह रहे व्यक्तियों को सचेत करने और उनका मार्गदर्शन करने की आवश्कता है। हरियाणा के सूचना आयुक्त केजे सिंह शनिवार को सेक्टर 18 स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में युवाओं के लिए आयोजित सीमा खोज सत्र में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे।

इस विशेष सत्र के आयोजन में दो एनजीओ जेएंडके स्टडी सेंटर और प्रसन्नचेता फाउंडेशन ने मिल कर सहयोग किया। सत्र के दौरान केजे सिंह ने हमारे अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्रों एलओसी और एलएसी के बारे में बताया, साथ ही परिसीमन और सीमांकन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। केजे सिंह ने स्पष्ट किया कि यह राष्ट्र के प्रत्येक नागरिग की जिम्मेदारी है कि वह अपनी सीमाओं के बारे में जाने और अपनी सीमाओं की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार हो।

हिरासत में कबूली 2 वारदात

स्नेचिंग का मास्टर माइंड किशोर काबू

चंडीगढ़/पंचकूला, 19 अक्तूबर (नस)

मनीमाजरा में स्नेचिंग की वारदात कर रहे 17 वर्षीय मास्टर माइंड किशोर को यूटी पुलिस ने काबू कर लिया। किशोर ने हिरासत के दौरान 2 वारदात कबूलीं जिनमें उसके साथी भी शामिल थे। पुलिस के अनुसार 17 वर्षीय किशोर मार्डन हाऊसिंग कॉम्पलेक्स में रह रही मधु गुप्ता से बाजार में पर्स छीन कर फरार हुआ था। पुलिस ने बताया कि किशोर के कब्जे से वह पर्स बरामद किया। मनीमाजरा की एसएचओ जसविंदर कौर को आज सूचना मिली कि ठाकुर गुरुद्वारा के नजदीक पार्किंग में स्नेचिंग का आरोपी घूम रहा है। पुलिस ने सूचना मिलते ही गुरुद्वारा के नजदीक नाके पर एक्टिवा स्कूटर सवार किशोर को काबू कर लिया। जसविंदर कौर ने बताया कि किशोर ने अपने एक अन्य आरोपी के साथ मिल कर बीती 17 अक्तूबर को फौजी ढाबे के नजदीक से गुजर रही एक महिला के गले से सोने की चेन छीन ली थी। पुलिस ने तफ्तीश के दौरान वह चेन बरामद की। डयूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष किशोर को पेश कर बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

वरिष्ठ अफसरों ने बैठक में लिया था फैसला

यूटी में हेरिटेज फर्नीचर म्यूजियम का ब्ल्यू प्रिंट तैयार

रामकृष्ण उपाध्याय/ ट्रिन्यू
चंडीगढ़, 19 अक्तूबर

यूटी प्रशासन ने यहां सेक्टर 18 में बंद हो चुकी प्रिंटिंग प्रेस की जगह पर शहर का प्रथम हेरिटेज फर्नीचर म्यूजियम बनाने का ब्ल्यू प्रिंट तैयार कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक, प्रशासक के सलाहकार मनोज परीदा की अध्यक्षता में हाल की में हुई वरिष्ठ अफसरों की एक उच्चस्तरीय बैठक में इसका लेआउट प्लान फाईनल कर लिया गया था।

योजना के मुताबिक इस संग्रहालय में 100 फर्नीचर पीस प्रदर्शित किये जाएंगे जिनकी छंटनी का जिम्मा संस्कृति विभाग पर है। बता दें कि कई साल से विदेशी ऑक्शन हाउसेज में ली कार्बूजिए और पियरे जिनरे की डिजाइन की गयी इस धरोहर की नीलामी की घटनाएं सामने आयीं जिनको कई कलाप्रेमियों ने भारी-भरकम राशि देकर प्राप्त किया। वहीं चंडीगढ़ में इस पुराने फर्नीचर की तस्करी के कई मामले भी सामने आए जिससे प्रशासन को बड़ा नुकसान हुआ। लेकिन हेरिटेज फर्नीचर म्यूजियम बनने से अब ऐसी घटनाएं रुक जाएंगी।

एंटीक कारें भी की जाएंगी प्रदर्शित

बता दें कि सेक्टर 18 में प्रिंटिंग प्रेस केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर बंद की जा चुकी है जिसकी पुरानी मशीनरी भी इस संग्रहालय की शोभा बढ़ाएगी। वहीं इसके ग्राउंड फ्लोर पर एंटीक कारें भी प्रदर्शित की जाएंगी जिनके मालिकों के साथ विभाग संपर्क साध रहा है व प्रर्दशनी के नियम व शर्तें तैयार कर रहा है। संस्कृति विभाग के सचिव विनोद पी कावले इस प्रोजेक्ट के नोडल अधिकारी होंगे।

डॉग शो

पंचकूला में शनिवार को सेक्टर-5 के मैदान में डॉग शो में अपने प्रिय कुत्तों के साथ फोटो खिंचवाते मालिक। -प्रदीप तिवारी

कर्मियों ने कार्यशाला के मुख्य गेट पर की नारेबाजी

तेलंगाना में रोडवेज कर्मी बर्खास्त करने के विरोध में नारेबाजी

अंबाला शहर, 19 अक्तूबर (हप्र)

हरियाणा रोडवेज कर्मचारियों ने अंबाला कार्यशाला के मुख्य गेट पर प्रधान बीरभान बैनीवाल की अध्यक्षता में प्रदर्शन कर तेलंगाना सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बैनीवाल ने बताया कि तेलंगाना सरकार द्वारा रोडवेज विभाग के निजीकरण के विरोध में 5 अक्तूबर से कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। सरकार ने कर्मचारियों से बातचीत करने की बजाय 48000 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। इस दौरान मानसिक तनाव के चलते 6 कर्मचारियों की हार्ट अटेक से मौत हो चुकी है। तेलंगाना सरकार की इस कार्रवाई की कड़े शब्दों मे निंदा करते हुए कहा गया कि सरकार की इसे कर्मचारी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। राज्य महासचिव सतीश सेठी और प्रेस प्रवक्ता इन्द्र सिंह बधाना ने कहा कि वर्तमान में हरियाणा में भी इसी प्रकार के हालात बने हुए हैं। पिछले दिनों हरियाणा रोडवेज के कर्मचारियों द्वारा भी लगातार 18 दिन की हड़ताल के बाद हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद भी सरकार किलोमीटर स्कीम पर बसें शामिल करने की जिद पर अड़ी हुई है। केंद्रीय रोड ट्रांसपोर्ट एवं सेफ्टी बिल के लागू होने से पूरे परिवहन क्षेत्र का केंद्रीयकरण करके पूंजीपतियों के हवाले करने की साजिश रची जा रही है।

कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान पर प्रदर्शन

इन नेताओं ने बताया कि आज पूरे हरियाणा में अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान पर सभी रोडवेज डिपो के समक्ष तेलंगाना सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। तेलंगाना रोडवेज कर्मचारीयों की मांग है कि तेलंगाना परिवहन निगम को परिवहन विभाग का दर्जा दिया जाए। नेताओं ने बताया कि पूरे देश में फेडरेशन के बैनर तले सभी विभागों के एकजुटता दिखाकर कर्मचारी तेलंगाना सरकार के खिलाफ विरोध करके रोडवेज कर्मचारियों की मांगों को पूरा कर उन्हें ड्यूटी पर वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

लड़की का अपहरण

नाबालिग पुलिस संरक्षण में

अंबाला शहर, 19 अक्तूबर (हप्र)

थाना अंबाला शहर में दर्ज नाबालिग लड़की अपहरण के मामले में पुलिस ने आरोपी नाबलिग को पुलिस संरक्षण में लिया। आरोपी नाबालिग को ओब्जर्वेशन होम में भेज दिया गया है।

इस मामले के संबंध में शिकायकर्ता लड़की के भाई ने 28 सितंबर 2019 को थाना अंबाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी नाबालिग ने उसके घर से उसकी नाबालिग बहन का अपहरण कर लिया है।

सार्वजनिक सूचना
रखरखाव के कारण टिम्बर ट्रेल-परवाणू (हि.प्र.) की केबल कार 23-10-2019 से 24-10-2019 तक बन्द रहेगी।
हस्ता
मैनेजमेंट एशिया रिजोर्टस लिमिटेड परवाणू (हि. प्र.)

रूसी कहानी

नक़ाब

चेख़व



चित्रांकन : संदीप जोशी

वह उठ खड़ा हुआ, अपनी पूरी ऊंचाई तक तन गया और अपनी नक़ाब फाड़ डाली। अपना शराबी चेहरा दिखाने और उससे पड़े असर का मज़ा लूटने के बाद वह आरामकुर्सी में धंस गया और ख़ूब ज़ोर से हंसने लगा। सचमुच ही देखने लायक़ असर हुआ था। सभी बुद्धिजीवी हैरान नज़रों से एक-दूसरे की तरफ़ देखने लगे और डर से पीले पड़ गये, कुछ तो अपने सिर खुजलाते भी देखे गये।

'एक्स' नाम के क्लब में किसी संस्था की सहायतार्थ ड्रेस-बाल डांस या जैसा कि स्थानीय नवयुवतियां उसे पुकारती हैं, 'बाल पारेय' हो रहा था, जिसमें लोग वेश बदलकर और चेहरों पर नक़ाब लगाकर नाचते हैं।

उस समय आधी रात थी। नाच में भाग न लेने वाले बुद्धिजीवी 'ज्ञानी' लोग, जो नक़ाब नहीं पहने थे, वाचनालय में बड़ी मेज़ के चारों ओर बैठे हुए थे। संख्या में वे पांच थे, उनकी नाक और दाढ़ियां अख़बारों के पन्नों में दबी हुई थीं; वे पढ़ रहे थे, ऊंघ रहे थे और राजधानी के समाचारपत्रों के स्थानीय उदारचेता विशेष संवाददाता के शब्दों में 'विचारमग्न' थे।

नाच घर से एक विशेष नाच, 'क्वेड्रिल' के संगीत की धुन आ रही थी। बैरे बार-बार दरवाज़े के पास से पैर खटखटाते और तश्तरियां खनखनाते हुए भाग-दौड़ कर रहे थे। किन्तु वाचनालय के भीतर गम्भीर शान्ति का साम्राज्य था।

एक घुटी हुई-सी गहरी आवाज़ ने, जो किसी सुरंग से आयी मालूम देती थी, शान्ति भंग कर दी। 'मैं समझता हूं, हमें यहां ज़्यादा आराम रहेगा, चले आओ साथियो! इस तरफ़!'

दरवाज़ा खुला और एक चौड़े कन्धों वाला, नाटा, हट्टा-कट्टा व्यक्ति कोचवान की वर्दी पहने, अपनी टोपी में मोरपंख लगाये, नक़ाब लगाये, वाचनालय में घुसा। उसके पीछे नक़ाब लगाये दो महिलाएं थीं। और किश्ती लिये बैरा था। किश्ती में चौड़े पेंदे वाले हल्की शराब की एक बोतल, लाल शराब की तीन बोतलें और कई गिलास थे।

'इस तरफ़, यहां ज़्यादा ठण्डा रहेगा,' उस आदमी ने कहा, 'किश्ती मेज़ पर रख दो, कुमारियों बैठ जाओ! और आप सज्जनों, ज़रा जगह दीजिये, आप हमारी बातचीत में बाधक होंगे।' वह थोड़ा-सा डगमगाया और अपने हाथ से झाड़कर मेज़ पर से कई पत्रिकाएं गिरा दीं। 'रख दो उसे! और आप लोग रास्ते से हट जाइये! पढ़ने वाले सज्जनों! यह आप की राजनीति या अख़बार पढ़ने का वक्त नहीं है... उन्हें अलग हटाइए!'

'मैंने कहा, आप थोड़ा शान्त रहें न!' पढ़ाकू ज्ञानियों में से एक अपने चश्मे से नक़ाबपोश की ओर घूरता हुआ बोला, 'यह वाचनालय है, शराबख़ाना नहीं... यह शराब पीने की जगह नहीं है।'

'कौन कहता है? क्या मेज़ मजबूत नहीं है? या हमारे ऊपर छत आ गिरेगी? क्या मज़ाक़ है! लेकिन मेरे पास बातें करने के लिए वक्त नहीं है। आप अपने अख़बार रख दें... बहुत पढ़ चुके आप लोग और यह पढ़ाई काफ़ी है। वैसे ही आप लोग बहुत क़ाबिल हैं। इसके अलावा ज़्यादा पढ़ने से आप लोगों की आंखें ख़राब हो जायेंगी; लेकिन इससे ज्यादा बड़ी बात यह है कि यहां यह नहीं होने दूंगा—बस।'

बैरे ने मेज़ पर किश्ती रख दी और झाड़न बांह पर डाल, दरवाज़े पर खड़ा हो गया। महिलाओं ने तुरन्त लाल शराब उड़ेलनी शुरू कर दी।

'ज़रा सोचो तो! ऐसे भी बुद्धिमान लोग होते हैं जो ऐसी शराब से अख़बार ज़्यादा पसन्द करते हैं,' मोरपंख वाले ने अपने लिए शराब उड़ेलते हुए कहा। 'यह मेरा विश्वास है, आदरणीय महानुभावों कि आप लोगों को अख़बार इसलिए अधिक प्रिय है कि आपके पास शराब पीने के लिए पैसा नहीं है। क्या मैं ठीक कह रहा हूं? हा हा हा... इन पढ़ाकुओं की ओर देखो... और आपके अख़बारों में लिखा क्या है? ऐ चश्मे वाले! हमें भी कुछ ख़बर बताओ? हा हा हा... अच्छा बन्द करो यह सब। रोब गांठने की या तकल्लुफ़ बरतने की ज़रूरत नहीं है। लो थोड़ी शराब पिओ!'

मोरपंख वाले ने हाथ बढ़ाते चश्मे वाले सज्जन के हाथ से अख़बार छीन लिया। चश्मे वाला भौचक्का हो दूसरे ज्ञानियों की ओर देखता हुआ ग़ुस्से से लाल-पीला पड़ने लगा; दूसरे ज्ञानी भी उसकी ओर देखने लगे।

'जनाबे-आली! आप अपने आप को भूल गये हैं!' वह चिल्लाया। 'आप वाचनालय को शराब के अड्डे में बदले डाल रहे हैं, आप हंगामा कर रहे हैं, लोगों के हाथ से अख़बार छीन रहे हैं, और समझ रहे हैं कि यह सब ठीक है। पर मैं यह बरदाश्त नहीं कर सकता! आप जानते नहीं, जनाब, कि आप बात किससे कर रहे हैं। मैं बैंक का मैनेजर जेस्त्याकोव हूं!'

'मुझे खाक परवाह नहीं है कि तुम जेस्त्याकोव हो। और तुम्हारे अख़बार की मैं कितनी इज़्ज़त करता हूं, वह इसी से साबित हो जायेगी।' यह कहते हुए उसने अख़बार उठा लिया और फाड़कर उसके टुकड़े-टुकड़े कर डाले।

ग़ुस्से से पागल हुआ जेस्त्याकोव बोला—'भले मानस। इसके मानी क्या हैं? यह तो बहुत अजीब बात है, यह... यह तो... बस भौचक्का कर देने वाली बात है।'

'आप ग़ुस्सा हो रहे हैं!' वह व्यक्ति हंसते हुए बोला, 'हाय, मैं कितना डर गया हूं! देखो, डर के मारे मेरी टांगें कैसी थर्रा रही हैं... अच्छा, सज्जनों! अब मेरी बात सुनो, मज़ाक़ अलग रहा, मैं आपसे क़तई बात करना नहीं चाहता... आप देख रहे हैं कि मैं इन कुमारियों के साथ एकान्त चाहता हूं, मैं मौज करना चाहता हूं, इसलिए मेहरबानी करके गड़बड़ न मचाओ और यहां से चुपचाप चले जाओ... वह रहा दरवाज़ा। श्री बेलेबूखिन! निकल जाओ यहां से, जाओ जहन्नुम में! तुम इस तरह अपना थूथन क्यों उठा रहे हो? जब मैं कहता हूं : जाओ, तो फ़ौरन चले जाओ... जल्दी, वरना उठाकर फेंक दूंगा!'

अनाथों की अदालत के ख़ज़ांची बेलेबूखिन ने क्रोध से लाल पड़ते हुए और कन्धे मटकाते हुए कहा, 'क्या कहा तुमने? मेरी समझ में नहीं आता... कोई उद्दण्ड व्यक्ति कमरे में घुस आये और... एकाएक भगवान जाने क्या-क्या बकने लगे!'

'क्या कहा? उद्दण्ड?' क्रोध से मेज़ पर घूंसा मारते हुए, जिससे किश्ती में रखे गिलास उछल पड़े, मोरपंखवाला आदमी चिल्लाया, 'तुम समझते क्या हो? तुम किससे बात कर रहे हो? क्या तुम समझते हो कि मैं नक़ाब पहने हूं, तो तुम मुझे जो चाहो कह लोगे? तुम तो बड़े खरदिमाग़ हो! मैं कहता हूं, निकल जाओ बाहर! और बैंक मैनेजर भी यहां से रफ़ूचक्कर हो जाये! तुम सब बाहर निकल जाओ! मैं नहीं चाहता कि एक भी बदमाश इस कमरे में रहे। भागो... जाओ अपने सूअरखानों में!'

'वह हम देख लेंगे,' जेस्त्याकोव बोला, जिसके चश्मे का शीशा तक धुंधला हो गया था। 'मैं तुम्हें अभी दिखाता हूं अरे कोई है? अरे, तुम ज़रा किसी मैनेजर-वैनेजर को तो बुलाओ!'

एक मिनट बाद, छोटे क़द का लाल बालों वाला मैनेजर कोट के कॉलर में अपने पद का सूचक नीला फीता लगाये, नाच की मेहनत से हांफता हुआ कमरे में आया।

'कृपा करके इस कमरे को छोड़ दो!' उसने शुरू किया, 'यह पीने की जगह नहीं है! मेहरबानी करके जलपान-कक्ष में जायें।'

'और तुम कहां से आ टपके?' नक़ाबवाला बोला, 'मैंने तो तुम्हें बुलाया नहीं था।'

'कृपया गुस्ताख़ी न करें और बाहर चले जायें।'

'देखिये, जनाब! चूंकि आप यहां के प्रबंधक हैं और एक प्रमुख अधिकारी हैं मैं आपको एक मिनट का मौक़ा देता हूं, इन कलाकारों को बाहर ले जाइए। मेरे साथ की ये कुमारियां आसपास किसी अजनबी का रहना पसन्द नहीं करतीं... वे शरमाती हैं और मैं अपने पैसे की पूरी क़ीमत चाहता हूं, और उन्हें बिल्कुल वैसा ही देखना चाहता हूं जैसा कि उन्हें प्रकृति ने बनाया था।'

'निश्चय ही यह सूअर यह नहीं समझ रहा कि वह अपने सूअरख़ाने में नहीं है,' जेस्त्याकोव चिल्लाया, 'येवस्त्रात स्पिरिदोनिच को बुलाओ!'

'येवस्त्रात स्पिरिदोनिच!' सारे क्लब में यही आवाज़ गूंज उठी, 'येवस्त्रात स्पिरिदोनिच कहां है?'

और शीघ्र ही वह आ पहुंचा; पुलिस की वर्दी पहले वह एक बूढ़ा आदमी था। भारी गले से अपनी डरावनी आंखें तरेरते हुए और खिजाब से रंगी अपनी मूंछें हिलाते हुए वह बोला, 'मेहरबानी करके कमरा छोड़ दें!'

मजा लेकर वह व्यक्ति हंसते हुए बोला—'सचमुच तुमने तो मुझे डरा दिया; भगवान की क़सम, बिल्कुल डरा दिया! कैसी मज़ाक़िया सूरत है! ख़ुदा की क़सम, बिल्ली की-सी मूंछें! बाहर निकल पड़ रहीं आंखें! ओफ़! हा हा हा...'

ग़ुस्से से कांपता, अपना सारा दम लगाकर येवस्त्रात स्पिरिदोनिच चीख़ा, 'बहस बन्द करो! निकल जाओ, वरना मैं तुम्हें बाहर फिंकवा दूंगा!'

वाचनालय में हंगामा मचा हुआ था। लाल टमाटर बना येवस्त्रात स्पिरिदोनिच चिल्ला रहा था और पैर पटक रहा था। जेस्त्याकोव चिल्ला रहा था। सभी 'बुद्धिजीवी' चिल्ला रहे थे। पर उन सबकी आवाज़ें नक़ाबपोश की गले से निकलीं दबी-घुटी, गम्भीर आवाज़ में डूब गईं। इस हो-हल्ले में नाच बन्द हो गया और मेहमान लोग हॉल से निकलकर वाचनालय में आ गये। क्लब-भवन में जितनी पुलिस थी, असर डालने के लिए उन सबको बुलाकर स्पिरिदोनिच रिपोर्ट लिखने बैठा।

'लिख डालो,' नक़ाब वाले व्यक्ति ने क़लम के नीचे उंगली घुसेड़ते हुए कहा, 'अब मुझ बेचारे का क्या होगा? हाय, मुझ ग़रीब का क्या होगा? आप लोग क्यों किसी अनाथ ग़रीब को बर्बाद करने पर तुले हुए हैं? हा हा हा... अच्छा तो फिर लिख डालो! क्या रिपोर्ट तैयार हो गयी? क्या सब लोगों ने इस पर दस्तख़त कर दिये अब देखो! एक, दो, तीन...'

वह उठ खड़ा हुआ, अपनी पूरी ऊंचाई तक तन गया और अपनी नक़ाब फाड़ डाली। अपना शराबी चेहरा दिखाने और उससे पड़े असर का मज़ा लूटने के बाद वह आरामकुर्सी में धंस गया और ख़ूब ज़ोर से हंसने लगा। सचमुच ही देखने लायक़ असर हुआ था। सभी बुद्धिजीवी हैरान नज़रों से एक-दूसरे की तरफ़ देखने लगे और डर से पीले पड़ गये, कुछ तो अपने सिर खुजलाते भी देखे गये। अनजाने में कोई भारी ग़लती कर डालने वाले व्यक्ति की तरह स्पिरिदोनिच ने खंखारकर अपना गला साफ़ किया। झगड़ा करने वाले को सबने पहचान लिया था कि झगड़ालू व्यक्ति पुश्तैनी इज़्ज़तदार नागरिक प्यातिगोरोव है जो हुल्लड़बाज़ी व दानवीरता के लिए मशहूर है, और जिसके शिक्षा-प्रेम के बारे में स्थानीय समाचारपत्र लिखते थकते नहीं थे।

'क्या अब आप लोग यहां से जायेंगे या नहीं?' थोड़ा रुककर प्यातिगोरोव ने पूछा।

शोर से बचने के लिए पंजों के बल चलते हुए, बिना एक भी शब्द कहे, बुद्धिजीवी लोग कमरे के बाहर निकल आये और उनके पीछे प्यातिगोरोव ने दरवाज़ा बन्द कर ताला लगा लिया।

'तुम जानते थे कि वह प्यातिगोरोव है,' स्पिरिदोनिच ने कुछ देर बाद वाचनालय में शराब ले जाने वाले बैरे के कन्धे झंझोड़ते हुए भारी आवाज़ में कहा, 'तुमने कुछ कहा क्यों नहीं?'

'उन्होंने मुझे मना जो किया था।'

'मना किया था! ठहरो, बदमाश! मैं तुम्हें जब एक महीने के लिए जेल में ठूंस दूंगा, तब तुम्हें पता चलेगा कि 'मना किया था' के क्या मायने होते हैं। निकल जाओ!' फिर बुद्धिजीवी लोगों की ओर मुड़ते हुए स्पिरिदोनिच बोला 'और आप लोग भी ख़ूब हैं! हुड़दंग मचा दिया, जैसे, दस मिनट के लिए आप वाचनालय छोड़ न सकते हों! ख़ैर, सारी गड़बड़ और मुसीबत आपकी ही लायी हुई है और आप लोग ही अब निपटिये इससे। अरे साहब, भगवान के सामने कहता हूं, मुझे ये तरीक़े पसन्द नहीं हैं, क़तई पसन्द नहीं हैं।'

मायूस, परेशान, पछताते हुए बुद्धिजीवी लोग एक-दूसरे से फुसफुसाते हुए क्लब में इधर-उधर घूम रहे थे, उन लोगों की तरह जिन्हें आने वाली मुसीबत का पता लग गया हो। उनकी बीवियों और बेटियों पर यह सुनकर ख़ामोशी छा गयी कि प्यातिगोरोव को बेइज्जत किया गया है, वह बुरा मान गये हैं, और वे अपने-अपने घर चल दीं। नाच बन्द हो गया।

रात दो बजे प्यातिगोरोव वाचनालय के बाहर निकला। वह नशे में झूम रहा था। नाचघर में आकर वह बैंड की बग़ल में बैठ गया और बाजों की धुन पर ऊंघने लगा। ऊंघते-ऊंघते उसका सिर संतप्त मुद्रा में लटक गया और वह खर्राटे लेने लगा।

'बन्द करो बाजे!' बैंडवालों को इशारा करते हुए मैनेजर बोला, 'काश-श-श-श, येगोर नीलिच सो गये हैं।'

'क्या मैं आपको घर तक पहुंचा आऊं, येगोर नीलिच?' करोड़पति के कान तक झुकते हुए बेलेबूखिन ने पूछा। प्यातिगोरोव ने होंठ बिचकाये, मानो गाल पर बैठी कोई मक्खी उड़ा रहा हो।

'क्या मैं आपको घर तक पहुंचा आऊं?' बेलेबूखिन ने फिर कहा, 'या आपकी गाड़ी लाने को कह दूं?'

'हैं? क्या? आ हा! तुम हो! तुम क्या चाहते हो?'

'आपको घर पहुंचाना... सोने जाने का समय हो गया है न?'

'घर! मैं घर जाना चाहता हूं... मुझे घर ले चलो!'

संतोष से दमकते हुए बेलेबूखिन प्यातिगोरोव को सहारा देकर खड़ा किया। बाक़ी बुद्धिजीवी लोग भी भागते हुए आ पहुंचे और ख़ुशी से मुस्कुराते हुए उन सबने मिलकर खानदानी इज़्ज़तदार नागरिक को उठाया और बड़ी सतर्कता के साथ उसे गाड़ी तक पहुंचाया।

'कोई कलाकार, कोई अत्यन्त प्रतिभाशाली व्यक्ति ही हम सबका ऐसा मज़ाक़ बना सकता था,' करोड़पति को गाड़ी में बैठाते हुए प्रसन्नचित्त जेस्त्याकोव बड़बड़ाया। 'मैं तो सचमुच आश्चर्यचकित हूं, येगोर नीलिच! मैं हंसी नहीं रोक पा रहा, अब भी नहीं... हा हा हा... और हम-सब इतने उत्तेजित हो गये और गड़बड़ करने लगे! हा हा हा... आप विश्वास करें, मैं नाटक में भी इतना कभी नहीं हंसा! हास्य की इतनी गहराई! ज़िन्दगी-भर यह अविस्मरणीय सांझ मुझे याद रहेगी!'

प्यातिगोरोव को पहुंचाने के बाद बुद्धिजीवी लोग प्रसन्न व आश्वस्त हो गये। जेस्त्याकोव ने ख़ुशी से डींग मारी, 'उन्होंने मुझसे हाथ मिलाया! तो अब सब ठीक है, वह नाराज़ नहीं हैं।' लम्बी सांस लेकर स्पिरिदोनिच बोला, 'भगवान करे, वह बदमाश है, ख़राब आदमी है, पर वह हमारा हितकारी है। हमें होशियारी बरतनी चाहिए!'

कविता

बात-बेबात

चींटी लगी शक्कर में
डिब्बे में
चूहे खूब धूम-मचाते
रात में..

बात करके क्या बात करो
दया और करुणा शब्द
नदारद हैं समाज में
प्रेम बिकता बाजार में...

बात करके क्या बात करो
शिक्षा अब व्यापार है
मरीज अब बेहाल है
बिकती है अब खुशबू
रिश्ते अब कंकाल हैं...

बात करके क्या बात करो
वह दिखता है तो
बदल लेता अपनी राह
खुश रहना अब
सबसे कठिन कार्य है..

बात करके क्या बात करो
इस बार गर्मी खूब पड़ी
बिजली का बिल ज्यादा आया
उसका इंतजार करते-करते
आज का दिवस भी बीत गया...

बात करके क्या बात करो
हर आहट प्रेम भरी नहीं होती
माया के चक्कर में
कुचर्चा भी खूब होती...

बात करके क्या बात करो
ताड़ी के पेड़ के नीचे
दूध पीने से कोई बदनाम
नहीं होता...
कमल से कम
कीचड़ से ज्यादा सीख लेते...

बात करके क्या बात करो
सूरज तो पूर्व से उगा करता
भंवरों को क्या फूल महत्व देते
या उसकी आदत है...

बात करके क्या बात करो
साहित्य में भी व्यापार
तेरे-मेरे के ताने-बाने
वही चमकता तारा है...

बात करके क्या बात करो
मेरी कविता में कोई नई बात नहीं होती
उसकी आंखों में भी अब
प्यार भरी चमक नहीं होती...
बात करके क्या बात करो...

- पुरुषोत्तम व्यास

पुस्तक समीक्षा

वंचित समाज की विसंगतियों का विवेचन

पुस्तक : दलित सशक्तिकरण : सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण
संपादन : सुखदेव थोरात, निधि सदाना सभरवाल
प्रकाशक : सेज भाषा, नई दिल्ली
पृष्ठ : 332
मूल्य : 645

यश गोयल

'दलित सशक्तिकरण : सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण' विषयों पर केंद्रित पुस्तक का संपादन प्रो. सुखदेव थोरात और एसोसिएट प्रो. निधि सदाना सभरवाल ने किया है। आलोच्य पुस्तक में 14 चेप्टर हैं, जिसमें इन दो संपादकों के अलावा 12 अन्य शोध ग्रंथों का योगदान करने वाले लेखक हैं—विजय कुमार पारीक, अश्विनी देशपांडे, आर.एस. देशपांडे, अमरेश दुबे, अर्जन डे हान, पी.एम. कुलकर्णी, मोतिलाल महामलिक, प्रशांत नेगी, चितरंजन सेनापति, सच्चिदानंद सिन्हा, एम. थंगराज, और एस. वेंकटेसन हैं। इस किताब में तीन बातों के लिये प्रयास किया गया है : बहिष्कृत तथा स्वदेशी समूहों के निम्न विकास के कारणों के अध्ययन के लिये एक वैचारिक ढांचा विकसित किया है। साथ ही संयुक्त स्तर पर मानव विकास सूचकांक तथा मानव गरीबी सूचकांक में अंतरसमूह का आकलन किया गया है। दूसरा, संयुक्त स्तर पर मानव विकास सूचकांक तथा मानव गरीबी सूचकांक की संरचना पेश की गई। तीसरा, प्रत्येक एकल संकेतक के तदअनुरूप अन्य की तुलना में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों की स्थिति को प्रस्तुत किया है।

वर्ष 1935 से पहले ब्रिटिश राज ने दलित वर्ग को उस समय की जनगणना में डिप्रेस्ड क्लास माना था। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने डिप्रेस्ड क्लास की सभी जातियों को दलित में परिभाषित किया। आजादी के बाद नेशनल कमीशन फॉर शेड्यूल्ड कास्टस ने दलित लेबल को 'असंवैधानिक' माना क्योंकि भारतीय कानून अनुसूचित जाति का दर्जा देते हुए सभी डिप्रेस्ड क्लास को शामिल कर उन्हें आरक्षण का लाभ देकर नौकरियों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया गया। बाद मे प्रिवेंशन ऑफ एट्रोसिटिज एक्ट भी लागू हुआ। वर्ष 2018 के सितम्बर माह में बम्बई हाईकोर्ट के आदेश की पालना में सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनल्स को एडवाइजरी इशू की थी कि दलित शब्द की जगह शेड्यूल्ड कास्टस (एस-सी) शब्दों का इस्तेमाल किया जाये। संवैधानिक एस-सी श्रेणी में 29 राज्यों में 1108 जातियां है। क्या सभी को दलित कहा जा सकता है?

गत शताब्दी में 8वें से 10वें दशक में अंग्रेजी पत्रकारिता में दलित को दलित न लिखकर डॉउनट्रोडन लिखा जाता था। इस शताब्दी के दूसरे दशक के प्रारंभ से दलित जाति समूह शब्द प्रबल और प्रमुख हो गया। राजनीतिक दलों ने इसे वोट बैंक का हिस्सा बनाया। फिर शोध होने लगे। शोध संस्थान इस विषय पर बजट जारी करने लगे।

एक मूल प्रश्न है जो आजादी के बाद से चला आ रहा है कि समाज में जाति-पांति के आधार पर वोट-बैंक पॉलिटिक्स का अंत कब होगा? ताकि राजनीतिक दल एससी-एसटी को अपनी वोट बैंक पॉलिटिक्स से इस वर्ग को बक्श सकें? ऐसी कई पुस्तकों की जरूरत प्रतिपादित की जा सकती है। प्रकाशक ने इसका मूल्य भी व्यावसायिक रखा है। यह पुस्तक एक गैर-साहित्यिक शोधग्रंथ बन गया है जो नयी पीढ़ी के शोधार्थी के लिये सहायक हो सकता है।

कृति व कृतिकार के द्वंद्व से गुजरते हुए

पुस्तक : कालजयी रचनाएं एवं साक्षात्कार
लेखक : डॉ. सुभाष रस्तोगी
प्रकाशक : उमंग प्रकाशन, दिल्ली
पृष्ठ : 127
मूल्य : रु. 400.

चंद्र त्रिखा

मौलिक लेखन, समीक्षा, शोध और निबंध लेखन के क्षेत्र में लगभग आधी सदी खर्च कर चुके डॉ. सुभाष रस्तोगी की गणना पंजाब-हरियाणा व हिमाचल के अग्रगण्य विद्वानों में होती है। विविध विषयों को छूना व उनसे न्याय के लिए छटपटाना, यह इस शख्स की नियति भी रही है और नीयत भी।

ऐसे विलक्षण शोधपरक लेखन के साथ साक्षात्कार की विधा में भी उनकी देन विशिष्ट रही है। प्रख्यात नाटककार एवं कहानीकार स्वदेश दीपक और नई कविता को नई व्याख्या देने वाले महान कवि कुमार विकल के अंतिम साक्षात्कार, विधा के समृद्ध इतिहास में विशेष रूप में चर्चित रहेंगे।

प्रस्तुत कृति की एक विशेषता यह भी है कि लेखक ने अपने शोधपरक निबंधों को किसी एक कालखण्ड में सीमित नहीं किया। 'शिव शंबू के चिट्ठे' व 'अंधेर नगरी व भारत भारती' से लेकर 'आवारा मसीहा', 'अंतिम अरण्य', 'कितनी नावों में कितनी बार', 'सूरज का सातवां घोड़ा', 'कोर्ट मार्शल', 'ध्रुवस्वामिनी' सरीखी कालजयी कृतियों से भी गुजरे हैं। निजी रूप में मेरी मान्यता है कि यदि ऐसी कृति में एक 'सिलसिला' मिल जाए तो उस विशेष कालखण्ड के अध्ययन में सुविधा रहती है। इस छोटी-सी विसंगति के बावजूद यह कृति, साहित्य के अध्येताओं व युवा समीक्षकों के लिए एक मील पत्थर सिद्ध हो सकती है।

वर्तमान में कभी-कभी लगता है कि ईमानदार एवं पूर्वाग्रह से मुक्त समीक्षाओं का युग बीत चुका है। डॉ. सुभाष रस्तोगी की एक यह भी विशेषता है कि उन्होंने कृति व कृतिकार के भीतर के द्वंद्व से गुज़रे बिना कोई समीक्षा नहीं लिखी। वह किसी भी स्तर पर कृति व कृतिकार के विरुद्ध खड़े होने का प्रयास नहीं करते। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि समीक्षा एवं लेखन में शालीनता बनाए रखने के प्रयास में वह समीक्षा-धर्म की किसी भी तरह उपेक्षा करते हैं। डॉ. रस्तोगी, कुछ अर्थों में विलक्षण भी हैं। भाषा व अभिव्यक्ति की सामर्थ्य पर उनकी पकड़ अनुपम है। उसमें परंपरा व आधुनिक युगबोध का मिश्रित स्वरूप दिखाई देता है। मुझे इस बात का भी संतोष है कि डॉ. रस्तोगी हर दूसरी कृति को कालजयी घोषित करने के आडम्बर से भी बचे रहे हैं। इस दृष्टि से यह एक पठनीय कृति है।

छोटे कलेवर में बड़ी बात

पुस्तक : देशविदेश से कथाएं
संपादक : अशोक भाटिया
प्रकाशक : साहित्य उपक्रम, दिल्ली
पृष्ठ : 175
मूल्य : रु. 125.

मनमोहन गुप्ता मोनी

19 भाषाओं के 83 लेखकों की 122 लघु कथाओं का गुलदस्ता है 'देश-विदेश से कथाएं'। इन्हें अशोक भाटिया ने संपादित किया है। कथाकार के रूप में अशोक भाटिया परिचित नाम है। लघुकथा की खूबियां होती हैं कि छोटा कलेवर होने के बावजूद वह बड़ी बात कहने की सामर्थ्य रखती हैं। इस पुस्तक में अंग्रेजी, हिंदी, स्पेनिश, अरबी, जापानी, जर्मन, उर्दू, पंजाबी, गुजराती और कश्मीरी आदि भाषा की लघु कथाएं सम्मिलित हैं। कश्मीरी लेखक अमीन कामिल समाज की विसंगतियों पर प्रहार करने में माहिर हैं। उनकी 'फाटक' लघुकथा अपने आप में संपूर्ण कहानी है। कश्मीर के ही अख्तर मोहिउद्दीन भी 'डल की सैर' कराते हुए बहुत कुछ सवाल छोड़ जाते हैं।

अरबी लेखक खलील जिब्रान की लघुकथाएं विश्व साहित्य में अलग मुकाम रखती हैं। यहां उनकी 13 लघुकथाएं शामिल हैं । ये लघुकथाएं सर्वकालिक हैं। यही बात उर्दू लेखक इब्ने इंशा और सआदत हसन मंटो के बारे में कही जा सकती है। रूसी लेखक लियो टॉलस्टॉय और एंतोन चेखव की सामाजिक ताने-बाने को लेकर लिखी गई रचनाएं कालजयी हैं। इसी प्रकार पंजाबी और हिंदी के लघु कथाकारों ने समाज के प्राय हर वर्ग की घटनाओं को अपना कथानक बनाया है।

हिंदी के नामी रचनाकारों हरिशंकर परसाई, रमेश बत्रा, चित्रा मुद्गल, असगर वजाहत, मधुदीप, मुकेश वर्मा, कमल चोपड़ा, रामकुमार आत्रेय आदि कई अन्य रचनाकारों की लघु कथाएं तथा पंजाबी लघुकथाकारों श्याम सुंदर अग्रवाल, श्याम सुंदर 'दीप्ति', सुरेंद्र कैले, हरभजन खेमकरनी, वरयाम सिंह, जसवंत सिंह विरदी आदि की लघुकथाएं भी इस गुलदस्ते की शोभा हैं।

ज़िंदगी की जंग में जीत का जज्बा

पुस्तक : भट्ठी में पौधा
लेखक : कमल चोपड़ा
प्रकाशक : वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली
पृष्ठ : 159
मूल्य : रु. 395

जोगिंद्र सिंह

हिंदी के कथाकार कमल चोपड़ा की पत्रिकाओं में छपी कहानियों पर आधारित 'भट्ठी में पौधा' उनका दूसरा कहानी संग्रह है। इस कहानी संग्रह के पात्र अपनी हाशियाग्रस्त स्थिति को स्वीकारते हैं मगर वे नियति से टकराने का बूता रखते हैं। वे लड़ते हैं, जूझते हैं, चुनौती देते हैं। 'मुजरिम' की बसंती 17 साल पहले घर से कल्लू कुम्हार की बहू को लेकर भागे अपने पति धरमू की घर-वापस पर उसे स्वीकार नहीं करती। सभी कायदे-कानूनों और रस्मो-रिवाज को चुनौती देती है और पति से झगड़ते हुए अपनी जान तक गंवा देती है।

'इज्जत के साथ' की मुखतारी अपने घर-परिवार की इज्जत बचाने की खातिर अपना सर्वस्व होम कर देती है। जेल तक जाती है मगर ससुराल वालों के सलूक के खिलाफ विद्रोह करके घर छोड़कर कहीं ओर चले जाने को तैयार हो जाती है। 'अपने यहां' साम्प्रदायिक सौहार्द और इनसानियत की मिसाल पेश करती है। 'भट्ठी में पौधा' संग्रह की कहानियों के पात्र चाहे किसी तबके या धर्म और जात के हों, वे सामाजिक व्यवस्था पर सीधी चोट करते हैं। कमल चोपड़ा के सभी पात्रों में मानव सुलभ गुण व कमजोरियों तो हैं मगर, अपने संघर्ष और जिजीविषा के बल पर लगातार चुनौती पेश करने को तत्पर रहते हैं। गंदे, मुद्दा और इज्जत के साथ कहानियां 'बलात्कारी समाज' की हैवानियत को हमारे सामने नंगा करती हैं। इस संग्रह की कहानियों के लगभग सभी पात्र जीवन के यथार्थ और कड़वी सच्चाइयों का सामना करते हैं। सरल भाषा, हरियाणवी और पंजाबी का हिंदी के साथ इतनी सहजता के साथ प्रयोग कथाकार के अनुभव और परिपक्वता का ही प्रमाण है। पेशे से डाक्टर कमल की कहानियों में कहीं भी बोरियत महसूस नहीं होती, पाठक की रुचि अंत तक बनी रहती है। प्रवाहमयता के साथ सम्प्रेषणीयता लेखक की खासियत है, जो उन्हें चोटी के कथाकारों की श्रेणी में खड़ा करने के काबिल बनाती है।

प्रेम की सशक्त अभिव्यक्ति

पुस्तक : अनुभूतियां प्रेम की
कवयित्री : प्रगति गुप्ता
प्रकाशन : अयन प्रकाशन महरौली, नई दिल्ली
पृष्ठ : 280
मूल्य : रु. 600.

शशि सिंघल

प्रेम सर्वोपरि है। प्रेम सिर्फ स्त्री-पुरुष में ही नहीं, बल्कि हर रिश्ता प्रेम-भाव से ही जुड़ा होता है। रिश्ता कोई भी हो, लेकिन प्रेम-भाव को चंद शब्दों में अभिव्यक्त कर पाना नामुमकिन है। प्रेम ही है जो किसी भी जीव या अस्तित्व में प्रविष्ट करने वाली पहली अनुभूति है। जैसे-जैसे प्रेम की छत्रछाया में जीव का विकास होता है, वैसे ही उसे धीरे-धीरे इसकी व्यापकता और जरूरत का अहसास कहीं गहरे तक होता जाता है।

हर व्यक्ति का प्रेम को समझने, महसूस करने और अभिव्यक्त करने का पैमाना अलग-अलग है। इसी बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है 'अनुभूतियां प्रेम की' काव्य-संकलन। समकालीन प्रेम कविताओं से ओतप्रोत इस काव्य संकलन में 58 रचनाकारों की कविताओं का समायोजन किया गया है। इस साझा काव्य-संकलन का संपादन प्रगति गुप्ता ने किया है। इस संकलन में केवल महिला रचनाकारों को ही भागीदार बनाया गया है। इन रचनाकारों में अधिकांश तो काफी मंझी हुई कवयित्रियां हैं मगर, कुछेक ऐसी रचनाकार हैं, जिन्होंने पहली बार अपने काव्य-सृजन को सबके साथ साझा किया है। प्रेम और संवेदनाओं को महसूस करने वाले सभी सृजकों ने एक छत के नीचे आकर अपने सृजन के माध्यम से पाठकों को यही संदेश दिया है कि प्रेम की आत्मा को उस गहराई तक स्पर्श करिए, जहां स्वयं का और पढ़ने वाले का सुकून छिपा है। जहां सुकून है, वहां मन का शांत भाव है और इसी शांति को छूना हर साधक के जीवन का उद्देश्य भी है। प्रेम और संवेदनाएं हमेशा जिंदा रहनी चाहिए क्योंकि जीवन जीने का आधार यही है।

epaper.dainiktribuneonline.com

स्थानीय गायकों-कलाकारों की अनदेखी, फूटा गुस्सा

स्टार नाइट कार्यक्रम के दौरान करेंगे विरोध प्रदर्शन

बीबीएन, 19 अक्तूबर (निस)

नालागढ़ प्रशासन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेले में बीबीएन के स्थानीय गायकों व कलाकारों की अनदेखी पर गायकों ने मोर्चा खोल दिया है। गायकों का कहना है कि प्रशासन बाहरी राज्यों के कलाकारों पर तो लाखों रुपये उड़ा रहा है लेकिन स्थानीय गायकों को आवेदन के बावजूद प्रस्तुति का मौका नहीं दिया गया।

नालागढ़ में पत्रकार वार्ता के दौरान स्थानीय गायकों ने प्रशासन पर जमकर गुस्सा निकाला। गायक कल इस बाबत एक शिकायत भी प्रशासन को सौंपेंगे। गायकों ने दो-टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि रविवार को होने वाली स्टार नाइट कार्यक्रम में सभी गायक विरोध प्रदर्शन करेंगे।

नालागढ़ में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बीबीएन के गायक पारस बैंस, संजय सागर, पोला राम ढांगवाला, हंसराज, राजवीर, संजीव सरा, किशोरी लाल, सुमी प्रिंस, गुरप्रीत, लवप्रीत लक्की समेत अन्य गायकों ने बताया कि रेडक्रॉस मेले में प्रस्तुति के लिए दो दर्जन से अधिक स्थानीय कलाकारों ने आवेदन किया था। आवेदन के बावजूद गायकों को प्रस्तुति का मौका नहीं दिया गया। उधर, जब इस बाबत मेला कमेटी के चेयरमैन एवं एसडीएम प्रशांत देष्टा से बात की तो उन्होंने कहा कि अभी एक दिन पड़ा है स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जाएगा।

नालागढ़ में शनिवार को स्थानीय कलाकारों की अनदेखी पर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते बीबीएन के गायक व कलाकार। -निस

ठेकेदारी प्रथा बंद करे प्रशासन

गायकों ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि प्रशासन मेले के आयोजन में ठेकेदारी प्रथा को बंद करे। प्रशासन द्वारा एक आदमी को स्टेज और गायकों का जिम्मा सौंप दिया जाता है। वह ठेकेदार अपने चहेते गायको को मौका देते हैं और उन पर मुहमांगे पैसे भी लुटाये जाते हैं। गायकों ने आरोप लगाया कि बाहर से बुलाये जाने वाले गायकों को भुगतान तो कुछ किया जाता है और कागजों में कुछ ओर दिखाया जाता है।

सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

बीबीएन, 19 अक्तूबर (निस)

जिला स्तरीय तीन दिवसीय रेडक्रॉस मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या का आगाज एसपी बद्दी रोहित मालपानी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से अपील की कि वे रेडक्रॉस संस्था के लिए अपना यथासंभव योगदान दें। मेले में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्थानीय कलाकारों द्वारा भी लंबे समय तक मेले में लोगों का मनोरंजन किया गया। मुख्य कलाकार के रूप में प्रसिद्ध लोक गायक कुलदीप शर्मा ने एक से बढ़कर एक हिमाचल प्रदेश की प्रसिद्ध नाटियों तथा हिंदी गीतों से लोगों को नाचने पर मजबूर किया। इस अवसर पर सीनियर सिविल जज नालागढ़ कपिल शर्मा, सिविल जज जितेंद्र सिंह, तहसीलदार नालागढ़ ऋषभ शर्मा, खंड विकास अधिकारी नालागढ़ राजकुमार तथा भारी संख्या में अन्य लोग भी उपस्थित थे। जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेले के दूसरे दिन भाषा विभाग के सौजन्य से डॉक्टर अजय पाठक की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिला सोलन के जाने-माने कवियों ने भाग लिया जिसमें प्रमुख रूप से प्रेम लाल गौतम,मदन हिमाचली, श्रीमती कृष्णा बंसल, कविता बंसल, अदित कंसल, प्रियंका वैद्य,नंदिता बाली, अंजना कुमारी, विजयलक्ष्मी, अर्चना थे।

अवैध शराब की 950 पेटी पकड़ी

गाड़ी चालक कस्टडी से हुआ फरार

अंबाला शहर, 19 अक्तूबर (हप्र)

एक ट्रक में पंजाब से हरियाणा के रास्ते ले जाई जा रही अवैध शराब की 950 पेटी आबकारी एवं कराधान विभाग (एक्साइज) की सतर्कता टीम ने पकड़ी है। शराब में क्रेजी रोमियो का लेबल लगे 760 पेटी पव्वा शराब कांच में व 190 पेटी पव्वा शराब प्लास्टिक में शामिल हैं।

लेबल पर यह शराब एनवी डिस्टलरी राजपुरा से बनी दिखाई गई है। जब्त किए गए सामान को जब विभाग के आफिस ले जाया गया, जहां से संदेहजनक परिस्थितियों में गाड़ी ड्राइवर आबकारी विभाग के आफिस के बाथरूम से हाथ धोने का बहाना कर भाग गया। आबकारी निरीक्षक मोहन सिंह राणा अंबाला शहर के बयान पर गाड़ी चालक रजनीश निवासी सोनीपत व अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है।

आबकारी टीम ने पंजाब की ओर से आने वाली एक लोडशुदा गाड़ी को राष्ट्रीय राजमार्ग पर देवीनगर के नजदीक रोक लिया गया। चेक करने पर पता चला कि इस गाड़ी में शराब लोड की हुई है। चालक रजनीश ने बताया कि उसे यह गाड़ी शंभू पंजाब से किसी दूसरे ड्राइवर ने दी है तथा यह शराब गन्नौर ले जानी थी। चालक रजनीश इस शराब से संबंधित कोई लाइसेंस या परमिट अथवा बिल पेश नहीं कर पाया।

स्पोर्ट्स कॉर्नर

चंडीगढ़ में शनिवार को सेक्टर-16 में विजय मर्चेंट ट्राफी मैच में जम्मू एंड कश्मीर के खिलाफ जोरदार शॉट लगाता चंडीगढ़ का खिलाड़ी। - मनोज महाजन

कीनिया के राजदूत ने जीता गोल्फ टूर्नामेंट

चंडीगढ़/पंचकूला, 19 अक्तूबर (नस)

चंडीगढ़ सेक्टर 6 स्थित चंडीगढ़ गोल्फ टूर्नामेंट में कीनिया के ऐम्बेसेडर विल्ली बेट ने बाजी मारी। चंडीगढ़ एक विशेष आमंत्रण पर आये 15 राजदूतों में से आये 6 ने और ऐंबेसी स्टाफ ने खेल का लुत्फ उठाया। उद्योगपति दविन्द्र थापर के बुलावे पर आए सभी राजदूत और उनके परिजन गोल्फ क्लब से खासे प्रभावित दिखे। बूनेई के ऐम्बेसेडर दातो पाडुका सिदक बिन अली दूसरे स्थान पर रहे जबकि वियतनाम के ऐम्बेसेडर फाम सन छाउ को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। टूर्नामेंट में जोर्जिया, फिजी और आईसलैंड के एम्बेसेडर्स सहित अन्य दूतावासों के स्टाफ ने भी खेल में हाथ अजमाया।

घर में घुसकर मारपीट, केस दर्ज

जीरकपुर, 19 अक्तूबर (निस)

जीरकपुर की माया गार्डन सिटी में किराये के फ्लैट में रहते एक व्यक्ति की शिकायत पर जीरकपुर पुलिस ने उसके साले व साले के दोस्तों के ख़िलाफ़ मामला दर्ज किया है। अतुल्य महाजन ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपनी पत्नी और 2 बच्चों के साथ जीरकपुर में फ्लैट में रहता है। उसने बताया कि वह बटाला में काम करता है जिसके कारण वह हफ्ते में 2 या 3 दिन ही घर आता है और इसलिए उसकी सास उसकी पत्नी और बच्चों के साथ रहने के लिए उसके घर आती-जाती रहती है। बताया कि बीती 15 अक्तूबर को जब उसका साला अपने साथियों सहित घर में घुस गया और उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर साहिल बाली, नवीन, कप्पू सहित 2 अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

अनाज मंडी में प्लास्टिक के खिलाफ अभियान, 14 चालान

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर(ट्रिन्यू)

सेक्टर 26 में स्थित अनाज मंडी में 'प्लास्टिक नहीं कहो' अभियान का आयोजन निगम की स्वच्छता विंग ने सीएससी के सहयोग से आयोजित किया। अभियान के दौरान महापौर राजेश कालिया, एसडीएम (सेंट्रल) नाजुक कुमार, पार्षद दलीप शर्मा, आईटीबीपी स्टाफ और निगम और बैंक के अधिकारी उपस्थित थे। महापौर और अन्य ने प्रतिभागियों को कपड़ा बैग, रेहड़ी / फड़ी विक्रेताओं को स्टील की बोतलों का वितरण किया। स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के अलावा स्वच्छता विंग ने सेक्टर 35 के बाजार में स्वच्छता और प्लास्टिक वस्तुओं के तहत डिफॉल्टरों को 14 चालान जारी किए।

खबर है...

संगीत सम्मेलन में सुभाष, सरोज सम्मानित

चंडीगढ़ में पंजाब कला परिषद के रंधावा ऑडिटोरियम में शनिवार को आकाशवाणी संगीत सम्मेलन में प्रस्तुति देते संगीत कलाकार अभिषेक लाहिड़ी।

चंडीगढ़/पंचकूला (नस) : पंजाब कला परिषद के रंधावा ऑडिटोरियम में आज आकाशवाणी जालंधर की ओर से आकाशवाणी संगीत सम्मेलन 2019 का आयोजन किया गया। भारत में आकाशवाणी संगीत सम्मेलन को सर्वाधिक प्राचीन एवं प्रतिष्ठित संगत सम्मेलन में से एक होने का गौरव प्राप्त है। यह वार्षिक आयोजन देश के 24 विभिन्न स्थानों पर होता है और इसमें हिन्दुस्तानी और कर्नाटक संगीत शैली एवं लोक व सुगम संगीत के जाने-माने और उभरते कलाकार प्रस्तुतियां देते हैं। इस अवसर पर महानिदेशक आकाशवाणी की ओर से संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सुभाष चन्द्र घोष व डॉ. सरोज घोष को विशेष सम्मान दिया गया।

दुकान में आग लगने से सामान जला

राजपुरा (निस) : रिटेल सब्जी मंडी में शुक्रवार सुबह सब्जी विक्रेता की दुकान में आग लगने से हजारों रुपयों का सामान जलकर राख हो गया। दुकान के मालिक कांशी राम ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे पड़ोसी का फोन आया कि दुकान में आग लगी हुई है। आस-पड़ोस के लोगों की मदद से पानी व रेत डालकर आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। कांशी राम ने बताया कि लगता है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है।

7.02 ग्राम चिट्टा सहित गिरफ्तार

बीबीएन (निस) : पुलिस ने ऊंटपुर में एक कार से 7.02 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस टीम ऊंटपुर में मौजूद थी। तभी स्वारघाट की तरफ से एक मारुति कार नालागढ़ की तरफ आई, जिसको रुकने के लिए इशारा किया तो चालक ने कार को साइड में खड़ा कर दिया। कार चालक ने अपना नाम शेर सिंह उर्फ काला निवासी गांव डुंगी प्लेट नालागढ़ बताया। जब मारुति कार को चैक किया तो कार में से 7.02 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। एएसपी बद्दी एनके शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस करेगी वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

चंडीगढ़ (ट्रिन्यू) : चंडीगढ़ के आईटी पार्क में स्थित पुलिस थाने का स्टाफ रविवार को चंडीगढ़ और उसके आसपास के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करेगा। समारोह का आयोजन आईटी पार्क स्थित टेक महिंद्रा कार्यालय में सुबह 11बजे किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिकों की पुरानी यादों को भी ताजा किया जाएगा।

बुजुर्गों को दिये सर्दी के कपड़े

पंचकूला (ट्रिन्यू) : महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट ने सेक्टर 15 के रेडक्रॉस भवन में बुजुर्गों के लिए सर्दी के कपड़े दिए। ट्रस्ट हर साल सर्दी और गर्मियों के वस्त्र बजुर्गों को देता है। ट्रस्ट के प्रेस सचिव तरसेम गर्ग ने बताया कि संस्था हर महीने बुजुर्गों के लिए राशन भी उपलब्ध कराता है। आज ट्रस्ट के उपप्रधान लाजपत राय बंसल परिवार ने बुजुर्गों को दीवाली पर्व के उपलक्ष में गर्म वस्त्र दिए। इस मौके पर ट्रस्ट के चीफ पैट्रन बालकृष्ण बंसल, प्रधान अशोक जिंदल, महासचिव जगमोहन गर्ग, सहसचिव सज्जन जिंदल, सत्य भगवान सिंगला आदि मौजूद रहे।

अंबाला सिटी के बलदेव नगर में शनिवार को चडीगढ़-दिल्ली रोड पर घर की दीवार तोड़कर घर में सामान से लदा ट्राला घुस गया, जिससे दोपहिया वाहन व घर का सामान क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार वाहन चडीगढ़ से दिल्ली जा रहा था और चालक कथित रूप से नशे में था, जिसके चलते ये हादसा हुआ। -प्रदीप मैनी

जयराम ठाकुर तहसील कार्यालय का करेंगे लोकार्पण

बीबीएन, 19 अक्तूबर (निस)

मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर 22 अक्तूबर को सोलन जिला के बीबीएन के एक दिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं। वह 22 अक्तूबर को बद्दी के धामूवाला में फॉरच्यूनर पेपर प्रोडक्ट के नए उद्यम का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद झाड़माजरी (कुंजाहल) में तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय के भवन का शिलान्यास करेंगे और तहसील कार्यालय बद्दी का लोकार्पण करेंगे। जयराम ठाकुर इसी दिन शाम के समय हरे कृष्ण गौशाला (मलकू माजरा) में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री किशनपुरा में पुलिस लाइन बद्दी के प्रशासनिक खंड का लोकार्पण करेंगे। जयराम ठाकुर बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन के रजत जयंती समारोह की अध्यक्षता भी करेंगे।

ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज

जीरकपुर, 19 अक्तूबर (निस)

गांव ढकोली में स्थित पीएसपीसीएल बिजली वितरण टावर से सामान चोरी करने के आरोप में ढकोली पुलिस ने विभाग के एक अधिकारी की शिकायत पर ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है । घटना 17 अक्तूबर की है। अपनी शिकायत में संजीव माही, सहायक कार्यकारी इंजीनियर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि आरोपी पीएसपीसीएल विभाग से ठेके ले ठेकेदारी का काम करता है। 17 की शाम को उसने अपने ट्रैक्टर ट्राली में ढकोली क्षेत्र में लगे नए बिजली वितरण टॉवरों का सामान चोरी कर लोड कर लिया। जब उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो आरोपी ठेकेदार फरार हो गया। फिलहाल आरोपी फरार है।

जुबान-ओ-अदब पर संगोष्ठी

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

महाजन डीएवी कॉलेज फॉर वीमेन में हरियाणा उर्दू अकादमी, पंजाब आर्ट्स काउंसिल के सहयोग और चंडीगढ़ साहित्य अकादमी के योगदान से जुबान-ओ-अदब संगोष्ठी आयोजित किया गया, जिसमें चार भाषाओं की साहित्यिक गतिविधियों पर अलग अलग विद्वानों ने प्रकाश डाला। डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी, नयी दिल्ली के डायरेक्टर हायर एजुकेशन शिव रमन गौड़ बतौर मुख्य अतिथि तथा पंजाब यूनिवर्सिटी के डीन यूनिवर्सिटी इंस्ट्रक्शंस प्रोफसर शंकर झा, पंजाब यूनिवर्सिटी के अंग्रेजी विभाग के प्रोफ़ेसर एमेरिटस, प्रो शैली वालिया, हरियाणा उर्दू अकादमी के चेयरपर्सन चंद्र त्रिखा और अन्य बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। इस अवसर पर कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ निशा भार्गव के काव्य संग्रह सफर जिंदगी का लोकार्पण हुआ। प्रो शंकर झा ने साहित्य की नीव मूल्य और सम्प्रेषण को मानते हुए कहा कि केवल अभिव्यक्ति ही साहित्य की भाषा नहीं होती उसकी भावनात्मक सम्प्रेषणीयता उसे प्रभावी बनाती है। अंग्रेजी विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के प्रो रिज़वान खान ने कि भाषा को किसी एक धर्म विशेष से जोड़ना नहीं चाहिए क्योंकि भाषा का अपना कोई धर्म नहीं होता।

मुशायरे में कवियों ने दाद बटोरी

इस अवसर पर प्रख्यात कवियों द्वारा एक मुशायरे के माध्यम से शब्दों की सुंदरता को दर्शाने वाली आत्मीय काव्य रचनाओं से श्रोताओं को रूबरू कराया गया। श्री ज्ञानप्रकाश विवेक, डॉ केके ऋषि, प्रो जगमोहन, प्रो पाल कौर माधव कौशिक, मनजिंदर धनोआ इन सभी कवियों ने अपने कलम से बहुत दाद बटोरी। कार्यक्रम में सूफी सिस्टर्स और टीपू सुल्तान की संगीतमय प्रस्तुति ने श्रोताओं की खूब तालियां बटोरीं।

दोनों आरोपियों का कोई सुराग नहीं

मोहाली, 19 अक्तूबर (निस)

गांव कुंभड़ा में शुक्रवार को एक हत्या केस में गवाह कुम्हार बीर सिंह के घर में घुसकर उस पर तीन गोलियां दागने के आरोपी मनीष प्रभाकर व उसके दूसरे साथी राजविंदर सिंह उर्फ राजू का कोई सुराग नहीं लगा है। मनीष प्रभाकर व राजविंदर सिंह की तालाश में मोहाली पुलिस उनके बरनाला स्थित घर में पहुंची जहां उनके घरों में ताले लगे मिले। पता चला है कि दोनों की लोकेशन दिल्ली में ट्रेस हुई है। मोहाली पुलिस की एक टीम दिल्ली के लिए भी रवाना हो गई है।

पुलिस के अनुसार बरनाला में मनीष के खिलाफ 2013 में मारपीट का एक मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में अदालत ने उसे भगोड़ा करार कर दिया था। मनीष यहां से यूएसए भाग गया था जहां उसने वहां की सिटीजन एक युवती से शादी की और ग्रीन कार्ड होल्डर बन गया। कुछ समय बाद दोनों का तालाक हो गया।

चंडीगढ़ में शनिवार को टैगोर थियेटर में स्मार्ट वंडर्स स्कूल के विद्यार्थी वार्षिकोत्सव में नाटक 'चली कहानी' पेश करते हुए। - मनोज महाजन

मानव मंगल स्कूल में वार्षिक क्लास शो

ज़ीरकपुर (निस) : मानव मंगल स्कूल में वार्षिक क्लास शो में देशभक्ति, भक्ति, हिपहॉप प्रस्तुत किए गए। शो जूनियर वर्ग के छात्रों द्वारा प्रस्तुत एक स्वागत गीत से शुरू हुआ। 'प्रार्थना गीत' , 'मस्ती की पाठशाला' और 'सलाम इंडिया' जैसे प्रदर्शनों ने दर्शकों को आकर्षित किया।

स्वयंसेवियों ने दिखाया सेवा भाव

बीबीएन (निस) : जिलास्तरीय रेडक्रॉस मेले के के दौरान आयोजित कवि सम्मेलन में राजपुरा विद्यालय के स्वयंसेवियों ने विभिन्न स्थानों से आए हुए कवियों को अपनी सेवाएं प्रदान कर समाज सेवा की मिसाल पेश की। तीन स्वयंसेवियों रश्मि, रीता व सीमा ने अपनी कविता भी प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य अदित कंसल ने कहा कि राजपुरा विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सदैव समाज सेवा के लिए तत्पर रहती है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रभारी लोकेश कुमार ने कहा कि नौजवानों को अपनी ऊर्जा को देश व समाज के रचनात्मक कामों में लगाना चाहिए।

प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

अम्बाला (नस) : आर्य कन्या कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव आईसीआईसीआई बैंक और एक्साइड लाइफ इंश्योरेंस द्वारा रिक्त पदों की भर्ती के लिए रखी गई। इस अवसर पर सेमिनार के मुख्य वक्ता टाइमस ऑफ इंडिया से आए जोनल बिजनेस मैनेजर योगेश मोहन जोशी और बिजनेस डिवेल्पमेंट मैनेजर कृष्णकांत शर्मा थे। उन्होंने छात्राओं को बैंकिंग सेक्टर में व्यवसायों के बारे में संपूर्ण जानकारी दी। आईसीआईसीआई बैंक के लिए साक्षात्कार में 7 छात्राएं सीनियर ऑफिसर पद के लिए चुनी गईं। एक्साइड लाइफ इंश्योरेंस से आए प्रवीण वासुदेव, जसवंत सिंह, ट्रेनिंग मैनेजर तथा अन्य ने छात्राओं को इंश्योरेंस सेक्टर में व्यवसाय के बारे में जानकारी दी। कुल 40 छात्राओं को फाइनेंशियल एडवाइजर पद के लिए चुना गया। प्राचार्य डॉ. अनुपमा आर्य ने चयनित छात्राओं को बधाई दी।

कुश्ती में मौली स्कूल के बच्चों ने झटके 12 पदक

चंडीगढ़ के मनीमाजरा के स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में कुश्ती प्रतियोगिता में पदक विजेता सरकारी मॉडल हाई स्कूल के बच्चे।

चंडीगढ़ (ट्रिन्यू) : स्पोर्ट्स काम्पलेक्स मनीमाजरा में हाल में संपन्न हुई इंटर स्कूल कुश्ती प्रतियोगिता में सरकारी मॉडल हाई स्कूल, मौली कॉलोनी की लड़कियों ने अंडर 14 और अंडर 17 वर्ग में 5 स्वर्ण, 5 रजत, 2 कांस्य पदक जीते। राजकुमार, डीपीई ने बताया कि अंडर 14 आयु वर्ग में निशा, दीपिका, अंजलि और मेघा ने स्वर्ण पदक जीते जबकि संजना, बबली, अंजलि और नेहा ने रजत पदक जीता। अंडर 17 में आयु वर्ग में रानी ने स्वर्ण, बिमल ने रजत, नीलू और उर्मिला ने कांस्य पदक जीते।

दीपावली के उपलक्ष्य में दीया सज्जा प्रतियोगिता

अम्बाला (नस) : लॉर्ड महावीर जैन पब्लिक स्कूल में आज दीपावली के उपलक्ष्य में कक्षा गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की रचनात्मक सृजनात्मकता को उभारने के लिए दीया एवं मोमबत्ती सज्जा, तोरण निर्माण, हट्टी सज्जा, कलश सज्जा और ड्राई फ्रूट थाली सज्जा जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य रुचि शर्मा ने छात्रों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रशंसा की और स्टाफ एवं विद्यार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

प्रोजेक्ट के लिए प्राप्त की अनुदान राशि

अम्बाला (नस) : सनातन धर्म महाविद्यालय बीएससी आईटी द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों अजय चैहान, विशाल सैनी और रजत कुमार ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी इंक्यूवेशन सेंटर की तरफ से प्रोजेक्ट के लिए 50 हजार की अनुदान राशि प्राप्त की। विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी में अपना प्रस्ताव भेजा था जिसमें कॉलेज विद्यार्थियों का यूनिवर्सिटी द्वारा चयन प्रक्रिया के बाद प्रस्ताव मंजूर कर अनुदान राशि जारी की गई। प्राचार्य डॉ राजेन्द्र सिंह एवं प्रवक्ता डॉ नवीन गुलाटी ने विद्यार्थियों और प्रोजेक्ट गुरु डॉ आरती अरोड़ा को उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ सभी सहपाठ्य क्रम गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं।

बच्चों को सौर मंडल की दी जानकारी

अम्बाला (नस) : द एसडी विद्या कैंपस में ब्रह्मांड एडुटेनमेंट संस्था द्वारा दो दिवसीय डिजिटल मूवी शो का आयोजन किया गया। प्रोग्राम का शुभारंभ स्कूल के अध्यापक एस के खन्ना द्वारा रिबन काटकर किया गया। शो में छात्रों को सूर्य, चंद्रमा, हमारे सौर मंडल और ब्रह्मांड के अन्य रहस्यों के विभिन्न पहलुओं का पता लगाने का मौका मिला। बच्चों को अंतरिक्ष का नजारा बेहद रोमांचक लगा। शो में आकाश का आभासीय मॉडल प्रदर्शित किया गया। स्कूल की निदेशक प्राचार्य नील इन्द्रजीत कौर संधु ने कहा कि इस तरह के शो छात्रों को उपग्रह, गैलेक्सी और सितारों के बारे में ज्ञान प्रदान करते हैं।

शैमफर्ड स्कूल को आवासीय विद्यालयों में द्वितीय स्थान

पिंजौर के शैमफर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल में शनिवार को अवार्ड दिखाते मैनेजमेंट के सदस्य। -निस

पिंजौर (निस) : शैमफर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल पिंजौर ने दूसरी बार प्रदेश के सहशिक्षा आवासीय विद्यालयों की श्रेणी में द्वितीय स्थान हासिल किया। स्कूल को यह सम्मान ऐजूकेशन विश्व रैंकिंग 2019-2020 की ओर से प्रदान करते हुए स्कूल चेयरमैन डॉ. डीआर अरोड़ा को सम्मानित किया गया। शैमफर्ड स्कूल ने आधुनिक शिक्षा के मापदंडों पर खरा उतरते हुए लगातार दूसरे वर्ष भी कीर्तिमान स्थापित किया।

सोहन लाल डीएवी स्कूल की टीम प्रथम

अंबाला शहर (हप्र) : भारत विकास परिषद नगर शाखा अंबाला द्वारा आज पीकेआर जैन वाटिका कॉलेज ऑफ एजुकेशन में भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंबाला के 20 स्कूलों की दो-दो टीमों ने भाग लिया। डॉक्टर केके खुराना व डॉक्टर सौरभ गुप्ता ने संचालन किया। वरिष्ठ वर्ग में सोहन लाल डीएवी स्कूल की टीम प्रथम स्थान, पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल की टीम द्वितीय स्थान व पीकेआर जैन गल्र्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम तीसरे स्थान पर रही। कनिष्ठ वर्ग में मुरलीधर डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम को प्रथम स्थान, तुलसी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम को द्वितीय स्थान तथा एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल की टीम को तृतीय स्थान मिला। राष्ट्रीय संयोजिक महिला एवं बाल विकास अविनाश शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस मौके पर कमल गोयल, प्रोफेसर एमपी गुप्ता, पीके अग्रवाल, आरएन मित्तल, बीके ओबरॉय,डॉक्टर अंजलि भारती मौजूद रहे।

अब डोर-टू-डोर मतदाताओं को रिझाने की कोशिश

उपचुनाव के लिए थमा प्रचार का शोर, कल पड़ेंगे वोट

चंडीगढ़/शिमला, 19 अक्तूबर (ट्रिब्यू/निस)

हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला और पच्छाद तथा पंजाब में दाखा, जलालाबाद, फगवाड़ा तथा मुकेरिया विधानसभा क्षेत्रों में 21 अक्तूबर को होने वाले उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार आज सायं पांच बजे थम गया। इसके बाद अब सभी राजनीतिक दल घर-घर जाकर वोट मांगने में जुट गए हैं। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन आज दोनों प्रमुख दलों कांग्रेस और भाजपा के अलावा निर्दलीय उम्मीदवारों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंकी। इस दौरान निर्दलीय उम्मीदवार जिनमें अधिकांश बागी हैं, अपने समर्थकों के साथ घर-घर जाकर प्रचार करते रहे।

मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रचार के आखिरी दिन आज धर्मशाला में पार्टी प्रत्याशी विशाल नेहरिया के पक्ष में चुनाव प्रचार किया और प्रदेश सरकार द्वारा बीते लगभग पौने दो साल में किए गए विकास कार्यों तथा केंद्र सरकार की उपलब्धियों के नाम पर वोट मांगे। जयराम ठाकुर ने विपक्ष पर भी जोरदार हमले बोला और उसके चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप निराधार हैं। धर्मशाला में आज सांसद किशन कपूर और स्वास्थ्य मंत्री विपिन सिंह परमार ने भी चुनाव प्रचार किया।

दूसरी ओर कांग्रेस के विजय इंद्र कर्ण के पक्ष में विपक्ष के नेता मुकेश अग्निहोत्री सहित अन्य नेताओं ने वोट मांगे।

पच्छाद में आज शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज और सांसद सुरेश कश्यप ने चुनाव प्रचार की कमाल संभाले रखी और पार्टी प्रत्याशी रीना कश्यप के लिए वोट मांगे। यहां कांग्रेस की ओर से प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर सहित अन्य नेताओं ने पार्टी प्रत्याशी गंगूराम मुसाफिर के लिए घर-घर जाकर वोट मांगे।

उन्होंने भाजपा पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप भी लगाए और कहा कि बागी नेताओं के कारण भाजपा बुरी तरह उलझी हुई है तथा उसका हारना तय है। पच्छाद में भाजपा की बागी व निर्दलीय उम्मीदवार दयाल प्यारी ने आज सराहां क्षेत्र में प्रचार कर वोट मांगे।

जयराम बताएं 2 साल में कांगड़ा के लिए क्या किया

धर्मशाला (निस) : पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता जीएस बाली ने स्वास्थ्य लाभ लेकर विदेश से लौटते ही चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मोर्चा संभालते हुए जयराम सरकार पर बड़ा हमला बोला। धर्मशाला में प्रेस वार्ता कर बाली ने कांग्रेस के नए व पुराने नेताओं को एक मंच पर लाकर जयराम सरकार पर धर्मशाला व कांगड़ा के साथ भेदभाव का आरोप लगाया। बाली ने मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर सियासी हमला करते हुए कहा कि जयराम बताएं कि पिछले दो साल में धर्मशाला व कांगड़ा के लिए उन्होंने क्या किया। उन्होंने प्रदेश सरकार पर कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा मात्र मोदी के नाम पर वोट लेना चाह रही है। लेकिन जनता उन्हें सबक सिखाने के मूड में है। बाली ने कहा कि इस बार चुनाव नारों पर नहीं धर्मशाला के मुद्दों पर लड़ा जा रहा है। ऐसे में जनता प्रदेश सरकार से जवाब मांग रही है कि सरकार बताए कि दो साल में उन्होंने क्या किया। इस अवसर पर उनके साथ सांसद विप्लव ठाकुर, पूर्व मंत्री चंद्रेश कुमारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी मौजूद थे।

धर्मशाला में शनिवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता जीएस बाली मीडिया को संबोधित करते हुए। -दैनिक ट्रिब्यून

सड़कों पर जमकर शक्ति प्रदर्शन : उप चुनाव में प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को धर्मशाला की सड़कों पर जमकर शक्ति प्रदर्शन हुआ। कांग्रेस व भाजपा सहित आजाद उम्मीदवार राकेश चौधरी ने प्रचार के अंतिम दिन पूरी ताकत झोंक दी। इन तीनों के शक्ति प्रदर्शन के चलते बाइक व वाहनों की भीड़ ने धर्मशाला शहर को पूरी तरह से जाम कर दिया। धर्मशाला योल रोड सहित धर्मशाला बाजार में घंटों जाम जैसे हालात बने रहे। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कोतवाली बाजार के संगम पार्क से भाजयुमो व भाजपा कार्यकर्ताओं की बाइक और वाहन रैली को रवाना किया। जयराम ठाकुर ने कहा कि धर्मशाला व पच्छाद उपचुनावों में भाजपा हैट्रिक बनाएगी। ये दोनों सीटें पहले भी भाजपा के पास थीं तथा उपचुनावों के बाद फिर भाजपा के पास होंगी। आजाद प्रत्याशी राकेश चौधरी ने भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ चामुंडा के बड़ोई से वाहन रैली निकालकर दम दिखाया। कांग्रेस के कार्यकर्ता भी झंडे और बैनर लेकर सड़कों पर वाहनों में निकले।

वीरभद्र की कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील

शिमला (निस) : हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने पच्छाद व धर्मशाला के मतदाताओं का आह्वान किया है कि वे अपने मत का सही उपयोग करते हुए प्रदेश में कांग्रेस की मजबूती के लिए अपना योगदान पार्टी को दें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो देश व प्रदेश को सही दिशा दे सकती है। वीरभद्र सिंह ने आज शिमला से जारी एक बयान में कहा कि उन्हें चुनाव प्रचार के दौरान उनसे निजी तौर पर न मिलने का अफसोस है। उन्होंने कहा की अस्वस्थ होने की वजह से वह चुनाव प्रचार में भाग नहीं ले सके पर वह जल्द ही कांग्रेस पार्टी के समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त करने उनके पास आएंगे।

मुकेरियां में अमरेंद्र का रोडशो, बोले-इलाके को अपनाकर खुद करवाऊंगा विकास

होशियारपुर, 19 अक्तूबर (निस)

मुकेरियां उपचुनाव के लिए प्रचार के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी इंदुबाला के पक्ष में मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह ने आज रोडशो किया। रोडशो तलवाड़ा के सेक्टर-4 स्थित बैरियर से शुरू हुआ और इलाके के विभिन्न गांवों से होता हुआ भोडे दा खूह पहुंचा जहां कैप्टन ने एकत्रित लोगों व कांग्रेस वर्करों को संबोधित किया। इस दौरान विशेष बस की छत पर कैप्टन के साथ टांडा के विधायक संगत सिंह गिलजियां और कांग्रेस प्रत्याशी इंदुबाला भी मौजूद थे।

अमरेन्द्र सिंह ने उपस्थिति को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी इंदुबाला के पत्रा में मतदान की अपील करते हुए कहा कि इंदुबाला से पहले उनके पति स्वर्गीय रजनीश बब्बी ने इलाके की सेवा की और उससे पहले करीब चार दशक तक इंदुबाला के ससुर डॉक्टर केवल कृष्ण ने इलाके के लोगों का प्रतिनिधित्व किया। कैप्टन ने कहा कि कांग्रेस विधायक रजनीश बब्बी के गंभीर बीमारी के चलते इलाके में मजबूरीवश उतना काम नहीं कर पाए लेकिन उनके परिवार ने करीब चार दशक से ज्यादा समय तक दो पीढ़ियों से लोगों की सेवा की है। कैप्टन ने पार्टी प्रत्याशी को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि मुकेरियां में विकास कार्य वह स्वयं कराएंगे। उन्होंने मुकेरियां हलके को खुद अपनाने की घोषणा करते हुए कहा कि उनका वादा है कि हलके का विकास दोबारा बहुत तेजी से होगा।

इस अवसर पर दसूहा के विधायक अरुण डोगरा मिक्की, टांडा के विधायक संगत सिंह गिलजियां और पूर्व विधायक लव कुमार गोल्डी के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस वर्कर मौजूद थे। भोडे दा खूह के बाद रोडशो अड्डा रौली, संथवा, चौधरी दा बाग, अड्डा झीर दा खूह से होते हुए अड्डा गेरा, अड्डा हाजीपुर शहर, हाजीपुर टी प्वाइंट से अड्डा दगन, खरड़ बडला, पूडा कालोनी के नजदीक आईटीआई मुकेरियां पहुंचा। इसके बाद शहर के माता रानी चौक, सिविल अस्पताल चौक, प्रताप चौक से होकर नया भंगाला और अंत में अड्डा मानसर में संपन्न हुआ।

मुकेरियां में शनिवार को मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह रोडशो शुरू करने से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी इंदुबाला, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ और अन्य पार्टी नेताओं के साथ। -मलकीत सिंह

नशे के सौदागरों के दिन अब खत्म

लुधियाना (निस) : दाखा से कांग्रेस उम्मीदवार कैप्टन संदीप संधू ने आज अकाली उम्मीदवार मनप्रीत सिंह अयाली और बिक्रम सिंह मजीठिया द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भड़काने के खिलाफ स्पष्ट चेतावनी जारी करते हुए कहा कि नशे के सौदागरों और श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी करने वालों के दिन अब खत्म हो चुके हैं। आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कैप्टन संधू ने मजीठिया और अयाली द्वारा बार-बार हिंसा होने की धमकियों के बारे में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि उन्हें समझ लेना चाहिए कि राज्य में कांग्रेस की सरकार है जो न तो गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त है और न ही किसी को ऐसा करने की अनुमति देगी। उन्होंने चेतावनी दी कि हिंसा की किसी भी कोशिश से कानून के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा। दाखा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सभी पार्टियों ने अपना पूरा जोर मतदाताओं से सम्पर्क पर लगाया। शिरोमणि अकाली दल के प्रत्याशी मनप्रीत सिंह अयाली में अपने साथियों सहित विधानसभा क्षेत्र के 25 से ज्यादा गांवों में पैदल रोड शो किया। इसी तर्ज पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी अमनदीप सिंह मोही के समर्थन में संगरूर से पार्टी के सांसद भगवंत मान के नेतृत्व में रोड शो आयोजित किया गया। लोक इंसाफ पार्टी ने भी क्षेत्र में रोडशो किया। भगवंत मान ने रोड शो के दौरान कहा कि अकाली दल और कांग्रेस एक ही थैली के चट्टे बट्टे हैं। आनंदपुर साहिब से कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने आज लुधियाना में एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर कैप्टन संदीप संधू के लिए वोट मांगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से करतारपुर कोरिडोर पर सियासत न करने की भी अपील की और वीर सावरकर से पूर्व शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को भारत रत्न की मांग की।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर निगरानी रखे आयोग

फगवाड़ा (एजेंसी) : पंजाब में चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बूथ कब्जा करने की आशंका प्रकट करते हुए केंद्रीय मंत्री सोमप्रकाश ने शनिवार को निर्वाचन आयोग से आग्रह किया कि वह उन पर अतिरिक्त निगरानी रखे। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मैंने इसके बारे में निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है और मतदान के दिन पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था किये जाने का आग्रह किया है।' सोम प्रकाश ने कहा, 'हमने सभी सक्षम प्राधिकारों के समक्ष आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर चुके हैं लेकिन उन लोगों ने अब तक कुछ नहीं किया है क्योंकि वह सत्तारूढ़ दल के निर्देशों के तहत काम कर रहे हैं।'

खबर है...

दिवाली की तैयारी... अमृतसर में शनिवार को एक बुजुर्ग कारीगर दिवाली के लिए मिट्टी के रंगबिरंगे दीये तैयार करता हुआ। -सुनील कुमार

फंदे से लटका मिला युवक का शव

मंडी (निस) : सरकाघाट की ग्राम पंचायत रखोटा में एक 33 वर्षीय अविवाहित युवक का शव फंदे से लटका मिला। युवक 16 दिन से लापता था। लाश गल सड़ भी चुकी थी, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि युवक की मौत को कई दिन बीत चुके हैं। सरकाघाट पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। फारेंसिक टीम ने भी मौके पर आकर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस के अनुसार विनोद कुमार निवासी गांव चहड़ गत 2 अक्तूबर से घर से गायब था।

साइड न देने पर ट्रक चालक का सिर फोड़ा

बठिंडा (निस) : साइड न देने पर मोटरसाइकिल सवारों ने ट्रक चालक बतावा राम का सिर फोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात बतावा रात निवासी नसीराबाद (राजस्थान) सीमेंट का ट्रक भरकर बाघा पुराना जा रहा था। उक्त ट्रक जब बठिंडा-बादल बाईपास के पास नन्हीं छांव चौक के पास पहुंचा तो वहां दो युवकों ने मोटरसाइकिल ट्रक के आगे खड़ा कर दिया और साइड न देने को लेकर ट्रक चालक से तकरार करने लगे। ट्रक चालक ने जब उन्हें समझाने का प्रयास किया तो मोटरसाइकिल सवार युवक उसे ईंट मार कर फरार हो गये। ईंट ट्रक चालक के सिर पर लगी जिससे उसका सिर फूट गया। सूचना मिलने पर सहारा जनसेवा के सदस्य मौके पर पहुंचे और ट्रक चालक को सिविल अस्पताल पहुंचाया।

बाइक फिसलने से युवक की मौत

मंडी (निस) : सरकाघाट की ग्राम पंचायत नबाही के ततापर पुल के पास एक 24 वर्षीय बाइक सवार की बाइक स्किड होने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार 24 वर्षीय ऋषभ कुमार और उसका साथी विशाल राणा अपनी बाइक में पेट्रोल डलवाने पेट्रोल पंप पर जा रहे थे। जब वे ततापर पुल के पास से गुजर रहे थे तो उनकी बाइक पुल पर विपरीत दिशा से आ रही कार को देखकर एकाएक स्किड हो गई और ऋषभ कुमार बाइक से उछलकर पुल पर सिर के बल घिसटता हुआ करीब छह फुट आगे गिर गया। उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लुधियाना में शनिवार को औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि चीन तथा अन्य देशों के साथ केंद्र सरकार की ओर से किये जा रहे मुक्त व्यापार समझौतों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए। -अश्विनी धीमान

ढींढसा का राज्यसभा में शिरोमणि अकाली दल के नेता पद से इस्तीफा

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

राज्यसभा सदस्य सुखदेव सिंह ढींढसा ने शनिवार को कहा कि

उन्होंने उच्च सदन में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता पद से इस्तीफा दे दिया है। ढींढसा (82) ने कहा कि उन्होंने बृहस्पतिवार को राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू को अपना इस्तीफा सौंप दिया और शुक्रवार को पार्टी को भी इसकी जानकारी दे दी। हालांकि, ढींढसा ने कहा कि उन्होंने अपना इस्तीफा देने के लिए कोई कारण नहीं दिया।

इस बीच, शिरोमणि अकाली दल ने ढींढसा के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया कि पार्टी ने इस वर्ष जून में राज्यसभा में अपने नेतृत्व में बदलाव के बारे में संसदीय कार्य मंत्री को पहले ही सूचित कर दिया था। राज्यसभा महासचिव को भी इसकी एक प्रति भेजी गई थी।

शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री दलजीत सिंह चीमा ने कहा कि पार्टी ने पहले ही राज्यसभा सदस्य बलविंदर सिंह भुंदड़ को उच्च सदन में पार्टी का नेता और नरेश गुजराल को उप नेता चुन लिया है। पिछले साल सितंबर में, ढींढसा ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए पार्टी के महासचिव और उसकी कोर कमेटी से इस्तीफा दे दिया था।

लाखों की नकदी और शराब जब्त

शिमला, 19 अक्तूबर (निस)

आदर्श आचार संहिता के दौरान पुलिस, आबकारी तथा आयकर विभाग के उड़न दस्तों द्वारा पच्छाद तथा धर्मशाला विधानसभा क्षेत्रों के अतिरिक्त सिरमौर तथा कांगड़ा जिलों की सीमाओं पर की गई नाकाबन्दी के दौरान अब तक 1,21,020 रुपये की नकदी, 11,56,159 रुपये मूल्य की 4180 लीटर शराब के अतिरिक्त 4,95,325 रुपये की हेरोइन, चरस, नशे के कैप्सूल, चूरापोस्त, गांजा, स्मैक तथा चिट्टा आदि जब्त किया जा चुका है। मुख्य निर्वाचन कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि उनके कार्यालय में आचार संहिता उल्लंघन के मामलों की अब तक कुल 17 शिकायतें, जिनमें सिरमौर जिला से 12 तथा कांगड़ा जिला से 5 शिकायतें प्राप्त हुई थीं और इन सभी का निपटारा कर दिया गया है।

जीप-बस टक्कर में 4 युवकों की मौत, 5 गंभीर घायल

मोगा, 19 अक्तूबर (ट्रिब्यू)

मोगा-बरनाला हाईवे पर शनिवार को एक जीप की बस से टक्कर हो जाने से जीप में सवार चार लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि जीप बरनाला के समीप ताजो-के गांव जा रही थी।

उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान इकबाल सिंह, सुखदीप सिंह, भूषण कुमार और लक्खा सिंह के रूप में हुई है। वे सभी बरनाला के करीबी गांव ताजो के निवासी थे। सभी की उम्र 22 से 25 साल के आसपास बताई जाती है। घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें स्थानीय अस्पतालों से डीएमसी लुधियाना शिफ्ट किया जा रहा है।

शुरुआती छानबीन में पता चला है कि ये युवक मोगा के बाहरी इलाके में स्थित प्राइम फार्म्स नामक मैरिज पैलेस में एक शादी समारोह में शामिल होने आये थे। शादी में भाग लेने के बाद जब वे जीप में घर लौट रहे थे तो बधनी कलां गांव के निकट मालवा बस कंपनी की बस के साथ जीप की आमने-सामने टक्कर हो गई जिससे चार युवकों की मौत हो गई। बस चालक बस को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

मोगा में शनिवार को बस से टक्कर में क्षतिग्रस्त जीप। -दैनिक ट्रिब्यून

सुब्रह्मण्यम स्वामी ने की अयोध्या में राममंदिर की पैरवी, कहा

पाकिस्तान के होंगे चार टुकड़े पीओके बनेगा भारत का हिस्सा

शिमला, 19 अक्तूबर (निस)

अपने बेबाक बयानों के लिए मशहूर भाजपा नेता व राज्यसभा सांसद सुब्रह्मण्यम स्वामी ने कहा है कि अयोध्या में राममंदिर का निर्माण हिन्दुओं की आस्था से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम पैदा हुए थे, इसलिए अयोध्या में सिर्फ राममंदिर ही बनना चाहिए और वहां मुस्लिम समुदाय का मस्जिद बनाने का दावा गलत है। सुब्रह्मण्यम स्वामी आज हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में महर्षि पाणिनी विचार मंच द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में व्याख्यान दे रहे थे। सुब्रह्मण्यम स्वामी ने कहा कि इतिहास में जो अन्याय राममंदिर के साथ हुआ है, अब उसे सुधारने का वक्त आ गया है और सरकार को इस दिशा में तुरंत कदम उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस भूल का सुधार अयोध्या में राम मंदिर बनाकर ही होगा।

सुब्रह्मण्यम स्वामी ने इस मौके पर पाकिस्तान पर भी हमला बोला और कहा कि बहुत जल्द पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा होगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के दो टुकड़े होने के बावजूद कोई सबक नहीं सीखा इसलिए अब जल्द ही पाकिस्तान के चार टुकड़े होंगे और अब पीओके को भारत में मिलाने के लिए मोदी सरकार गंभीरता से काम कर रही है।

सुब्रह्मण्यम स्वामी ने कहा कि राष्ट्रवाद एक संस्कृति है और लोगों को अपनी अस्मिता, संस्कृति और इतिहास को जानना होगा, तभी कोई व्यक्ति राष्ट्रवादी बन सकता है। सुब्रह्मण्यम स्वामी ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर भी अपने चिरपरिचित अंदाज में हमले बोले और कहा कि उन्होंने एक भी परीक्षा पास नहीं की है तथा उनकी डिग्रियां फर्जी हैं। इसके सबूत सामने आ चुके हैं। स्वामी ने कहा कि वह गांधी परिवार को सलाखों के पीछे पहुंचाकर ही दम लेंगे।

शनिवार को शिमला में राज्यसभा सांसद सुब्रह्मण्यम स्वामी। -दैनिक ट्रिब्यून

जीएसटी तुरंत हटाये सरकार

सुब्रह्मण्यम स्वामी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी को लागू करने का निर्णय पागलपन जैसा है और जीएसटी को तुरंत हटाया जाना चाहिए। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सुब्रह्मण्यम स्वामी ने केंद्र सरकार को पूंजीपतियों को रियायतें देने के साथ-साथ आम लोगों को भी रियायतें देने की वकालत की। उन्होंने कहा कि धन्नासेठों को रियायतें देने के साथ-साथ आम आदमी को भी राहत मिलनी चाहिए। सुब्रह्मण्यम स्वामी ने कहा कि बैंकों में ब्याज दर बढ़ाई जानी चाहिए ताकि लोग बैंकों में अधिक से अधिक धन जमा करवाने के लिए आगे आएं। सुब्रह्मण्यम स्वामी ने आम जनता को दिए जाने वाले ऋणों पर ब्याज दर को कम करने की भी वकालत की। सुब्रह्मण्यम स्वामी ने कहा कि वह सेठों को आयकर में छूट देने के विरोधी नहीं हैं लेकिन आम आदमी के हाथ तक अधिक पैसा पहुंचाने की दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए। सुब्रह्मण्यम स्वामी ने आर्थिक सुधारों को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सराहना की लेकिन साथ ही ये भी कहा कि वह एक दब्बू प्रधानमंत्री थे और उन्होंने कभी भी स्वतंत्र निर्णय नहीं लिया। स्वामी ने कहा कि उन्होंने आर्थिक सुधारों को लेकर एक पुस्तक भी लिखी है जिसे विश्वस्तर पर सराहना मिली है। सुब्रह्मण्यम स्वामी ने राहुल गांधी द्वारा आर्थिक सुधारों को लेकर दिए गए सुझावों को क्लू लेस बताया और कहा कि ऐसे सुझावों का कोई अर्थ नहीं रह जाता। उन्होंने विश्व में आतंकवाद को खत्म करने के लिए भारत और चीन के हाथ मिलाने पर भी जोर दिया।

किन्नौर और लाहौल स्पीति में बर्फबारी

शिमला, 19 अक्तूबर (निस)

हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों लाहौल स्पिति, किन्नौर और चंबा के पांगी तथा भरमौर की ऊंची चोटियों पर आज दोपहर बाद से रुक-रुक कर हिमपात हो रहा है जबकि निचले क्षेत्रों में वर्षा हो रही है। मौसम में आए ताजा बदलाव से राज्य का पूरा जनजातीय क्षेत्र कड़ाके की शीतलहर की चपेट में है। मौसम में इस बदलाव का असर निचले क्षेत्रों में भी देखने को मिला है और अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में जोरदार गिरावट दर्ज की गई है। इसके चलते जहां लाहौल और स्पिति घाटी के बीच सड़क संपर्क अभी से बंद हो गया है वहीं मनाली लेह सड़क पर भी यातायात अधिकारिक तौर पर बंद कर दिया गया है और बारालाचा दर्रे और सरचू से राहत व बचाव चौकियां हटा ली गई हैं। साथ ही लाहौल स्पिति और किन्नौर जिला प्रशासन ने लोगों को अत्यधिक ऊंचाई वाले स्थानों की ओर जाते वक्त एहतियात बरतने को भी कहा है।

जानकारी के मुताबिक लाहौल स्पीति की ऊंची चोटियों पर आज दूसरे दिन भी हिमपात हुआ जबकि निचले क्षेत्रों में वर्षा हो रही है। इससे घाटी में ठंड में लगातार वृद्धि हो रही है। केलांग में आज न्यूनतम तापमान 1.8 डिग्री, कल्पा में 4, मनाली में 6, कुफरी में 8, डलहौजी में 9.9 और शिमला में 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच मौसम विभाग ने 23 से 25 अक्तूबर तक राज्य के अनेक इलाकों में वर्षा और बर्फबारी का भी पूर्वानुमान जारी किया है।

चयन में निरंतरता से सदस्यों को एक दूसरे को समझने में मदद मिली : रानी

भुवनेश्वर, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी ने कहा कि ओलंपिक क्वालीफायर से पहले चयन में निरंतरता से उनकी टीम की सदस्यों को एक दूसरे को समझने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि आगामी एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में जब उनकी टीम खेलेगी तो घरेलू समर्थन उनके लिये मनोबल बढ़ाने वाला होगा।

शुक्रवार को मुख्य कोच सोर्ड मारिन ने 18 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की जिसमें उन्होंने इस महीने के शुरू में इंगलैंड के अभ्यास दौरे पर देश का प्रतिनिधित्व करने वाली खिलाड़ियों को बरकरार रखा। रानी ने कहा, 'हमारा खिलाड़ियों का ग्रुप काफी समय से एक दूसरे के साथ खेल रहा है और इससे निश्चित रूप से सभी टीम सदस्यों को अच्छी तरह से समझने में मदद मिली।' उन्होंने कहा, 'हम एक दूसरे को मैदान के अंदर बाहर अच्छी तरह जानते हैं इसलिये मेरा मानना है कि इससे हमें काफी मदद मिली। हम यहां क्वालीफायर में अमेरिका से भिड़ने के लिये अपना सर्वश्रेष्ठ होने के लिये तैयारी कर रहे हैं।'

2017 फ्रेंच ओपन के बाद पहले सेमीफाइनल में पहुंचे एंडी मर्रे

एंटवर्प (बेल्जियम), 19 अक्तूबर (एजेंसी)

दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी एंडी मर्रे रोमानिया के मारियस कोपिल पर 3 सेट में मिली जीत के साथ 2017 फ्रेंच ओपन के बाद पहले सेमीफाइनल में पहुंचे। उन्होंने यूरोपियन ओपन के अंतिम 4 में स्थान बनाया है। ब्रिटेन का 32 साल का खिलाड़ी साल के शुरू में कूल्हे की सर्जरी के बाद वापसी कर रहा है। उसने क्वालीफायर और 92वीं रैंकिंग के कोपिल को 6-3, 6-7, 6-4 से शिकस्त दी।

अब उनकी विश्व रैंकिंग 243 है, उनका सामना फ्रांस के उगो हम्बर्ट से होगा जिन्होंने अर्जेंटीना के पांचवें वरीय गुइडो पेला को 5-7 6-4 6-4 से मात दी। इटली के युवा जानिक सिनर भी सेमीफाइनल में पहुंचे जहां उनकी भिड़ंत 3 बार के मेजर विजेता स्टान वावरिंका से होगी।

रोहित ने जड़ा सीरीज का तीसरा शतक

■ भारत के 3 विकेट पर 224 रन। रबाडा ने झटके 2 विकेट। खराब मौसम से प्रभावित रहा मैच

रांची, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

भारत ने खराब मौसम से प्रभावित तीसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन खराब शुरुआत से उबरते हुए 3 विकेट पर 224 रन बनाए। रोहित शर्मा ने टेस्ट सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी शानदार फार्म जारी रखते हुए सीरीज का तीसरा शतक जड़ा।

भारतीय कप्तान विराट कोहली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद कागिसो रबादा (54 रन पर 2 विकेट) और एनरिच नोर्टजे (50 रन पर एक विकेट) ने 15.3 ओवर में मेजबान टीम का स्कोर 3 विकेट पर 39 रन कर दिया। रोहित (164 गेंद में नाबाद 117) और अजिंक्य रहाणे (135 गेंद में नाबाद 83) ने इसके बाद चौथे विकेट के लिए 185 रन की अटूट साझेदारी करके भारत की पारी को संवारा। अंतिम सत्र में हालांकि खराब रोशनी और फिर बारिश के कारण सिर्फ 6 ओवर का खेल हो पाया।

अब तक अपनी पारी में 14 चौके और चार छक्के जड़ने वाले रोहित सुनील गावस्कर के बाद किसी सीरीज में 2 से अधिक शतक जड़ने वाले पहले भारतीय सलामी बल्लेबाज बने। गावस्कर ने 1970 में यह उपलब्धि हासिल की थी। रोहित ने डेन पीट पर छक्के के साथ अपना छठा और सीरीज का तीसरा शतक पूरा किया। सुबह के सत्र में जब रबादा तूफानी गेंदबाजी कर रहे थे तब इस सलामी बल्लेबाज ने सतर्कता बरती और फिर आकर्षक शाट खेले। उन्होंने पहले 23 रन 55 गेंद में बनाने के बाद अगले 75 रन 78 गेंद पर बनाए।

रहाणे ने भी रोहित का शानदार साथ निभाते हुए सिर्फ 70 गेंद में 21वां अर्धशतक पूरा किया जो भारत में उनका सबसे तेज अर्धशतक है। सेनुरान मुथुस्वामी की जगह टीम में जगह बनाने वाले पीट को रोहित ने विशेष रूप से निशाना बनाया जिससे इस आफ स्पिनर ने 6 ओवर में 43 रन लुटाए।

रांची में शनिवार को शतक जमाने के बाद रोहित शर्मा को बधाई देते अजिंक्य रहाणे। -प्रेट्र

दूसरे स्पैल में महंगे साबित हुए रबाडा

रांची में शनिवार को गेंदबाजी करते कागिसो रबाडा। -प्रेट्र

रोहित और रहाणे के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पहले स्पैल में 2 विकेट चटकाने वाले रबाडा दूसरे स्पैल में काफी महंगे साबित हुए और उन्होंने 4 ओवर में 30 रन खर्च कर दिए। रोहित को हालांकि शुरुआत में गेंदबाजों ने परेशान किया। वह 7 रन के निजी स्कोर पर पगबाधा के फैसले के खिलाफ डीआरएस लेकर नाबाद रहने में सफल रहे। वह इसके बाद रन आउट से भी बचे जब जुबैर हमजा प्वाइंट से थ्रो पर विकेट गिराने में नाकाम रहे। भारतीय सलामी बल्लेबाजों को शुरुआत में ही असमान उछाल का सामना करना पड़ा जिसका रबाडा और लुंगी एनगिडी ने पूरा फायदा उठाते हुए मेहमान टीम को गेंदबाजी में सीरीज की अब तक की सर्वश्रेष्ठ शुरुआत दिलाई। रबाडा ने अपने पहले स्पैल में 7 ओवर में 4 मेडन फेंकते हुए 15 रन देकर 2 विकेट चटकाए। उन्होंने पहले घंटे में ही सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (10) और चेतेश्वर पुजारा (00) को पवेलियन भेजा।

भारत को वापसी करने देने का मलाल : नोर्टजे

रांची, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिच नोर्टजे को मलाल है कि तीसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शनिवार को भारत का स्कोर 3 विकेट पर 39 रन करने बाद उनकी टीम ने मेजबान टीम को वापसी करने दी।

सीरीज में क्लीनस्वीप से बचने की कवायद में जुटे दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने 3 विकेट जल्दी चटकाकर अच्छी शुरुआत की लेकिन रोहित शर्मा और अजिंक्य रहाणे ने 185 रन की अटूट साझेदारी करके 58 ओवर में भारत का स्कोर 3 विकेट पर 224 रन तक पहुंचा दिया। इसके बाद खराब मौसम के कारण दिन का खेल रद्द करना पड़ा। नोर्टजे ने पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, 'पिछले टेस्ट की तरह हमने निश्चित तौर पर बेहतर प्रदर्शन किया। हमने बस थोड़े बेहतर तरीके से मैच को नियंत्रित करने की कोशिश की। दुर्भाग्य से हम एक और विकेट हासिल नहीं कर पाए। उनके 4 विकेट हासिल करना अच्छा रहता।'

दूसरे दिन बारिश की भविष्यवाणी

रांची, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जा रहे तीसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन रविवार को भी बारिश का खलल पड़ सकता है। मौसम विभाग ने शनिवार को यह भविष्यवाणी की।

खराब रोशनी और फिर बारिश के कारण शनिवार को पहले दिन 58 ओवर का ही खेल हो पाया जिससे भारत ने 3 विकेट पर 224 रन बनाए। रांची में भारतीय मौसम विभाग के अधिकारी ने बताया, 'रांची में कुछ जगहों पर आंधी और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। सोमवार के बाद से ऐसा होने की संभावना कम है।' शनिवार को लगभग पूरे दिन आज बादल छाए रहे और सूरज आंख मिचौली खेलता रहा।

नोर्ट्जे ने कोहली के रूप में लिया करियर का पहला टेस्ट विकेट

चोटिल केशव महाराज की जगह टीम में शामिल किए गए बायें हाथ के स्पिनर जार्ज लिंडे ने हालांकि एक छोर से कसी हुई गेंदबाजी की। नोर्टजे ने कोहली को पगबाधा करके अपने करियर का पहला टेस्ट विकेट हासिल किया। कोहली ने अंपायर के फैसले के खिलाफ डीआरएस का सहारा लिया लेकिन 'अंपायर काल' आने के कारण उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। पुणे में दूसरे टेस्ट में नाबाद दोहरा शतक जड़ने वाले कोहली ने 12 रन बनाए।

रांची में शनिवार को मैच के दौरान क्विंटन डिकाक से गले लगता स्टेडियम में अनधिकृत रूप से प्रवेश किया एक दर्शक। -प्रेट्र

रोहित के नाम टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने का रिकॉर्ड

हिट मैन रोहित शर्मा किसी एक टेस्ट सीरीज में सबसे अधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के साथ जारी 3 मैचों की सीरीज में रोहित अब तक कुल 17 छक्के लगा चुके हैं। रोहित से पहले एक टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक छक्के जड़ने का रेकॉर्ड वेस्टइंडीज के खिलाड़ी शिमरॉन हेटमेयर के नाम था। हेटमेयर ने साल 2018 में बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज में 15 छक्के जड़कर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया था। शनिवार को पहले दिन का खेल खत्म होने तक हिटमैन 117 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे।

सुडोकू

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

			4		2	6		8
	6		7		5	4	1	
9				3				
	3	5			9		6	1
		1		4		3		
8	7		3			2	5	
				1				2
	5	4	8		3		7	
7		2	6		4			

पिछले कल का उत्तर

1	6	4	7	9	8	3	5	2
3	7	2	5	1	4	8	9	6
5	8	9	2	6	3	7	4	1
9	2	6	3	7	5	4	1	8
4	3	5	8	2	1	6	7	9
7	1	8	6	4	9	2	3	5
2	9	7	1	3	6	5	8	4
6	5	1	4	8	7	9	2	3
8	4	3	9	5	2	1	6	7

आज का दिन

-सत्यव्रत बैंजवाल

रविवार, 20 अक्तूबर, परिधावी नामक विक्रमी संवत् 2076, कार्तिक कृष्ण पक्ष 6 तिथि (सुबह 7.30 तक), आर्द्रा नक्षत्र (सायं 5.52 तक), शिव योग (रात 12.31 तक), कार्तिक 4 प्रविष्टे।

व्रत-पर्व : भद्रा (सुबह 7.30 से सायन 7.08 तक), श्री राधा प्राकट्य उत्सव।

दिशाशूल : पश्चिम दिशा की यात्रा पर पान और घी खाकर जाएं।

राहुकाल : सायं 4.30 से 6.00 तक।

	जम्मू	दिल्ली	चंडीगढ़
सूर्योदय	6.41	6.29	6.32
सूर्यास्त	5.49	5.42	5.42

सितारों के इशारे

-मदन गुप्ता सपाटू

आज 20 अक्तूबर को है जन्मदिन तो कैसा रहेगा आपका साल

आप जीवन के बहुत अच्छे समय का आनंद लेने वाले हैं। इस दौर में वो सब करेंगे जो बीते समय से करना चाहते थे। प्रेम संबंधों में जोर जबरदस्ती से बचें। आपका प्रधान ग्रह चंद्रमा है जो रचनात्मकता, भावनाएं, इमानदारी, उदारता, आकर्षण का कारक है। बड़ों की सेहत कुछ चिंता का विषय हो सकती है। लंबी अवधि का कोई निवेश करने से बचें। मित्रों के साथ कोई वादा करने से पहले सावधानी बरतें। अगले वर्ष पारिवारिक जीवन में आनंद की स्थिति बनी रहेगी। घर में कोई शुभ कार्य हो सकता है। शादी या बच्चे के जन्म का समाचार प्राप्त हो सकता है।

शुभ रंग : क्रीम, मिस्टी रोज

शुभ दिन : रविवार, सोमवार

शुभ अंक : 1, 2, 4, 7

शुभ रत्न : मोती, मून स्टोन, गोमेद

जन्मदिन को लंगर में दान करें। बंदरों को चना और गुड़ खिलायें।

राशिफल

मेष 21 मार्च से 20 अप्रैल
धन मिल सकता है। पदोन्नति की संभावना है। संगीत में रुचि संभव है।

वृष 21 अप्रैल से 21 मई
उच्चशिक्षा में विवाद न करें। पदोन्नति में अभी देरी है। अनुबंध मिलने में बाधा है।

मिथुन 22 मई से 21 जून
व्यापार में लाभ संभव है। पदोन्नति की संभावना है। संगीत में रुचि संभव है।

कर्क 22 जून से 22 जुलाई
प्रतिष्ठा में कमी हो सकती है। संगीत में रुचि संभव है। यात्रा में सामान पर ध्यान दें।

सिंह 23 जुलाई से 22 अगस्त
धन मिल सकता है। यात्रा लाभदायक हो सकती है। विवाह प्रस्ताव मिल सकता है।

कन्या 23 अगस्त से 22 सितंबर
लोन मिल सकता है। पदोन्नति की संभावना है। प्रतिष्ठा में वृद्धि संभव है।

तुला 23 सितंबर से 23 अक्तूबर
यात्रा में सामान पर ध्यान दें। कार्यक्षेत्र में विवाद से बचें। जीवनसाथी की सेहत पर ध्यान दें।

वृश्चिक 24 अक्तूबर से 22 नवंबर
पदोन्नति संबंधी विवाद हो सकता है। सामाजिक आयोजन में शांत रहें।

धनु 23 नवंबर से 21 दिसंबर
अनुबंध मिल सकता है। सामाजिक समारोह में सराहना हो सकती हैं।

मकर 22 दिसंबर से 20 जनवरी
विवाह प्रस्ताव पर निर्णय ले सकते हैं। नये व्यापार में लाभ हो सकता है।

कुंभ 21 जनवरी से 18 फरवरी
लोन मिलने में बाधा है। जीवनसाथी की सलाह पर ध्यान दें। निवेशक का सम्मान करें।

मीन 19 फरवरी से 20 मार्च
व्यापार में कम लाभ संभव है। आय में कमी हो सकती है। सामाजिक कार्यों में विवाद न करें।

पं. भानुप्रतापनारायण मिश्र

नदीम को घरेलू क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन का पुरस्कार मिला : राठौड़

रांची, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

शाहबाज नदीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट के लिये अंतिम एकादश में शामिल किया जाना भले ही हैरान करने वाला फैसला रहा हो लेकिन भारतीय बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने शनिवार को कहा कि इस बायें हाथ के स्पिनर को घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के आधार पर चुना गया। 14 घंटे पहले उन्हें चोटिल कुलदीप यादव की जगह शामिल किया गया था और मैच शुरू होने से पहले कप्तान विराट कोहली ने झारखंड के इस 30 साल के खिलाड़ी को 'टेस्ट कैप' दी। इस तरह वह महेंद्र सिंह धोनी और वरूण आरोन के बाद भारतीय टेस्ट टीम में जगह बनाने वाले झारखंड के तीसरे क्रिकेटर बन गये।

बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज से कोहली को मिल सकता है आराम

नयी दिल्ली, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

भारतीय कप्तान विराट कोहली को बांग्लादेश के खिलाफ यहां तीन नवंबर से शुरू हो रही 3 टी-20 मैचों की सीरीज से आराम दिया जा सकता है। पिछले साल अक्तूबर से कोहली ने अधिकांश मैचों में हिस्सा लिया और इस दौरान वह भारत के 56 में से 48 मैचों में खेले।

दिल्ली में पहले टी-20 के बाद राजकोट और नागपुर में दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः 7 और 10 नवंबर को खेला जाएगा। 2 मैचों की टेस्ट सीरीज 14 नवंबर से इंदौर में शुरू होगी जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। दूसरा और अंतिम टेस्ट कोलकाता में 22 नवंबर से खेला जाएगा।

बांग्लादेश सीरीज के लिए टीम का चयन 24 अक्तूबर को किया जाएगा। चयन समिति के करीबी एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, 'काम के बोझ के प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए संभावना है कि विराट को आराम दिया जा सकता है।'

सूत्र ने कहा, 'यह इस पर भी निर्भर करेगा कि कप्तान स्वयं कैसा महसूस करते हैं। वह अपने शरीर को सर्वश्रेष्ठ तरीके से समझता है और अगर जरूरत पड़ी तो वह स्वयं भी चयनकर्ताओं से आराम की मांग कर सकता है।' भारत दिसंबर में 3 टी-20 और इतने ही एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज में वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगा।

काश आप तब बोर्ड अध्यक्ष होते, जब यो-यो टेस्ट काफी प्रचलित था : युवराज

नयी दिल्ली, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने शनिवार को सौरव गांगुली को भारतीय कप्तान से बीसीसीआई अध्यक्ष पद तक का सफर तय करने के लिये बधाई दी और मजाक में कहा कि उनके लिये अच्छा होता अगर वह तब बोर्ड की कमान संभालते जब यो-यो टेस्ट की काफी मांग थी।

युवराज ने इस साल जून में संन्यास की घोषणा करते हुए खुलासा किया कि बीसीसीआई ने उन्हें यो-यो टेस्ट में विफल होने की हालत में विदाई मैच का वादा किया था लेकिन वह इस परीक्षण को पास करने में सफल रहे जिससे उन्हें यह विदाई मैच नहीं मिला।

युवराज ने ट्वीट किया, 'जितना महान व्यक्ति, उतना ही शानदार सफर। भारतीय कप्तान से बीसीसीआई अध्यक्ष पद तक। मुझे लगता है कि एक क्रिकेटर का प्रशासक बनना शानदार होगा जिससे अन्य को भी खिलाड़ियों के हिसाब से प्रबंधन समझने का मौका मिलेगा। काश आप तब अध्यक्ष होते जब यो-यो टेस्ट की मांग थी। गुडलक दादा।'

ट्रायल्स में जरीन से लड़ने से नहीं डरती : मैरी कॉम

■ ओलंपिक क्वालीफायर से पहले 6 बार की विश्व चैंपियन को दी है चुनौती

नयी दिल्ली, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

6 बार की महिला विश्व चैम्पियन मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम ने कहा कि वह ओलंपिक क्वालीफायर के लिये ट्रायल्स में निकहत जरीन से भिड़ने से नहीं डरती। जरीन ने चीन में अगले साल होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर के लिये भारतीय टीम के चयन से पहले मैरी कॉम (51 किग्रा) के खिलाफ ट्रायल मुकाबला आयोजित करने की मांग की।

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने कहा था कि मैरी कॉम (51 किग्रा) के हाल में रूस में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए वह छह बार की विश्व चैंपियन को चुनने का इरादा रखता है। मैरी कॉम ने एक सम्मान समारोह के दौरान कहा, 'यह फैसला बीएफआई द्वारा लिया जा चुका है। मैं नियम नहीं बदल सकती। मैं सिर्फ प्रदर्शन कर सकती हूं। वो जो भी फैसला करेंगे, मैं उसका पालन करूंगी। मैं उससे (जरीन) से भिड़ने से नहीं डरती, मुझे ट्रायल्स से कोई परेशानी नहीं है।'

उन्होंने कहा, 'मैंने सैफ खेलों के बाद से उसे कई बार हराया है लेकिन वह फिर भी मुझे चुनौती देती रहती है। मेरा मतलब है कि इसकी क्या जरूरत है? यह महज एक औपचारिकता है। बीएफआई भी जानता है कि ओलंपिक में कौन पदक जीत सकता है।' मैरी कॉम ने कहा, 'लोग मुझसे ईर्ष्या करते हैं।' उन्होंने कहा, 'यह पहले भी मेरे साथ हो चुका है। रिंग में प्रदर्शन करो, यही सही चीज है। बीएफआई हमें विदेशी दौरों पर भेजता है इसलिये स्वर्ण पदक के साथ लौटो और खुद को साबित करो।'

चयन पर महासंघ को निर्देश नहीं दे सकती सरकार : रिजिजू

नयी दिल्ली। खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को स्पष्ट किया कि सरकार चयन मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगी लेकिन उन्होंने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) को पारदर्शी होने की सलाह देते हुए कहा कि वह निकहत जरीन और एमसी मैरी कॉम मामले को बेहतर तरीके से निपटाये। जरीन ने बृहस्पतिवार को रिजिजू को पत्र लिखकर चीन में अगले साल होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर के लिये भारतीय टीम के चयन से पहले मैरी कॉम के खिलाफ ट्रायल मुकाबला आयोजित करने की मांग की थी। बीएफआई ने कहा था कि मैरी कॉम (51 किग्रा) के हाल में रूस में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए वह 6 बार की विश्व चैंपियन को चुनने का इरादा रखता है। रिजिजू ने भारतीय महिला मुक्केबाजी टीम के सम्मान समारोह के कार्यक्रम के मौके पर कहा, 'हमें एक चीज समझनी होगी, सरकार महासंघों को निर्देश नहीं दे सकती या फिर चयन प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकती।'

सरफराज के पास सम्मानजनक तरीके से पद छोड़ने का मौका था

कराची, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बर्खास्त किए गए सरफराज अहमद को सभी तीनों प्रारूपों में कप्तानी छोड़कर सम्मानजनक तरीके से जाने की सलाह दी थी लेकिन इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने इस सुझाव को ठुकरा दिया। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार सरफराज जब बोर्ड के सीईओ वसीम खान से शुक्रवार को मिले तो उन्हें पद छोड़ने को कहा गया। वह 2017 से तीनों प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम के कप्तान थे।

पीसीबी सूत्र ने कहा, 'सरफराज ने ऐसा करने से साफ तौर पर मना कर दिया और वसीम से कहा कि बोर्ड अगर चाहता है तो उन्हें बर्खास्त कर सकता है लेकिन वह स्वयं पद नहीं छोड़ेंगे।' सूत्र ने साथ ही कहा कि सरफराज आस्ट्रेलिया दौरे पर पाकिस्तान की टी20 और टेस्ट टीम का भी हिस्सा नहीं होंगे क्योंकि कोच-मुख्य चयनकर्ता मिसबाह उल हक ने अब विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को मौका देने का फैसला किया है।

विजय हजारे नाकआउट मुकाबले आज से

बेंगलुरु, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

लंबे लीग चरण के बाद 8 टीमें रविवार से विजय हजारे ट्राफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के नाकआउट चरण में हिस्सा लेंगी जिसमें दिल्ली का सामना गुजरात से होगा। दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है। दिल्ली को उम्मीद होगी कि अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन बड़ी पारी खेलने और युवा बल्लेबाज क्रम को एकजुट करने में सफल रहेंगे।

epaper.dainiktribuneonline.com

जम्मू में शनिवार को सुरक्षा बलों के लिए भर्ती अभियान के दौरान शारीरिक परीक्षा देते युवा। - प्रेट्र

शोपियां में शनिवार को फल कारोबारियों के ट्रकों की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मी। - प्रेट्र

76वें दिन भी सामान्य जनजीवन प्रभावित

श्रीनगर के कुछ इलाकों से पाबंदियां हटीं

श्रीनगर, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

जुमे की नमाज के कारण श्रीनगर के कुछ हिस्सों में लगायी गयी पाबंदी शनिवार को हटा ली गयी लेकिन अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद 76वें दिन भी घाटी में सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा।

अधिकारियों ने बताया कि सीआरपीसी की धारा 144 के तहत सौरा थाना के अंतर्गत अंचार इलाके में और नौहट्टा थाना अंतर्गत ऐतिहासिक जामा मस्जिद के आसपास शुक्रवार की सुबह बंदिशें लगायी गयी थीं। जुमे की नमाज के बाद लोगों के एकत्रित होने की स्थिति में कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए एहतियात के तौर पर बंदिशें लगायी गयी थीं। अधिकारियों ने बताया कि शहर के विभिन्न भागों में लगायी गयी पाबंदियां खत्म कर दी गयी हैं। प्रशासन ने इस आशंका के चलते शुक्रवार को घाटी के संवेदनशील इलाकों में पाबंदियां लगायी थीं कि निहित स्वार्थ वाले लोग मस्जिदों और धार्मिक स्थलों पर एकत्र लोगों को भड़का सकते हैं और इससे विरोध प्रदर्शन हो सकता है। दो महीने से कश्मीर के पुराने शहर क्षेत्र में स्थित जामा मस्जिद में शुक्रवार की नमाज नहीं पढ़ी जा रही है। बहरहाल, अधिकारियों ने बताया कि शहर के लाल चौक सहित कुछ इलाकों में सुबह में दुकानें खुलीं लेकिन मुख्य बाजार और अन्य कारोबारी प्रतिष्ठान बंद रहे।

जम्मू-कश्मीर में जनजीवन सामान्य बनाने की मांग को लेकर नयी दिल्ली में धरने पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता। - मुकेश अग्रवाल

स्कूल, कॉलेज खुले लेकिन छात्र नहीं आये → स्कूल और कॉलेज खुले लेकिन छात्र नहीं आये क्योंकि सुरक्षा की चिंता में उनके अभिभावकों ने उन्हें घरों से बाहर नहीं निकलने दिया। इस सप्ताह की शुरूआत में कश्मीर में मोबाइल सेवा बहाल हुई थी, लेकिन एसएमएस सेवा इस आशंका से रोक दी गयी थी कि इसका दुरुपयोग किया जा सकता है।

झारखंड ने अर्द्धसैनिक बलों की 250 कंपनियां मांगी

रांची, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

चुनाव के दौरान नक्सलियों पर अंकुश लगाने की कवायद

झारखंड ने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव आयोग से राज्य में अर्द्धसैनिक बलों की कम से कम 250 कंपनियां तैनात करने का अनुरोध किया है। मुख्य सचिव डीके तिवारी की ने बताया कि चुनाव आयोग से पिछले अनुभवों और वर्तमान जरूरतों को देखते हुए चुनाव के दौरान राज्य में अर्द्धसैनिक बलों की कम से कम 250 कंपनियां उपलब्ध कराने की मांग की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि इन कंपनियों के जवान हिंदी भाषी इलाके के हों तो अच्छा रहेगा। इससे राज्य के निचले स्तर के अधिकारियों के साथ फील्ड में काम करते समय किसी तरह की गलतफहमी की स्थिति नहीं बनेगी। उन्होंने आयोग से अनुरोध किया कि चुनाव के दौरान नक्सलियों पर अंकुश लगाने के लिए झारखंड से लगी दूसरे राज्यों की सीमा के भीतर वहां की पुलिस से भी चौकस रहने की व्यवस्था की जाए।

शांति के लिए भुगतान रुका, भारत ने उठाया मुद्दा

संयुक्त राष्ट्र, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

शांति अभियानों में योगदान कर रहे सैनिकों को संयुक्त राष्ट्र से भुगतान नहीं किये जाने पर भारत ने चिंता जताई है। भारत ने कहा है कि महासचिव ने बंद हो चुके शांति अभियानों के कोष का इस्तेमाल कर्मचारियों के वेतन भुगतान के लिए किया। संयुक्त राष्ट्र गंभीर नकदी संकट का समाना कर रहा है। उसका घाटा पिछले एक दशक में सबसे अधिक है। उसके पास इतनी नकदी भी नहीं है कि अगले महीने का वेतन दे सके। भारत उन 35 देशों में है, जो इस विश्व संगठन के बजट का अपना पूरा हिस्सा समय पर देता हैं। भारत ने 31 जनवरी 2019 तक अपने नियमित बजट मूल्यांकन का 2.32 करोड़ अमेरिकी डॉलर दे दिया था।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि के. नागराज नायडू ने शुक्रवार को कहा, 'भारत सहित 27 टीसीसी, समूह 77 के 17 देश, अभी भी समाप्त हो चुके शांति अभियानों के लिए अपनी वैध प्रतिपूर्ति का इंतजार कर रहे हैं। हम टीसीसी के भुगतान को अनिश्चितकाल के लिए नहीं टाल सकते, जबकि उस फंड का इस्तेमाल दूसरे भुगतान के लिए किया जा रहा है।'

कॉरपोरेट कर कमी से भारत में बढ़ेगा निवेश : आईएमएफ

वाशिंगटन, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कॉरपोरेट कर में कटौती के भारत के निर्णय का समर्थन करते हुए कहा यह निवेश के अनुकूल है। हालांकि उसने यह भी कहा कि भारत को राजकोषीय स्थित के समक्ष चुनौतियों का समाधान करना चाहिए ताकि इस मोर्चे पर दीर्घकालिक मजबूती बनी रहे। आईएमएफ के निदेशक (एशिया एवं प्रशांत विभाग) चांगयोंग री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हमारा मानना है कि राजकोषीय मोर्चे पर भारत की राह तंग है, अतः उहें सतर्क से चलना चाहिये। हम कॉरपोरेट कर में कटौती के उनके निर्णय का स्वागत करते हैं क्योंकि इसका निवेश पर सकारात्मक असर होगा।'

उन्होंने कहा कि पिछली दो तिमाहियों की सुस्ती को देखते हुए इस वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो बढ़कर 2020 में सात प्रतिशत हो जाएगी।

उन्होंने कहा, 'मौद्रिक नीति में किये गये उपाय तथा कॉरपोरेट कर में कटौती से निवेश में सुधार का अनुमान है।' आईएमएफ की उप-निदेशक (एशिया और प्रशांत विभाग) एन्ने-मारी गुल्ड-वोल्फ ने कहा कि भारत को गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र की दिक्कतों को दूर करना चाहिये। उन्होंने कहा, 'सरकारी बैंकों में पूंजी डालने समेत कुछ सुधार हुए हैं लेकिन गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र की दिक्कतें आंशिक तौर पर बनी हुई हैं और नियामकीय एकरूपता उन मसलों में एक है जिन्हें पा लिया जाना चाहिये।' उन्होंने कहा कि सरकार इससे अवगत भी है।

वोटिंग का अधिकार नहीं मिला

अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों ने इस बहुपक्षीय वित्तीय संगठन के पास विदेशी-विनिमय संकट में फंसे देशों की मदद के लिए बनाए गए विशेष अस्थायी कोष का धन दोगुना करने पर सहमति जताई है। लेकिन मुद्राकोष के संचालन व्यवस्था में भारत,चीन और ब्राजील जैसी उभरती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को अधिक मताधिकार प्रदान करने के प्रस्ताव पर फैसला फिर टाल दिया गया है। संकटग्रस्त देशों की मदद के लिए उधार की नयी व्यवस्था (एनएबी) के रूप में बनाए गए अस्थायी कोष में 40 देश अंशदान करते हैं। यह कोष 2008 के वैश्विक संकट के समय बनाया गया था। इसे अब नवंबर 2022 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। आईएमएफ मताधिकार में हिस्सेदारी की पुनर्संरचना के प्रस्वात पर विचार कर रहा है। इससे चीन, भारत और ब्राजील जैसे देशों का मताधिकार बढ़ सकता है।

दिल्ली में हजामों के कल्याण के लिए बोर्ड बनेगा

नयी दिल्ली, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

दिल्ली सरकार ने नाइयों और हजामों को आधुनिक प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता देकर तथा उनके लिए कल्याणकारी कदम उठाकर पारंपरिक केश सज्जा को प्रोत्साहित करने के लिए शनिवार को 'दिल्ली केश कला बोर्ड' के गठन को मंजूरी दे दी। आधिकारिक बयान के अनुसार नयी तकनीकों के कारण केश सज्जा उद्योग बढ़ा है और केश के लिए इस्तेमाल होने वाले उत्पादों का बाजार भी ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में प्रफुल्लित हुआ है।

उसमें कहा गया है कि अनौपचारिक अनुमान के मुताबिक भारत में केश सज्जा उद्योग करीब 22,500 करोड़ रुपये का है। सरकार का कहना है कि केश काटने का पेशा हजाम और नाई समुदाय द्वारा वंशानुगत तरीके से अपनाया जाता रहा है लेकिन वे लोग महंगे उपकरणों और तकनीकों को नहीं अपना सके हैं।

नगाओं के लिए अलग झंडे की मांग खारिज

नयी दिल्ली, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

केंद्र सरकार ने नगाओं के लिए अलग झंडा और संविधान की एनएससीएन-आईएम की मांग को नकार दिया है और स्पष्ट कर दिया है कि बंदूकों के साये में उग्रवादी समूह के साथ अंतहीन वार्ता स्वीकार्य नहीं है। नगा वार्ता के लिए वार्ताकार और नगालैंड के राज्यपाल आरएन रवि ने बयान जारी कर कहा कि परस्पर सहमति से विस्तृत समझौते का मसौदा तैयार किया गया है जिसमें सभी महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। बयान में कहा गया है, 'दुर्भाग्य से इस समय एनएससीएन-आईएम ने विलंब करने का रुख अपना रखा है और अलग नगा राष्ट्रीय झंडा तथा संविधान जैसे विवादास्पद मुद्दों को उठा रहा है जिस पर वे भारत सरकार के रुख से पूरी तरह अवगत हैं।' रवि के बयान इसलिए मायने रखते हैं कि केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को मिले विशेष दर्जे को पांच अगस्त को समाप्त करने की घोषणा कर दी थी।

मोदी ने बॉलीवुड कलाकारों से की मुलाकात

नयी दिल्ली, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को शाहरुख खान और आमिर खान सहित बॉलीवुड अभिनेताओं और फिल्म निर्माताओं से मुलाकात की। उन्होंने महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मनाने के लिए कार्यक्रमों पर चर्चा की और कहा कि भारत में एक अंतरराष्ट्रीय मनोरंजन शिखर सम्मेलन का आयोजन करने की योजना है।

प्रधानमंत्री ने यहां अपने आधिकारिक निवास पर उनके साथ बातचीत में कहा कि भारत 2022 में अपना 75वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा, ऐसे में मनोरंजन उद्योग को 1857 से 1947 तक देश के स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणादायक कहानियों और 1947 से राष्ट्र की विकास गाथा का प्रदर्शन करना चाहिए। उन्होंने गांधी का उल्लेख करते हुए कहा कि रचनात्मकता की शक्ति अपार है और राष्ट्र के लिए रचनात्मकता की इस भावना का उपयोग करना आवश्यक है। उन्होंने कहा, 'महात्मा के आदर्शों को लोकप्रिय बनाने के लिए फिल्मों और टेलीविजन की दुनिया के कई लोग बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।'

अंतरराष्ट्रीय मनोरंजन शिखर सम्मेलन की योजना

प्रधानमंत्री ने मामल्लापुरम में हाल ही में चीनी राष्ट्रपति के साथ अपनी बातचीत को याद करते हुए कहा कि शी चिनफिंग ने चीन में 'दंगल' जैसी भारतीय फिल्मों की लोकप्रियता का उल्लेख किया। उन्होंने दक्षिण पूर्व एशिया में रामायण की लोकप्रियता का भी उल्लेख किया। बैठक में उपस्थित लोगों में सोनम कपूर, कंगना रनौत, निर्देशक राजकुमार हिरानी, राजकुमार संतोषी, अश्विनी अय्यर तिवारी और निर्माता एकता कपूर, बोनी कपूर और जयंतीलाल शामिल थे।

सोने की खदान में 15 मजदूरों की मौत

मॉस्को, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

साइबेरिया के क्रासनोयार्स्क क्षेत्र में शनिवार को एक बांध टूटने की वजह से सोने की एक खदान में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई जबकि दर्जनभर से ज्यादा लापता है। रूस के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस क्षेत्र में सीबा नदी पर बना बांध शनिवार तड़के टूट गया, जिससे श्रमिकों के कई कैबिन पानी में डूब गए। इनमें श्रमिक रह रहे थे। रूस के आपातकाल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अभी तक की सूचना के मुताबिक 15 लोगों की मौत हुई है जबकि एक अलग बयान में क्षेत्रीय प्रशासन ने बताया कि 15 लोगों की मौत हुई है और 13 लापता हैं।

पेज 1 का शेष

मिठाई के डिब्बे से...

उन्होंने बताया, 'मिठाई के डिब्बे के आधार पर गुजरात पुलिस से संपर्क किया गया और एक टीम गुजरात गयी। मिठाई का डिब्बा सूरत जिले की जिस दुकान से लिया गया था, वहां आस-पास लगे सीसीटीवी के फुटेज की जांच से एक संदिग्ध फैजान यूनुस भाई (30) की पहचान की गई। इसके बाद दो अन्य संदिग्धों मौलाना मोहसिन शेख (24) और राशिद अहमद खुर्शीद (30) को भी हिरासत में ले लिया गया। तीनों सूरत के ही रहने वाले हैं।' डीजीपी ने बताया कि अभी तक की जांच में यह स्प्ष्ट हो गया है कि यह तीनों कमलेश तिवारी की हत्या के षड्यंत्र में शामिल थे। वारदात में शामिल 2 अन्य मुख्य अभियुक्तों के बारे में भी जानकारी जुटाई गयी है। गौरतलब है कि लखनऊ के घनी आबादी वाले नाका हिंडोला इलाके में शुक्रवार को कमलेश तिवारी की दिनदिहाड़े हत्या कर दी गयी थी। इससे ठीक पहले दो लोग उनसे मिलने आए थे। इस दौरान कमलेश ने अपने एक साथी को उन दोनों के लिए पान लाने भेजा था। जब वह लौटकर आया तो उसने कमलेश को खून से लथपथ हालत में पाया। हमलावर मिठाई के डिब्बे में हथियार छिपाकर लाये थे। पुलिस के मुताबिक मौके पर मिला वही डिब्बा अहम सुराग बना।

उत्तराखंड में नहीं बिकेगा गुटखा, पान मसाला

देहरादून, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

उत्तराखंड सरकार ने गुटखा जैसे पदार्थों और तंबाकू एवं निकोटिन की उच्च मात्रा वाले पान मसाला के उत्पादन, भंडारण, वितरण और बिक्री को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त नितेश कुमार झा ने शुक्रवार की शाम इस संबंध में यह आदेश जारी किया गया है।

बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के खिलाफ एफआईआर

कोलकाता, 19 अक्तूबर (एजेंसी)

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अपने एक जवान की हत्या के मामले में बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है। बीते बृहस्पतिवार बीजीबी के एक जवान ने पश्चिम बंगाल से लगती सीमा पर 'फ्लैग मीटिंग' के दौरान एके-47 से फायरिंग की थी, जिसमें विजय भान सिंह (51) की मौत हो गई थी और राजवीर यादव घायल हो गये थे। मुर्शिदाबाद के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि बीएसएफ की ओर से मिली शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया है। इस बीच, बीएसएफ के अधिकारियों ने बीजीबी के इन दावों को खारिज किया कि उसके जवान ने आत्मरक्षा में गोली चलायी। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय पक्ष की ओर से एक भी गोली नहीं चलायी गयी।

उधर, बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए विश्वास जताया है कि इसका प्रभाव दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर नहीं पड़ेगा।

सर्कुलेशन, विज्ञापन बुकिंग तथा अन्य संबंधित जानकारी हेतु कृपया निम्नांकित नंबरों पर सोमवार से शनिवार तक सुबह 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे के बीच सम्पर्क करें :
सर्कुलेशन : 0172-2670419
या ई-मेल करें : circulation@tribunemail.com
विज्ञापन :
क्लासिफाइड : 0172-2670257
या ई-मेल करें : classified@tribunemail.com
डिस्पले : 0172-2670256
या ई-मेल करें : advt@tribunemail.com

प्रकाशक व मुद्रक राजकुमार सिंह द्वारा द ट्रिब्यून ट्रस्ट की ओर से द ट्रिब्यून प्रेस, सेक्टर 29-सी, चंडीगढ़ से मुद्रित व द ट्रिब्यून, सेक्टर 29-सी, चंडीगढ़ से प्रकाशित।
कॉपीराइट © द ट्रिब्यून ट्रस्ट, सर्वाधिकार सुरक्षित।
आर.एन.आई. रजि. नंबर 32198/78.
चंडीगढ़ फोन : 2655066, 2655067, 2655068.
सर्कुलेशन : 0172-2670419, विज्ञापन : 0172-2670256-257.
संपादक : राजकुमार सिंह*
*पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु जिम्मेदार।

epaper.dainiktribuneonline.com